राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 52
लखनऊ, शनिवार 31 अक्टूबर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

डीएम ने की पाइप पेयजल परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा 10

भाजपा षड्यंत्र से विधान परिषद चुनाव जीतना चाहती थीः अखिलेश 03

सर्राफा बाजार

गोल्ड	24 कैरेट	= 1,42,410/10 ग्राम
	22 कैरेट	= 1,30,550/10 ग्राम
	18 कैरेट	= 1,06,840/10 ग्राम
चांदी		= 2,10,000/किग्रा

संक्षिप्त समाचार

जल गुणवत्ता जांच में यूपी देश में दूसरे स्थान पर

लखनऊ। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और लोगों को सुरक्षित पानी उपलब्ध कराने की दिशा में योगी सरकार के प्रयासों को महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में गांवों में फील्ड टेस्टिंग किट (एफटीके) के माध्यम से जल गुणवत्ता की जांच के मामले में उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। 27 अक्टूबर 2026 तक के आंकड़ों के मुताबिक कर्नाटक 69.32 प्रतिशत उपलब्धि के साथ पहले स्थान पर है, जबकि उत्तर प्रदेश ने 33.95 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। तमिलनाडु 28.42 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। इसके साथ ही यूपी में एफटीके जांच के जरिए 4.85 लाख महिलाओं को रोजगार भी मिला है, जिससे वह आत्मनिर्भर बन रही हैं।

अजय देवगन की हाई कोर्ट में याचिका

मुंबई। विमल पान मसाला विज्ञापन विवाद मामले में बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन और महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) आमने -सामने आ गए हैं। शुक्रवार को अजय देवगन की ओर से एफडीए द्वारा जारी नोटिस को बॉम्बे उच्च अदालत में चुनौती दी गई है। जबकि एफडीए आयुक्त तुकाराम मुंडे ने बताया कि इस मामले में एफडीए कार्रवाई करेगा। महाराष्ट्र एफडीए आयुक्त तुकाराम मुंडे ने आज मीडिया को बताया कि अजय देवगन ने बॉम्बे हाई कोर्ट का रुख किया है, जबकि विभाग अगले सप्ताह मामले में आगे की कार्रवाई शुरू करेगा। तुकाराम मुंडे ने बताया कि इस मामले में विभाग ने अपनी कार्रवाई आगे बढ़ा दी है।

एके-47 तस्करी मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बिहार के मुजफ्फरपुर में एके-47 राइफल की तस्करी से जुड़े मामले में फरार आरोपित संदीप कुमार सिन्हा को गिरफ्तार किया है। उसे 29 अक्टूबर की रात वैशाली जिले के टाउन थाना क्षेत्र से पकड़ा गया। उसके कब्जे से एक नेक्सॉन कार, मोबाइल फोन, सिम कार्ड और मेमोरी कार्ड जब्त किए गए हैं। एनआईए के अनुसार, संदीप कुमार सिन्हा पर अन्य आरोपितों के साथ मिलकर नगालैंड से बिहार में प्रतिबंधित बोर के अत्याधुनिक हथियारों, खासकर एके-47 राइफलों की तस्करी की साजिश रचने का आरोप है।

गुजरात को दो नई रेल सेवाओं की सौगात

अहमदाबाद। गुजरात में रेल कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दो नई रेल सेवाओं का शुभारंभ किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उन्होंने महेसाणा-बेचराजी-साबरमती मेमू ट्रेन और साबरमती-वाराणसी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन सेवाओं से गुजरात, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के बीच रेल संपर्क मजबूत होगा।

अमित शाह ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र, कहा

यूपी में तीसरी बार भाजपा सरकार का लक्ष्य

- अंगद के पैर की तरह मजबूत भाजपा सरकार को कोई नहीं हिला सकता
- हर बूथ पर सक्रियता और जनता से सीधा संवाद बनाने का आह्वान

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार अंगद के पैर की तरह मजबूत है, जिसे कोई हिला नहीं सकता। पार्टी कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं की नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं की पार्टी है। कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत हैं और उन्हीं के दम पर भाजपा प्रदेश में लगातार तीसरी बार प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी।

डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में आयोजित भाजपा की नवनिर्वाचित प्रदेश कार्यसमिति की पहली बैठक का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते हुए अमित शाह ने कार्यकर्ताओं से अर्जुन की तरह केवल लक्ष्य पर नजर रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अब तीसरी बार उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार बनाने का समय है। इसके लिए किसी तरह की दुविधा में रहने के बजाय पूरी ताकत से जुटना होगा।

शाह ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 1990 में रामभक्तों और कारसेवकों पर गोली चलाकर उन्हें सरयू में बहा दिया गया था। प्रदेश की जनता इसे कभी नहीं भूलेगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। उनके अनुसार, सपा सरकार के दौरान प्रदेश में अपराध, लूट, रंगदारी और दंगों की घटनाएं अधिक थीं, जबकि योगी सरकार में इनमें कमी आई है।

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 403 सीटों पर भाजपा का सीधा मुकाबला होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से वर्ष 2022 के चुनाव से बड़ी जीत का लक्ष्य लेकर जुटने का आह्वान किया। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

(संबंधित खबर पृष्ठ तीन पर)

विकास और कानून-व्यवस्था के पक्ष में जनता एकजुट

अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हुआ है। प्रदेश में सरकार बनने पर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) भी लागू की जाएगी। शाह ने दावा किया कि भाजपा लगातार चुनाव जीत रही है और अब उत्तर प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने की बारी है। केंद्रीय गृह मंत्री ने विपक्ष पर जातियों और उपजातियों में समाज को बांटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जनता विकास और मजबूत कानून-व्यवस्था के पक्ष में एकजुट है। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि जहां कम, वहां हम के मंत्र के साथ हर बूथ पर सक्रिय रहें। मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित करें और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान कराएं।

यूपी में हो रही बारिश से प्रभावितों को तत्काल राहत देने के निर्देश

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। उत्तर प्रदेश में हो रही बारिश को लेकर सरकार सतर्क है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बारिश से प्रभावितों को तत्काल राहत देने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को जारी निर्देश में कहा कि अतिवृष्टि से हुई, आर्थिक हानि, पशुहानि पर तत्काल मुआवजा दिया जाए। बारिश में जिनके घर गिरे, उन्हें तत्काल अनुमन्य मुआवजा उपलब्ध कराएं। फसल बर्बादी का तत्काल आकलन कर किसानों को यथाशीघ्र मुआवजा दें। यह भी ध्यान रखा जाए कि घर गिरने से बेघर हुए लोगों को तत्काल राहत केंद्र और शरणालय केंद्र पहुंचाएं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी फील्ड में रहकर प्रभावित परिवारों से संवाद करें। प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता तत्काल उपलब्ध कराएं।

हेलीकॉप्टर हादसे में पायलट समेत छह की मौत

- बदरीनाथ धाम से लौट रहा था हेलीकॉप्टर

एजेंसी, ज्योतिर्मठ।

उत्तराखंड के चमोली जिले में शुक्रवार को बदरीनाथ धाम से देहरादून के सहस्त्रधारा लौट रहा ट्रांस भारत एविएशन प्राइवेट लिमिटेड का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में पायलट समेत उसमें सवार सभी छह लोगों की मौत हो गई। हेलीकॉप्टर ज्योतिर्मठ तहसील के चाई गांव के ऊपर दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। सेना की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर सभी छह लोगों की मृत्यु की पुष्टि की।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी की ओर से शुक्रवार शाम 5ः30 बजे जारी प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, हेलीकॉप्टर ने बदरीनाथ धाम से देहरादून स्थित सहस्त्रधारा हेलीपैड के लिए दोपहर करीब 1ः12 बजे उड़ान भरी थी। इसके बाद करीब दो बजे ज्योतिर्मठ तहसील के चाई गांव के ऊपर पहाड़ी क्षेत्र में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिला आपदा प्रबंधन विभाग ने हेलीकॉप्टर में पायलट समेत सवार सभी छह लोगों की घटनास्थल पर ही मृत्यु होने की पुष्टि की। हादसे की सूचना मिलने के बाद जिला प्रशासन, सेना, पुलिस, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) की टीमें सक्रिय रवाना हुई थीं। सेना की नौवीं स्वतंत्र माउंटेन ब्रिगेड के अधिकारियों से प्रशासन की ओर से जारी मृतकों की सूची के अनुसार, हादसे में पायलट हिमांशु सभरवाल के अलावा यात्री अरुण सालुंके, एचएस नटराज, प्रताप बच्चिहल्ली निंगराजन, सुधीर के. और शंकरगौड़ा वीबी की मौत हुई है। पांचों यात्रियों को कर्नाटक का निवासी बताया गया है। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूसीएडीए) के अनुसार, हेलीकॉप्टर का कॉल साइन वीटी-एचसीएक्स था। उसने बदरीनाथ से सहस्त्रधारा के लिए उड़ान भरी थी। जोशीमठ घाटी के ऊपर उड़ान के दौरान उसका संपर्क टूट गया और ट्रैकिंग सिस्टम भी उसकी स्थिति का पता नहीं लगा पाया। सूचना मिलते ही भारतीय सेना, चमोली जिला प्रशासन और राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) की टीमें खोज एवं बचाव अभियान के लिए रवाना की गईं। एहतियात के तौर पर यूसीएडीए ने ट्रांस भारत एविएशन के सभी हेलीकॉप्टरों की उड़ानों पर रोक लगा दी थी। बाद में सेना की टीम ने ज्योतिर्मठ तहसील के चाई गांव के पास दुर्घटनास्थल पर पहुंचकर हेलीकॉप्टर में सवार पायलट समेत सभी छह लोगों की मौत की पुष्टि की।

दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच के निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जिले में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में हुई जनहानि पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हादसे के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जाए। साथ ही जिला प्रशासन को प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने और आवश्यक राहत एवं अन्य व्यवस्थाएं तत्परता से सुनिश्चित करने को कहा है।

प्रदेश में आंधी-बारिश का अलर्ट

- आठ जिलों में ओले गिरने की आशंका
- पूर्वांचल में भारी बारिश के आसार
- 50 किमी की रफ्तार से चलेंगी हवाएं

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश में मौसम ने फिर करवट ली है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को प्रदेश के कई जिलों में आंधी, बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। पश्चिमी यूपी के आठ जिलों में ओले गिरने, जबकि पूर्वांचल में भारी से बहुत भारी बारिश के आसार हैं। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महराजगंज और कुशीनगर में भारी से बहुत भारी बारिश की आशंका है। लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, अयोध्या, गोंडा, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, देवरिया, बलिया, मऊ, आजमगढ़ और अंबेडकरनगर में भी गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है।

सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मेरठ, बागपत, मुरादाबाद और रामपुर में ओले गिरने की चेतावनी है। वहीं लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, जौनपुर, गाजीपुर, उन्नाव, हरदोई, कन्नौज, फर्रुखाबाद, शाहजहांपुर, पीलीभीत, बरेली, बदायूं, अलीगढ़, बुलंदशहर, संभल, नोएडा, गाजियाबाद और हापुड़ में भी बारिश हो सकती है।

बेमौसम बारिश से धान की तैयार फसल और खुले में रखी उपज को नुकसान पहुंचने की आशंका है। तेज हवाओं और ओलावृष्टि से खड़ी फसलें भी प्रभावित हो सकती हैं। मौसम विभाग ने लोगों को आंधी और बिजली चमकने के दौरान खुले मैदानों व पेड़ों से दूर रहने तथा किसानों को कटी फसल सुरक्षित स्थानों पर रखने की सलाह दी है।

तीन से पांच डिग्री तक गिरेगा तापमान

बारिश और तेज हवाओं से अगले 24 घंटों में अधिकतम तापमान तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। 31 अक्टूबर को भी कई जिलों में बारिश के आसार हैं। एक नवंबर से मौसम में सुधार और पश्चिमी यूपी में शुष्क मौसम की उम्मीद है। पूर्वांचल में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

यूपी के 2.24 करोड़ किसानों को 11,842 करोड़ की सम्मान निधि

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के बनासकांठा से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त जारी की। इसमें देश भर के 9.34 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 18,690 करोड़ रुपये भेजे गए। उत्तर प्रदेश के 2.24 करोड़ से अधिक किसान इससे लाभान्वित हुए, जिनके खाते में 4482.19 करोड़ रुपये की 'सम्मान निधि' आई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर पोस्ट कर दीपावली से पहले इस उपहार के लिए किसानों की तरफ से प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के खाते में हस्तांतरित हुई। इसमें पात्र किसान परिवार के एक सदस्य को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता दो-दो हजार रुपये की तीन किस्तों में प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 24 फरवरी 2019 को गोरखपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरुआत की थी।

राज्यसभा के पूर्व सदस्य समाजसेवी व उद्योगपति आरके सिन्हा का निधन

समृद्धि न्यूज, नोएडा। राज्यसभा के पूर्व सदस्य, भाजपा के वरिष्ठ नेता, समाजसेवी तथा देश के प्रसिद्ध उद्योगपति आरके सिन्हा का शुक्रवार को नोएडा के सेक्टर 92 स्थित आवास पर निधन हो गया। शहर के कई बड़े नेता और समाजसेवी श्रद्धांजलि देने उनके घर पहुंचे। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा। पूर्व राज्यसभा सांसद की सहयोगी रहीं रत्ना सिन्हा ने बताया कि आरके सिन्हा वर्ष 2025 के जनवरी माह में ब्रेन स्ट्रोक से ग्रसित हो गए थे। उन्हें उपचार के लिए सिंगापुर ले जाया गया था। वहां उपचार के बाद नोएडा के सेक्टर 92 स्थित आवास पर रहने आ गए थे, जहां शुक्रवार सुबह उनका निधन हो गया।

मेफेड्रोन फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

- गुलाब जल की आड़ में चल रही थी फैक्ट्री
- 1100 किलो से अधिक ड्रग्स व रसायन बरामद

उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में गुलाब जल बनाने की आड़ में संचालित अवैध मेफेड्रोन ड्रग्स फैक्ट्री का राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) और यूपी एटीएस की संयुक्त टीम ने भंडाफोड़ किया है। उरई क्षेत्र के एरी रामपुरा गांव में 29 अक्टूबर को की गई छापेमारी के दौरान करीब 1102.88 किलोग्राम ड्रग्स, अर्धनिर्मित पदार्थ और रसायन बरामद किए गए। इस कार्रवाई में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। बरामद सामग्री की कीमत विभिन्न रिपोर्टों में 200 से 300 करोड़ रुपये के बीच बताई गई है।

डीआरआई के अनुसार, खुफिया सूचना के आधार पर टीम ने गांव में संचालित परिसर पर छापा मारा। तलाशी के दौरान वहां सिंथेटिक नशीले पदार्थ बनाने के लिए पूरी तरह से व्यवस्थित प्रयोगशाला मिली। मौके से करीब 184 किलोग्राम अर्धनिर्मित ड्रग्स और 582.2 किलोग्राम रसायन व निर्माण उपकरण बरामद किए गए।

इसके बाद आरोपितों के आवासों पर भी तलाशी ली गई। एक स्थान से 15.44 किलोग्राम तैयार मेफेड्रोन, 152.94 किलोग्राम रसायन और निर्माण में इस्तेमाल होने वाली मशीन बरामद हुई। दूसरे परिसर से 168.3 किलोग्राम रसायन जब्त किए गए। इस तरह कुल बरामदगी 1102.88 किलोग्राम रही।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान जालौन निवासी हेमेंद्र कुशवाह और महाराष्ट्र निवासी संतोष कुमार के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। जांच एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि फैक्ट्री में इस्तेमाल होने वाले रसायन कहां से मंगाए जा रहे थे और तैयार नशीले पदार्थों की आपूर्ति किन स्थानों पर की जानी थी। इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

वाराणसी-दिल्ली के बीच दौड़ेगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

समृद्धि न्यूज, वाराणसी। वाराणसी और नई दिल्ली के बीच चलने वाली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शनिवार को पटरी पर दौड़ने को तैयार है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संयुक्त रूप से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसी दिन वाराणसी से जुड़ी दो मेमू ट्रेन सेवाओं का भी शुभारंभ किया जाएगा।
वाराणसी के बनारस रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर आठ पर शनिवार को दोपहर 3:30 बजे उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित होगा। वाराणसी के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) आशीष जैन ने शुक्रवार को बताया कि नई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में यात्रियों की सुविधा और आराम को ध्यान में रखते हुए स्लीपर बर्थ की व्यवस्था की गई है।

शहजाद भट्टी नेटवर्क से जुड़े 4 युवक गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

- यूपी एटीएस ने एक नाबालिग समेत चार युवकों को पकड़ा

उत्तर प्रदेश की आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने प्रतिबंधित संगठन शहजाद भट्टी नेटवर्क (एसबीएन) से जुड़े चार संदिग्ध युवकों को पकड़ा हैं। इनमें एक नाबालिग है। ये सभी पंजाब के रहने वाले हैं। ये लोग सेना या फिर पुलिस के किसी प्रतिष्ठान पर हमला करने की फिराक में थे।

अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था अमिताभ यश ने शुक्रवार को बताया कि एटीएस को सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित संगठन एसबीएन का सक्रिय सदस्य राना भाई के कहने पर गगनदीप, रजत कुमार, क्रिश और नाबालिग युवक किसी घटना को अंजाम देने के लिए लखनऊ आ रहे हैं। एटीएस ने चारों को पकड़ लिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वह पाकिस्तान में बैठे रानाभाई के लिए काम करते हैं। उनको लखनऊ में किसी फौजी या पुलिस के बंदे को मारने का टास्क दिया गया था।

मारने के बाद उसकी वीडियो बनाकर भेजने को भी कहा था। इसी टारगेट को पूरा करने के लिए वह लोग अमृतसर से दिल्ली होते हुए 29 अक्टूबर की रात लखनऊ पहुंचे थे। राना भाई के कहने पर इन लोगों ने लखनऊ रेलवे स्टेशन की फोटो व वीडियो बनाकर उन्हें भेजा था। अभियुक्तों ने यह भी बताया कि उन्हें यह कहकर लखनऊ भेजा गया था कि उन्होंने पाकिस्तान से ही असलहे और कारतूस भेजे हैं। लखनऊ में एक बंदा मिलेगा जो उन्हें यह असलहा और कारतूस उपलब्ध कराएगा। खर्चा पानी के लिए उन्हें पैसे भी भेजे गए थे। टारगेट किलिंग के बाद उनको 03 लाख रुपये देने का वादा किया गया था। टारगेट किलिंग को अंजाम देने के बाद इन्हें पुलिस से बचने और मौज मस्ती के लिए नेपाल जाने के लिए कहा गया था। एडीजी ने बताया कि गिरफ्तार लड़कों के फोन में वर्चुअल नंबर से एक्टिव व्हाट्सएप अकाउंट से विदेशी नंबर पर चैट होना पाया गया है। मोबाइल के प्राथमिक अवलोकन से इनके फोन मे कई संदिग्ध चैट, वीडियो और संवेदनशील प्रतिष्ठानों की रेकी कर उनकी लोकेशन, पाकिस्तानी हैंडलर को भेजा जाना पाया गया।

सुविधा | दीपावली-छठ पर राज्य सरकार का तोहफा, 17 नवंबर तक होगा विशेष बस संचालन

12 दिन तक चलेंगी अतिरिक्त रोडवेज बसें

- चालक-परिचालकों को 400 रुपये प्रतिदिन प्रोत्साहन राशि भी मिलेगी
- यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा पर जोर, बस अड्डों पर मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश सरकार दीपावली और छठ पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष परिवहन व्यवस्था करने जा रही है। त्योहारों पर घर जाने वाले लोगों को बसों की कमी का सामना न करना पड़े, इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) अतिरिक्त बसों का संचालन करेगा। छह नवंबर से 17 नवंबर तक अधिक से अधिक बसें चलाने के निर्देश दिए गए हैं। खासतौर पर दिल्ली और दूसरे महानगरों से पूर्वांचल जाने वाले यात्रियों के लिए बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

सरकार का जोर त्योहारों के दौरान लोगों को सुरक्षित, सुविधाजनक और सुगम यात्रा उपलब्ध कराने पर है। छठ पर्व के दौरान पूर्वांचल के बड़ी संख्या में लोग दिल्ली, गाजियाबाद और अन्य महानगरों से अपने घर लौटते हैं। यात्रियों की इस बढ़ती संख्या को देखते हुए परिवहन निगम ने विशेष तैयारी शुरू कर दी है।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने निर्देश दिए हैं कि दिल्ली से पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए पर्याप्त संख्या में बसें चलाई जाएं। इसके अलावा लखनऊ और कानपुर के लिए भी अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की जाए। पूर्वी उत्तर प्रदेश से गाजियाबाद, दिल्ली और पश्चिमी क्षेत्रों की ओर जाने वाले यात्रियों की संख्या अधिक होने पर वहां से भी अतिरिक्त बसें संचालित की जाएंगी। इसके लिए 60 प्रतिशत से अधिक यात्री मिलने पर अतिरिक्त सेवाएं शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि प्रोत्साहन अवधि में निगम की सभी बसों को शत-प्रतिशत सड़क पर उतारा जाए। इसके लिए बसों की मरम्मत, जरूरी कलपुर्जों और अन्य संसाधनों की उपलब्धता पहले से सुनिश्चित करने को कहा गया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि किसी भी स्थिति में अनफिट बसों का संचालन नहीं किया जाएगा।

दिल्ली से गोरखपुर, वाराणसी व अयोध्या के लिए बढ़ेंगी बसें

त्योहारों पर यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली से लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या और कानपुर के लिए अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। इसके साथ ही गाजियाबाद, मुरादाबाद, मेरठ, बरेली, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ़ और इटावा क्षेत्रों के लिए भी बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। क्षेत्रीय प्रबंधक यात्रियों की मांग के अनुसार बसों की संख्या घटा या बढ़ा सकेंगे। भैयादूज पर स्थानीय और आस-पास के जिलों में यात्रियों की संख्या बढ़ने को देखते हुए क्षेत्रीय अधिकारियों को विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे त्योहार के दौरान स्थानीय स्तर पर भी लोगों को आवागमन में परेशानी नहीं होगी।

बेमौसम बारिश से किसानों की मेहनत पर फिरा पानी

- धान की फसल भीगी; नुकसान की आशंका
- खेतों में कटी पड़ी फसल व खलिहानों में लगे ढेर पर संकट
- कटाई-मड़ाई प्रभावित होने की आशंका

समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।

महीनों की मेहनत, हजारों रुपये की लागत और अच्छी पैदावार की उम्मीद के बीच बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। शुक्रवार सुबह से रुक-रुककर हो रही बारिश से खेतों में पककर खड़ी धान की फसल के साथ कटाई के बाद खेतों में सूखने के लिए छोड़ी गई उपज भी भीग गई। खलिहानों में रखी धान की फसल पर भी संकट मंडरा रहा है। ऐसे में किसानों को उपज खराब होने और आर्थिक नुकसान का डर सताने लगा है। पहले हुई बारिश की मार झेल चुके किसानों की मुश्किलें दोबारा बढ़ गई हैं।

तहसील क्षेत्र के बनीकोडर, वजीउद्दीनपुर, मालिनपुर, दयारामपुरवा, मुरारपुर, शीतलपुर, शाहपुर, इटहुआ, इब्राहिमाबाद, जमोली, अलागनी, दुल्हदेपुर, ढिकुलिहा, भेंदुवा बहरेला, महुलारा, जेठवानी और भेंदुवा ब्राह्मण समेत कई गांवों में बारिश का असर दिखाई दिया। कहीं धान की फसल खेतों में पककर खड़ी है तो कहीं कटाई के बाद खेतों में सूखने के लिए रखी गई है। कई किसानों ने उपज को खलिहानों में इकट्ठा कर रखा है।

बारिश से भीगी फसल को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है। लगातार नमी बनी रहने से धान के दानों की गुणवत्ता प्रभावित होने, फसल में खराबी आने और उपज का उचित मूल्य मिलने में परेशानी होने की आशंका है। वहीं खेतों में पानी और नमी के कारण कटाई, सुखाई और मड़ाई का काम भी प्रभावित हो सकता है। उड़द की फसल को भी नुकसान पहुंचने का अंदेशा है।

पहले भी नुकसान, अब दोबारा बढ़ी परेशानी

किसान मान सिंह, अरविंद यादव, नानकू अवस्थी, शिवशंकर तिवारी, धर्मेंद्र तिवारी, अजय चौरसिया, मुकेश कुमार और रामनेवाज समेत अन्य किसानों का कहना है कि पहले हुई बारिश से भी फसलों को काफी नुकसान पहुंचा था। इसके बावजूद किसानों ने बची हुई उपज को सुरक्षित घर तक पहुंचाने की उम्मीद नहीं छोड़ी थी। अब दोबारा बारिश होने से उनकी चिंता बढ़ गई है। किसानों के सामने सबसे बड़ी चुनौती खेतों में खड़ी और कटी हुई फसल को सुरक्षित बचाने की है। फसल खराब होने की स्थिति में उन्हें लागत निकालने और परिवार की जरूरतें पूरी करने में भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

मौसम में ठंडक, किसानों की बढ़ी चिंता

बारिश के बाद मौसम में ठंडक आ गई और तापमान में गिरावट से लोगों को गर्मी से राहत मिली। लेकिन किसानों के लिए यही बारिश परेशानी का कारण बन गई है। महीनों की मेहनत से तैयार फसल पर संकट मंडराने से किसान मौसम साफ होने की उम्मीद लगाए बैठे हैं, ताकि भीगी उपज को सुखाकर जल्द से जल्द सुरक्षित किया जा सके।

निंबहा धाम में श्रीराम कथा महोत्सव शुरू

- जय श्रीराम के जयघोष संग निकली भव्य कलश यात्रा

समृद्धि न्यूज देवीगंज (बाराबंकी)।

निंबहा धाम स्थित काली माता मंदिर से शुक्रवार को श्रीराम कथा महोत्सव के शुभारंभ पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। हजारों श्रद्धालु जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए देवीगंज से भिटरिया होते हुए रामसनेहीघाट पहुंचे। यहां रामसनेही बाबा धाम में दर्शन-पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने कल्याणी माता मंदिर और नदी तट पर विधि-विधान से पूजा कर पवित्र जल भरा। इसके बाद कलश लेकर कथा स्थल लौटे।

सात दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव में अयोध्या धाम के कथाव्यास सत्यभान जी महाराज श्रद्धालुओं को कथा सुनाएंगे। प्रतिदिन शाम सात से रात 11 बजे तक कथा होगी। कथा के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और जीवन चरित्र का वर्णन किया जाएगा।

श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ उमड़े श्रद्धालु

हैदरगढ़, बाराबंकी। कस्बे के ब्रह्मानन्द वार्ड में शुक्रवार से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुरू हुआ। कथा के पहले दिन व्यास पीठ से पंडित अजय शास्त्री ने भागवत महात्म्य के साथ भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के प्रसंग सुनाए। उन्होंने कहा कि भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य के जीवन में कल्याण और मानसिक शांति आती है। इससे पूर्व कथा स्थल से अवसानेश्वर महादेव मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन व जयकारों के साथ भाग लिया। मुख्य यजमान प्रेमचंद तिवारी और उनकी पत्नी शकुंतला देवी ने विधि-विधान से पूजन कर कथा का शुभारंभ कराया।

खबरें एक नजर में

ऑटो की टक्कर से वृद्ध के मौत

फतेहपुर बाराबंकी। फतेहपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर आलू लदे ऑटो की टक्कर से 77 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई।हादसा दिकोलिया गांव के पास फतेहपुर-रामनगर मार्ग पर हुआ। बड़का सड़क पार कर रहे थे।जानकारी के अनुसार बड़का पुत्र राम अवतार, दिकोलिया गांव के रहने वाले थे। शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे वह खांसी सराय से पैदल घर लौट रहे थे इसी दौरान फतेहपुर से रामनगर जा रहे ऑटो ने उन्हें टक्कर मार दी।हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने बड़का को उसी ऑटो से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर पहुंचाया।वहां डॉ अवधेश कुमार ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।परिवार के मुताबिक, बड़का अपने परिवार में सबसे बड़े थे। उनके दो छोटे भाई छोटका और नौमी लाल हैं। वह अपने भतीजे सुनील के साथ रहते थे।हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है।

कल्याणी नदी में मिला कई दिन पुराना अज्ञात शव

रामसनेहीघाट (बाराबंकी)। कोतवाली रामसनेहीघाट क्षेत्र के शुक्लनपुर गांव के पास शुक्रवार को कल्याणी नदी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव उतराता मिला। शव कई दिन पुराना होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया। चौकी प्रभारी अश्वनी प्रताप सिंह ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की। कोतवाल दयाशंकर द्विवेदी के अनुसार, प्रथम दृष्टया आशंका है कि शव किसी दूसरी जगह से बहकर नदी में आया है। मृतक की पहचान के लिए उसकी तस्वीर आसपास के थानों और गांवों में भेजी गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

तालाब में मिला अज्ञात युवक का शव

बेलहरा, बाराबंकी। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के छेदा गांव में शुक्रवार सुबह खंता तालाब में करीब 28 वर्षीय अज्ञात युवक का शव उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। मृतक ने पीली टी-शर्ट और नीले रंग का लोअर पहन रखा था। ग्रामीणों के अनुसार, युवक करीब चार दिन पहले सड़क पर घूमता दिखाई दिया था। आशंका है कि नशे की हालत में तालाब में गिरने से उसकी डूबकर मौत हुई होगी। हालांकि, मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पहचान कराने का प्रयास शुरू कर दिया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

हैदरगढ़, बाराबंकी। नेशनल हाईवे-731 पर ग्रामांचल महाविद्यालय के पास शुक्रवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार रामदेव रावत उर्फ दयाराम (25) गंभीर रूप से घायल हो गए। वह गोतौना गांव के निवासी हैं और हैदरगढ़ से घर लौट रहे थे। घायल को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अनिल पांडेय ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

बैंकों व वित्तीय संस्थानों में चला चकिंग अभियान

बलरामपुर। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए पुलिस ने जिले के बैंकों, डाकघरों और जनसेवा केंद्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। एसपी मार्तंड प्रकाश सिंह के निर्देश पर चले अभियान में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की गई। पुलिस टीमों ने बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों से सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली और सीसीटीवी कैमरों, फायर अलार्म सहित अन्य उपकरणों की कार्यशीलता परखी। लोगों को साइबर ठगी से बचने और सुरक्षित बैंकिंग के उपाय अपनाने के प्रति जागरूक किया गया। बैंक ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल अधिकारियों को देने के निर्देश दिए गए।

बिजली के पोल से तार काटते तीन गिरफ्तार

बहराइच। खैरीघाट थाना क्षेत्र के इमामगंज नहर के पास टूटे बिजली के पोल से तार काटकर ले जा रहे तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से करीब 300 मीटर एल्युमिनियम तार और काटने के औजार बरामद हुए हैं। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह के अनुसार, शुक्रवार दोपहर नकेहा गांव के मनोज कुमार, मोनू कुमार और मोहम्मद आसिफ उर्फ शेरू को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई उपनिरीक्षक कवींद्र नाथ सिंह और पुलिस टीम ने की। पुलिस ने बताया कि तीनों को न्यायालय भेज दिया गया है। मनोज के खिलाफ पहले से आठ मुकदमे दर्ज हैं, जबकि अन्य दोनों पर एक-एक मुकदमा दर्ज है।

प्रसाद वितरण के साथ राम कथा का समापन

समृद्धि न्यूज हैदरगढ़ बाराबंकी।

मनोकामना हनुमान मंदिर के समीप आयोजित श्रीराम कथा का शुक्रवार को समापन हो गया।

अंतिम दिन अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक देवी ऋचा मिश्रा ने राम-रावण युद्ध, रावण वध और श्रीराम के राज्याभिषेक के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीराम का जीवन माता-पिता की आज्ञा, त्याग और सत्य के मार्ग पर चलने की सीख देता है।

कथा के समापन पर भव्य आरती व प्रसाद वितरण हुआ, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। कार्यक्रम के आयोजक दीन दयाल बाजपेयी ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर चेयरमैन आलोक तिवारी, अरुण शुक्ला, आदर्श त्रिपाठी, विनोद चौहान, राजन त्रिवेदी, विभु चौहान ओम प्रकाश चौहान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

देवा मेले में नौनिहालों ने बिखेरी नृत्य, संगीत व अभिनय की छटा

- विद्यार्थियों ने दिखवाई प्रतिभा, विजेता टीमें सम्मानित

समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।

देवा मेला एवं प्रदर्शनी-2026 के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को देवा ऑडिटोरियम में बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में समूह नृत्य, एकल गायन एवं एकांकी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न विकासखंडों के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों, प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं मत्स्य विभाग के कार्यकारी अधिकारी अच्छेलाल निषाद की अध्यक्षता में हुआ। नन्हे कलाकारों ने मनमोहक नृत्य, मधुर गायन और जीवंत अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया। उनकी प्रस्तुतियों पर ऑडिटोरियम तालियों से गूंज उठा।

समूह नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में कंपोजिट विद्यालय उमापुर संदौली, विकासखंड बंकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय फतेहपुर दूसरे तथा प्राथमिक विद्यालय हेमपुरवा, विकासखंड निंदूरा तीसरे स्थान पर रहा।

प्रतियोगिताओं के मूल्यांकन के लिए राज्य संसाधन समूह के सदस्य अवधेश कुमार पांडेय, पद्मजा त्रिपाठी और जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी निर्णायक मंडल में शामिल रहे। निर्णायकों ने प्रस्तुति, कला-कौशल, भावाभिव्यक्ति और सामूहिक समन्वय के आधार पर परिणाम घोषित किए। समापन अवसर पर मेला कमेटी की सदस्य रानी साहिबा श्रीमती मृणालिनी जी ने विजेता टीमों को सम्मानित किया। समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 7,500 रुपये, द्वितीय को 5,100 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 3,500 रुपये की पुरस्कार राशि के प्रतीकात्मक डेमो चेक प्रदान किए गए।

इस अवसर पर मृणालिनी जी ने विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी ने किया। इस दौरान लेखपाल शिवेंद्र, अभिषेक सिंह, विपिन कुमार, मनोज चौधरी सहित शिक्षक एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

युवा महोत्सव में एमपीयू का जलवा

- नुक्कड़ नाटक में प्रथम, लोक नृत्य में दूसरा स्थान
- मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में लेंगी भाग

समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।

जनपद स्तरीय युवा महोत्सव में मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। नुक्कड़ नाटक में प्रथम और लोक नृत्य में द्वितीय स्थान हासिल कर विश्वविद्यालय की टीमों ने जिले में अपनी अलग पहचान बनाई। नुक्कड़ नाटक में मिली जीत के बाद टीम अब दो नवंबर को गोंडा में आयोजित होने वाली मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रभावशाली अभिनय और सामाजिक संदेश से निर्णायकों को प्रभावित किया। टीम में अर्पिता, रेहान, जिज्ञासा, पलक, सतीश, आर्यन, आशक्ति, पूर्णिमा, स्नेहा और मीनाक्षी शामिल रहे। वहीं, लोक नृत्य प्रतियोगिता में छात्राओं ने पारंपरिक लोक संस्कृति की मनमोहक प्रस्तुति देकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस टीम में अपर्णा द्विवेदी, प्रदक्षिणा शुक्ला, प्राची त्रिपाठी और शीतल त्रिपाठी ने भाग लिया। संगतकार के रूप में आर्यन, नितेश यादव और रेहान ने सहयोग दिया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. शिवम सिंह ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह सफलता उनकी मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भी विश्वविद्यालय की टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी। कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। उन्होंने आगामी प्रतियोगिता में सफलता के लिए टीम को शुभकामनाएं दीं।

लापता मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

समृद्धि न्यूज, बलरामपुर। सादुल्लानगर पुलिस ने घर से नाराज होकर निकले मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक को ग्राम गुलजारपुर से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। युवक के पिता ने पुलिस के प्रति आभार जताया। जानकारी के अनुसार, जिगनी निवासी काशीराम का 29 वर्षीय पुत्र 28 अक्टूबर को घर से लापता हो गया था। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला तो पिता ने 30 अक्टूबर को सादुल्लानगर थाने में सूचना दी। थाना प्रभारी सत्येंद्र वर्मा के निर्देश पर उपनिरीक्षक दुर्गेश तिवारी और कांस्टेबल प्रेम कुमार व सोम कुमार की टीम ने तलाश कर युवक को गुलजारपुर से खोज निकाला।

शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

- अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई के दिये निर्देश

समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।

पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, धोखाधड़ी, साइबर फ्रॉड और महिला उत्पीड़न से जुड़ी शिकायतें आईं। एसपी ने अधिकारियों और थाना प्रभारियों से गूगल मीट के माध्यम से संवाद कर प्रभावी व विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। भूमि विवादों में राजस्व विभाग के साथ समन्वय कर थाना समाधान दिवस पर मौके पर जांच कराने के निर्देश दिए।

महिला उत्पीड़न के मामलों में तत्काल कार्रवाई और मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करने पर जोर दिया। साइबर फ्रॉड की शिकायतों पर 24 घंटे के भीतर पीड़ितों से संपर्क कर कार्रवाई शुरू करने को कहा। एसपी ने चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

महिला की चेन छीनकर भागने का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

समृद्धि न्यूज, बहराइच।

महिला के गले से सोने की चेन छीनकर भागने के आरोपी को दरगाह शरीफ थाना पुलिस और स्वॉट-सर्विलांस टीम ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से छीनी गई चैन, वारदात में इस्तेमाल होंडा यूनिकॉर्न बाइक और मोबाइल फोन बरामद किया है।

पुलिस के मुताबिक प्रयागराज निवासी राजकुमारी पत्नी वरुण अरोरा फिलहाल शहर के रायपुर राजा इलाके में रहती है। 4 अक्टूबर 2026 की शाम करीब 7-52 बजे बाइक सवार युवक उनके गले से करीब 7 ग्राम की सोने की चेन छीन कर फरार हो गया था। राजकुमारी की शिकायत पर दरगाह शरीफ थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर दरगाह शरीफ पुलिस और स्वॉट-सर्विलांस की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान की गई।

पुलिस के अनुसार 30 अक्टूबर की सुबह करीब 10 बजे मालगोदाम रोड से रेलवे स्टेशन जाने वाले रास्ते पर चेकिंग के दौरान विष्णु कुमार यादव (30) को गिरफ्तार किया गया। वह हुजूरपुर थाना क्षेत्र के सिरौला टेपरा गांव का निवासी है। उसके पिता का नाम तेज कुमार यादव है। तलाशी के दौरान उसके पास से छीनी गई पीली धातु की चेन, होंडा यूनिकॉर्न बाइक और मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया। कार्रवाई में थानाध्यक्ष अमितेंद्र सिंह के नेतृत्व में दरगाह थाने की पुलिस और स्वॉट-सर्विलांस टीम शामिल रही।

अधिवक्ता को कार से टक्कर मारने का आरोपी गिरफ्तार

- गिरफ्तारी न होने पर जेल भरो आंदोलन का किया था ऐलान

समृद्धि न्यूज, बहराइच।

अधिवक्ता अखिलेश त्रिपाठी को फॉर्च्यूनर से टक्कर मारने के आरोपी मनीष जायसवाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अधिवक्ता संघ ने गिरफ्तारी नहीं होने पर शनिवार से जेल भरो आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया था।

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि 23 अक्टूबर को अखिलेश त्रिपाठी पयागपुर इलाके के कटेल गांव से कोर्ट जा रहे थे। इसी दौरान देहात कोतवाली इलाके में मनीष ने फॉर्च्यूनर से उन्हें टक्कर मारने की कोशिश की। इस घटना में अखिलेश का हेलमेट टूट गया और वह घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में जानलेवा हमले और मारपीट की धाराओं 109 और 352 के तहत केस दर्ज किया गया था।

गिरफ्तारी नहीं होने पर अधिवक्ताओं ने बुधवार को आक्रोश मार्च निकाला और नारेबाजी की। उन्होंने शनिवार से जेल भरो आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी थी। अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि पुलिस ने मनीष जायसवाल को बहराइच लखनऊ हाईवे से गिरफ्तार किया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

एनएसएस ने निकाली नशामुक्ति के लिए साइकिल रैली

- छात्रों ने नशा मुक्त रहने का संदेश देते हुए निकाली रैली

समृद्धि न्यूज, बहराइच।

गायत्री विद्यापीठ पी.जी. कॉलेज, रिसिया में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम एवं साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे की बढ़ती प्रवृत्ति से दूर रहने के लिए प्रेरित करना तथा स्वस्थ, जागरूक और सशक्त भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। शुक्रवार को मौसम के खराब और बारिश होने के बावजूद छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करते हुए कार्यक्रम के दौरान साइकिल यात्रा के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने समाज को नशामुक्ति का संदेश दिया। प्रतिभागियों ने लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की अपील की। इस अवसर पर प्रोफेसर दया राम यादव ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। यदि युवा नशे से मुक्त रहकर शिक्षा, स्वास्थ्य, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी को अपने जीवन का आधार बनाएं, तो विकसित भारत का सपना साकार हो सकता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. डी. तिवारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में बाधक है।

युवाओं को स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ समाज में भी इसके प्रति जागरूकता फैलानी चाहिए। प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया जो महाविद्यालय से सिसई चौराहा तक यात्रा तय किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुकेश चंद्र श्रीवास्तव और डॉ आशुतोष त्रिपाठी ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनएसएस का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना, सेवा भावना और राष्ट्रीय दायित्वबोध विकसित करना है। साइकिल यात्रा इसी दिशा में एक सार्थक पहल है। इस अवसर पर प्रोफेसर डी. आर. यादव, डॉ. सुभाषचंद्र, डॉ. मिथलेश कुमार चौधरी, डॉ. पवन कुमार वर्मा, डेविड पाण्डे, उमेश वर्मा, हीरालाल मिश्रा, डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव ईडीपी प्रमुख, नन्दन श्रीवास्तव, रिकेश्वर विश्वकर्मा, रवींद्र श्रीवास्तव एवं सत्यम सिंह सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि नशामुक्त युवा ही स्वस्थ समाज और विकसित भारत की मजबूत नींव हैं।

पीईटी परीक्षा केंद्रों का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

- नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए व्यवस्थाओं का लिया जायजा

समृद्धि न्यूज, बहराइच।

प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) के पहले दिन शुक्रवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय और पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने महिला पीजी कॉलेज, तारा महिला इंटर कॉलेज और किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में व्यवस्थाएं देखीं।

निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कंट्रोल रूम, परीक्षा कक्षों और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। डीएम ने केंद्र व्यवस्थापकों और ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखने और महत्वपूर्ण गतिविधियों की वीडियोग्राफी कराने को कहा। परीक्षा केंद्रों के आसपास भीड़ रोकने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए गए।

जनपद के 18 केंद्रों पर 31 अक्टूबर को भी दो पालियों में पीईटी परीक्षा आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे और दूसरी पाली दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक चलेगी।

सिंचाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन मोटरसाइकिल भत्ते की मांग

समृद्धि न्यूज, बहराइच।

सिंचाई संघ उत्तर प्रदेश ने नलकूप चालकों, सींचपालों और सींच पर्यवेक्षकों की लंबित समस्याओं को लेकर शुक्रवार को प्रदर्शन किया। संघ पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के माध्यम से मुख्यमंत्री, जलशक्ति मंत्री और मुख्य सचिव को संबोधित 22 सूत्रीय मांगपत्र शासन को भेजा।

संघ ने कहा कि कर्मचारियों की सेवा नियमावलियों में करीब 60 वर्ष से संशोधन नहीं हुआ है। निर्धारित जिम्मेदारियों से अधिक काम लिया जा रहा है और कर्मचारियों की कमी के कारण कार्यभार बढ़ रहा है। कई कर्मचारियों को प्रतिदिन 40 से 50 किलोमीटर तक अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है, लेकिन इसके लिए मोटरसाइकिल भत्ता या अन्य सुविधा नहीं दी जा रही है। कर्मचारियों ने समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।

बाजारों की रोशनी में दिखता व्यापारियों का विश्वास : योगी

▸ 2017 से पहले अपराध के डर से शाम होते ही सिमट जाता था व्यापार

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2017 के पश्चात रात में जगमगाते बाजारों को व्यापारी के विश्वास का प्रकाश बताया है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर पूर्ववर्ती सरकार की कार्यपद्धति पर सवालिया निशान खड़ा किया।

उन्होंने कहा कि 2017 से पहले अपराध और असुरक्षा के कारण सूर्यास्त के साथ व्यापारिक गतिविधियां सीमित होने लगती थीं।

मातृशक्ति का आत्मविश्वास समाज की प्रगति का प्रतीक

मुख्यमंत्री ने लिखा कि आज नए उत्तर प्रदेश में रात्रि के समय जगमगाते बाजारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की रोशनी केवल व्यापार की नहीं, बल्कि व्यापारी के विश्वास का प्रकाश भी है। नाइट शिफ्ट में अपने कार्यस्थल पर निर्भय होकर दायित्व निभाती हमारी मातृशक्ति का आत्मविश्वास केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे समाज की प्रगति का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सुरक्षा और विश्वास का यह वातावरण उत्तर प्रदेश में सदैव नहीं था। वर्ष 2017 से पहले अपराध और असुरक्षा के कारण सूर्यास्त के साथ व्यापारिक गतिविधियां सीमित होने लगती थीं। देर रात तक कार्य करने वाली महिलाओं की सुरक्षा को लेकर परिवारों में चिंता बनी रहती थी।

डबल इंजन सरकार ने बदली परिस्थिति

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार ने इस परिस्थिति को बदला। अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ किया एवं महिला सुरक्षा को प्राथमिकता दी। आज बाजार रात में भी खुले रहते हैं। व्यापारियों को व्यवसाय के विस्तार के नए अवसर मिल रहे हैं और हमारी बेटियां सुरक्षित वातावरण में अपनी प्रतिभा एवं परिश्रम से आगे बढ़ रही हैं।

सुरक्षा से समृद्धि की ओर अग्रसर नया उत्तर प्रदेश

मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2017 में प्रदेश की महिला श्रम बल भागीदारी लगभग 13 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 36 प्रतिशत हो चुकी है। यह मातृशक्ति के बढ़ते आत्मविश्वास, आर्थिक सामर्थ्य और स्वावलंबन की सशक्त अभिव्यक्ति है। यह सुरक्षा से समृद्धि की ओर अग्रसर नए उत्तर प्रदेश की नई पहचान है।

सील अस्पतालों के नाम बदलने व अवैध वसूली पर सख्ती

▸ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एक सप्ताह में मांगी जांच रिपोर्ट

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे उन वीडियो और खबरों का गंभीरता से संज्ञान लिया है जिनमें लखनऊ, कानपुर और उन्नाव में पूर्व में सील किए गए अस्पतालों को नए नाम से संचालित किए जाने और मरीजों से अवैध वसूली किए जाने के आरोप सामने आए हैं।

उप मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सख्त निर्देश दिए हैं कि स्वास्थ्य महानिदेशालय स्तर से तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर पूरे मामले की गहन जांच कराई जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि जांच आख्या के साथ-साथ दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध की जाने वाली कार्रवाई का प्रस्ताव एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराया जाए। उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि जनमानस के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने तथा विभाग एवं सरकार की छवि धूमिल करने वाले मानकविहीन और सील किए गए चिकित्सालयों का अवैधानिक संचालन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सील अस्पतालों को नए नाम से संचालित करने, मरीजों से अवैध वसूली करने तथा इस पूरे प्रकरण में संलिप्त पाए जाने वाले लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट संदेश दिया है कि उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर मरीजों का शोषण करने और कानून से खिलवाड़ करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है।

खबरें एक नजर में

1 नवंबर को रामलीला मैदान पहुंचने की जनता से अपील

लखनऊ। लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने किसानों, युवाओं और लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले नागरिकों से 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली प्छक्प्। गठबंधन की महारैली में बड़ी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया है। सुनील सिंह स्वयं भी महारैली में उपस्थित रहेंगे। सुनील सिंह ने कहा कि लोकदल प्छक्प्। गठबंधन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए लोकतंत्र, मताधिकार और जनता के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ रहा है। महारैली में एसआईआर, मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग प्रमुख मुद्दे होंगे। उन्होंने कहा कि वोट की पवित्रता पर सवाल उठना लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए। सुनील सिंह ने कहा, लोकतंत्र की पवित्रता से कोई समझौता स्वीकार नहीं होगा। अब फैसला जनता करेगी। 1 नवंबर को रामलीला मैदान पहुंचकर लोकतंत्र की आवाज को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि किसान अपने ट्रैक्टरों के साथ दिल्ली पहुंच रहे हैं और 1 नवंबर को रामलीला मैदान में लोकतंत्र की आवाज बुलंद करेंगे।

विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अध्यक्ष को मिली धमकी

लखनऊ। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय को 25 अक्टूबर 2026 को इंस्टाग्राम पर गोली मारने की मिली धमकी। गोपाल राय पर पूर्व में वाराणसी एवं जम्मू में जानलेवा हमले हो चुके हैं तथा लगातार जान से मारने की धमकियाँ मिल रही हैं। पूर्व में मिली धमकियों के संबंध में गोमती नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है। धमकी देने वाले सोशल मीडिया अकाउंट, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य साक्ष्यों की गहन जाँच आवश्यक, प्रशासन किसी अप्रिय घटना से पूर्व तत्काल आवश्यक सुरक्षा एवं रोकथाम के कदम उठाए।

पूर्व सांसद अतुल राय आरोपमुक्त

लखनऊ। लखनऊ के विशेष एमपी-एमएलए न्यायालय ने 23 अक्टूबर 2026 को पारित आदेश में एफआईआर संख्या 309/2021, थाना हजरतगंज, लखनऊ से संबंधित मामले में घोसी के पूर्व सांसद अतुल राय की आरोपमुक्ति याचिका स्वीकार कर ली। उक्त मामले में अतुल राय और पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर के संबंध में आरोप लगाए गए थे। न्यायालय ने पाया कि अतुल राय और अमिताभ ठाकुर के बीच कथित मिलीभगत अथवा साजिश के समर्थन में कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं था। कथित घटना के समय अतुल राय जेल में निरुद्ध थे। उनके और अमिताभ ठाकुर के बीच टेलीफोनिक संपर्क, जेल में मुलाकात अथवा किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से संदेश भेजे जाने का भी कोई साक्ष्य विवेचना में सामने नहीं आया। न्यायालय के अनुसार, विवेचक ने मुख्यत: इस धारणा के आधार पर आरोपपत्र प्रस्तुत किया था कि आत्महत्या से अतुल राय को लाभ हो सकता है। विशेष न्यायालय ने निष्कर्ष निकाला कि अतुल राय के विरुद्ध आरोप विरचित करने के लिए पर्याप्त प्रथमदृष्टया साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं और इसी आधार पर उनकी आरोपमुक्ति याचिका स्वीकार कर ली।

पेंशनरों को कैशलेस इलाज की मांग

लखनऊ। उत्तर प्रदेश नगर निगम कर्मचारी संघ ने प्रदेश के नगर निगमों में कार्यरत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ पेंशनरों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष राजेश सिंह ने इस संबंध में नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र भेजकर उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (चिकित्सा परिचर्या) (तृतीय संशोधन) नियमावली-2021 को सभी नगर निगमों में लागू करने का अनुरोध किया है। राजेश सिंह ने कहा कि शासन ने सरकारी कर्मचारियों और उनके आश्रितों को कैशलेस इलाज की सुविधा देने के लिए नियमों में संशोधन किया है। इसके तहत पात्र कर्मचारियों को आयुष्मान भारत योजना से संबद्ध अस्पतालों और राजकीय चिकित्सा संस्थानों में उपचार तथा निर्धारित चिकित्सा प्रतिपूर्ति का लाभ मिलना है। उन्होंने कहा कि नगर विकास विभाग ने वर्ष 2011 और 2014 के प्रावधानों के अनुरूप संबंधित नियमावली को नगर निगमों में लागू करने की प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन नवीनतम संशोधन अब तक अंगीकृत नहीं किया गया है। इसके कारण नगर निगमों के कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मियों और उनके आश्रितों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। संघ ने शासन से सभी नगर निगमों में संशोधित नियमावली शीघ्र लागू करने की मांग की है, ताकि कर्मचारियों और पेंशनरों को भी सरकारी कर्मचारियों की तरह चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें।

परीक्षा केंद्रों में एंट्री से पहले 3-लेयर चेकिंग

लखनऊ। राजधानी में शुक्रवार को पीईटी-2026 (प्रारंभिक अर्हता परीक्षा) दूसरे दिन आयोजित हो रही है। राजधानी में इसके 45 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक है, जबकि दूसरी पाली दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होगी। पहली पाली के अभ्यर्थियों का प्रवेश सुबह 8 बजे से शुरू हो गया। एंट्री से पहले 3-लेयर चेकिंग की गई। एंट्री से पहले चेकिंग के दौरान महिला अभ्यर्थियों की नथ-बाली उतरवाकर सेंटर के बाहर ही रखवा दी गई। पहली पाली के ज्यादातर अभ्यर्थियों ने बताया कि मैथ्स आसान और जीएस कठिन थी। बस्ती से पेपर देने आए राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि पेपर ओवरऑल मॉडरेट लेवल का था। हिंदी का पार्ट अच्छा था। अपठित गद्यांश ठीक रहा। आंबेडकरनगर के सूरज मौर्या ने बताया कि मैथ्स और डीआई आसान था। जीएस और करेंट अफेयर्स का सेक्शन थोड़ा टफ था।

2027 में प्रचंड बहुमत की सरकार बनायेगी बीजेपी : पंकज चौधरी

▸ भारत की आत्मा और देश का हृदयस्थल है उत्तर प्रदेश

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने शुक्रवार को लखनऊ में आयोजित पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के लिए पूरी तरह संकल्पित है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति उसका संगठन, विचारधारा और देवतुल्य कार्यकर्ता हैं।

कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या, संघर्ष और समर्पण के बल पर ही भारतीय जनता पार्टी आज देश की राजनीति को नई दिशा देने वाली सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित हुई है। श्री चौधरी ने कहा कि भगवान लक्ष्मण की ऐतिहासिक नगरी और लखनऊ में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति केवल एक औपचारिक संगठनात्मक बैठक नहीं है, बल्कि संगठन की शक्ति का मूल्यांकन करने, भविष्य की दिशा निर्धारित करने और नए संकल्प के साथ विजय का मार्ग प्रशस्त करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि आज हम सब यहां नई ऊर्जा, नए उत्साह और नए संकल्प के साथ एकत्र हुए हैं।

हमारा लक्ष्य स्पष्ट है कि वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत वाली सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के उपरांत 14 जुलाई 2024 को आयोजित प्रदेश कार्यसमिति के बाद संगठनात्मक पुनर्गठन की प्रक्रिया के बीच यह महत्वपूर्ण बैठक हो रही है। इसमें अनुभवी नेतृत्व के साथ नई प्रदेश कार्यसमिति के सदस्यों की सहभागिता संगठन में नई ऊर्जा का संचार कर रही है। विधानसभा चुनाव से पूर्व आयोजित इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित वरिष्ठ नेतृत्व का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का इतिहास संघर्ष, सिद्धांत और समर्पण का इतिहास है। भाजपा ने कभी सत्ता प्राप्ति को अपना अंतिम लक्ष्य नहीं माना। हमारा लक्ष्य राष्ट्र निर्माण, समाज का समग्र विकास, अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन तथा भारत को विश्व के अग्रणी राष्ट्रों की पंक्ति में स्थापित करना है। उत्तर प्रदेश भारत की आत्मा और देश का हृदयस्थल है। यह प्रदेश केवल भौगोलिक दृष्टि से ही महत्वपूर्ण नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, राजनीतिक और आर्थिक चेतना का प्रमुख केंद्र है।

सीएम ने पूर्व राज्यसभा सांसद आर. के. सिन्हा के निधन पर जताया शोक

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व राज्यसभा सांसद आर.के. सिन्हा तथा केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मां के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

समाजसेवा व संगठन के प्रति नहीं भुलाया जा सकता सिन्हा का योगदानउन्होंने कहा कि समाज सेवा और संगठन के प्रति श्री सिन्हा का अमूल्य योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। प्रभु श्रीराम दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति दें। भारतीय जनता पार्टी और जनसंघ के शुरुआती दौर के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे श्री सिन्हा ने शुक्रवार 30 अक्टूबर को 75 वर्ष की आयु में अपने नोएडा स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। वह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के बेहद करीबी माने जाते थे। वह साल 2014 से 2020 तक बिहार से राज्यसभा सदस्य रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पूज्य माता के निधन पर भी शोक जताया और उनके प्रति विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं।

लखनऊ का तिहरा हत्याकांड

पुलिस महानिदेशक ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात

▸ आरोपितों पर होगी कड़ी कार्रवाई

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के सआदतगंज थाना क्षेत्र में नौबस्ता के ब्राह्मणी टोला में 26 अक्टूबर को कार पार्किंग के विवाद में तिहरे हत्याकांड के पीड़ित परिवार से शुक्रवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्णा ने मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढास बंधाते हुए कहा कि आरोपितों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर उनको उचित न्याय का दिलाया जाएगा।

डीजीपी ने शुक्रवार को ब्राह्मणी टोला पहुंचकर सबसे पहले घटनास्थल का मुआयना किया। फिर पीड़ित परिवार से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। इस दौरान मृतक शिवाजी तिवारी की पत्नी ऊषा तिवारी ने पीड़ित परिवार को न्याय और सुरक्षा के साथ मुख्य आरोपित ऋषभ शुक्ला को फांसी देने की मांग की है।

उन्होंने डीजीपी से अन्य आरोपितों का एनकाउंटर करने की मांग की। डीजीपी ने परिवार को आश्वासन दिया कि आरोपित को कड़ी सजा मिलेगी। इस केस की फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई होगी और परिवार को पूरी सुरक्षा का भरोसा भी दिया है। परिवार का कहना है कि ऋषभ शुक्ला का चाचा राजेश शुक्ला पहले से अपराधी है। उसके कहने पर ऋषभ ने इस घटना को अंजाम दिया है। घटना के बाद राजेश शुक्ला और उसकी बहन दिव्या फरार हैं। उन पर पुलिस ने 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। राजेश के खिलाफ पहले ही उसे गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई कर जिला बदर किया गया था।

उल्लेखनीय है कि 26 अक्टूबर को सआदतगंज में पार्किंग और चबूतरे के विवाद में ऋषभ शुक्ला ने अपने ही पड़ोसी सचिवालय से रिटायर्ड कर्मचारी और आरएसएस के जिला कार्यवाह रहे शिवाजी तिवारी (62), उनके भाई शिवेंद्र तिवारी उर्फ शंभू और शिवाजी तिवारी के पुत्र सुयश तिवारी (30) की गोली मारकर हत्या कर दी थी। सुयश तिवारी का पांच दिसंबर को विवाह होना था। वहीं, घटना के बाद पीड़ित परिवार, भाजपा के लोगों ने घटना में शामिल आरोपितों पर कठोर कार्रवाई के लिए शवों को रखकर हंगामा किया था।

परिवार के लोग उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और डीजीपी को बुलाने की मांग की थी। उपमुख्यमंत्री ने घटनास्थल पर पहुंचकर परिवार को आश्वासत किया था कि आरोपितों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

भाजपा षड्यंत्र से विधान परिषद चुनाव जीतना चाहती थी: अखिलेश

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा साजिश के जरिए विधान परिषद चुनाव जीतना चाहती थी, लेकिन सपा कार्यकर्ताओं, नेताओं और प्रत्याशियों ने मतदाताओं के सहयोग से उसकी कोशिशों को नाकाम कर दिया। उन्होंने कहा कि यह जनादेश भाजपा की शिक्षा और शिक्षक विरोधी नीतियों के खिलाफ है।

शुक्रवार को सपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिलेश ने कहा कि कई जिलों में भाजपा की सेटिंग के बावजूद 90 फीसदी तक मतदान हुआ। महिला शिक्षकों ने भाजपा के खिलाफ मतदान कर अपना विरोध जताया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने 26 हजार प्राथमिक स्कूल बंद कर दिए और शिक्षकों की नौकरियां कम कर दीं। सपा की सरकार बनने पर केजी से पीजी तक शिक्षा मुफ्त की जाएगी।

अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में 11 हजार से अधिक आरक्षित पदों पर गड़बड़ी हुई। प्रदेश में डॉ. आंबेडकर की 351 प्रतिमाएं तोड़ी गईं, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में शिक्षा व्यवस्था बदहाल हुई है और परीक्षाओं के पेपर लीक होने की घटनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने दावा किया कि विधान परिषद चुनाव में सपा की बढ़त से भाजपा में बेचैनी है। विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा को सत्ता से बाहर करेगी। काशी में भी भाजपा का डबल इंजन फेल हो गया है। वहां सड़कों पर आवारा पशु घूम रहे हैं और गंदगी की समस्या बनी हुई है।

मतदाता सूची में गड़बड़ी के सवाल पर अखिलेश ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि फर्जी फार्म भरवाए गए और मतदाताओं के नाम काटे गए। सपा ने वर्ष 2022 से वोट चोरी का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के पास बायोमेट्रिक तकनीक उपलब्ध है, इसके बावजूद मतदाता सूची में सुधार क्यों नहीं किया जा रहा है।

पांच औद्योगिक इकाइयों को वित्तीय प्रोत्साहन मंजूर

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2012 के अंतर्गत औद्योगिक इकाइयों को विशेष सुविधाएं एवं रियायतें प्रदान किए जाने के संबंध में गठित एम्पावर्ड कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नीति के प्रावधानों के अंतर्गत पांच औद्योगिक इकाइयों को अनुमन्य अवधि के लिए वित्तीय प्रोत्साहन वितरित किए जाने संबंधी प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृति प्राप्त करने वाली औद्योगिक इकाइयों में मेसर्स वरुण बेवरेजेज लिमिटेड, मेसर्स पसवारा पेपर्स लिमिटेड, मेसर्स सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स गैलेंट इस्पात लिमिटेड तथा मेसर्स एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड शामिल हैं।

इस निर्णय से प्रदेश में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन देने, उद्योगों के विकास को गति प्रदान करने तथा रोजगार सृजन के अनुकूल वातावरण को और मजबूत करने में मदद मिलेगी। बैठक में प्रमुख सचिव राज्य कर कामिनी रतन चौहान, प्रमुख सचिव एमएसएमई शशि भूषण लाल सुशील, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, इन्वेस्ट यूपी विजय किरण आनंद, सचिव नियोजन डॉ. राज शेखर, विशेष सचिव न्याय मनमीत सूरी, विशेष सचिव एमएसएमई शिशिर तथा प्रबंध निदेशक, पिकप चंद्र विजय सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

भोजन की गुणवत्ता जांचने के निर्देश

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण को प्राथमिकता देते हुए योगी सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर संचालित हॉट कुक्ड मील योजना के भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

इसके तहत बच्चों को भोजन परोसने से पहले उसकी जांच की व्यवस्था की गई है। योजना के अंतर्गत कम से कम दो वयस्कों द्वारा भोजन का स्वाद और गुणवत्ता परखने का प्रावधान किया गया है।

रसोइया या माता समिति के सदस्य रोस्टर के अनुसार भोजन की जांच करेंगे। इससे भोजन वितरण में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। सरकार ने भोजन तैयार करने में इस्तेमाल होने वाले खाद्यान्न की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने को कहा है।

वोट बचाओ, देश बचाओ महारैली में यूपी रचेगा इतिहास: आराधना

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

लोकतंत्र, संविधान और मताधिकार की रक्षा के संकल्प के साथ 01 नवंबर को दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली कांग्रेस की वोट बचाओ, देश बचाओ महारैली को सफल बनाने के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपनी पूरी संगठनात्मक ताकत झोंक दी है।

दिल्ली के वार रूम से राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी संगठन के0सी0 वेणुगोपाल प्रत्येक राज्य में रैली की तैयारियों की कमान संभाल रहे हैं। दिल्ली वार रूम से उत्तर प्रदेश मुख्यालय स्थित कनेक्ट सेंटर (कांग्रेस वार रूम) के माध्यम से पार्टी के सभी फ्रंटल संगठनों, विभागों, सभी छह जोनों और प्रदेश के सभी 75 जिलों की तैयारियों की लगातार समीक्षा एवं मॉनिटरिंग कर रही हैं। कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस ने रैली में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की है। जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठन को सक्रिय करते हुए कार्यकर्ताओं को दिल्ली पहुंचाने के लिए समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। पार्टी का लक्ष्य है कि उत्तर प्रदेश की भागीदारी इस महारैली को ऐतिहासिक बनाए और लोकतंत्र की रक्षा का संदेश देश के कोने-कोने तक पहुंचे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' ने बताया कि रैली की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रदेश के सभी छह जोन- पश्चिम, बृज, अवध, बुंदेलखंड, प्रयाग और पूर्वांचल जोन में संगठनात्मक बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। सभी 75 जिलों में जिला अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं के साथ समन्वय स्थापित कर दिल्ली पहुंचने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। पार्टी के सभी फ्रंटल संगठनों, विभागों एवं प्रकोष्ठों को भी सक्रिय जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, ताकि प्रत्येक स्तर पर बेहतर तालमेल और प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष एवं सांसद इमरान मसूद ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दिल्ली रैली के लिए डटकर मोर्चा संभाल रखा है। इमरान मसूद के अनुसार वह अभी तक 30 से अधिक संगठनात्मक बैठक कर चुके हैं। वहीं, पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए दिल्ली रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या लाने की जिम्मेदारी कांग्रेस के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र निषाद और आलोक प्रसाद जोनवार और जिलावार बैठकें करके जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

पहल | निदेशक मंडी परिषद ने जारी किए निर्देश, मंडियों को 10 से 20 हजार रुपये तक की स्वीकृति

धनतेरस पर प्रदेश की सभी मंडियों में मनेगा दीपोत्सव

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

▸ किसानों-व्यापारियों का होगा सम्मान
▸ कल्याणकारी योजनाओं का होगा प्रचार-प्रसार
▸ दीपों से सजेंगी मंडियां

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार किसान कल्याण, स्वच्छता और मंडियों में बेहतर व्यापारिक वातावरण विकसित करने की दिशा में जनभागीदारी को बढ़ावा दे रही है। इसी क्रम में मंडी परिषद द्वारा संचालित 'स्वच्छ मंडी-शुभ मंडी अभियान' के अंतर्गत छह नवंबर 2026 को धनतेरस के अवसर पर प्रदेश की सभी मंडी समितियों में दीपोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस पहल के जरिए मंडियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने, किसानों एवं व्यापारियों की सहभागिता सुनिश्चित करने और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाने पर जोर दिया जाएगा।

मंडी परिषद के निदेशक जितेंद्र प्रताप सिंह ने सभी मंडी समितियों को आयोजन के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, किसानों, व्यापारियों तथा मंडी समितियों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इसका उद्देश्य मंडियों को केवल कृषि उपज के क्रय-विक्रय का केंद्र न रखकर स्वच्छ, सुव्यवस्थित और सकारात्मक कार्यस्थल के रूप में विकसित करना तथा स्वच्छता को वर्ष भर की कार्यसंस्कृति बनाना है।

स्वच्छता व बेहतर व्यापारिक व्यवहार को मिलेगा प्रोत्साहन

योगी सरकार की स्वच्छता एवं सुचारु व्यवस्था की प्राथमिकताओं के अनुरूप मंडियों में स्वच्छता अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले किसानों और व्यापारियों को सम्मानित किया जाएगा। समय से भुगतान करने वाले तथा व्यापारिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने वाले व्यापारियों को भी सम्मानित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए प्रशस्ति-पत्र और उपयुक्त सम्मान सामग्री की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर की जा सकेगी। इस पहल का उद्देश्य मंडियों में स्वच्छता, जिम्मेदारी और बेहतर व्यापारिक व्यवहार को प्रोत्साहित करना है।

निदेशक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि योगी सरकार की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी अधिकाधिक लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए दीपोत्सव कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। मंडी परिषद की मुख्यमंत्री कृषक कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से धनराशि के चेक अथवा प्रारूप चेक वितरित कराए जाएंगे। इससे योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने और किसानों को उपलब्ध कल्याणकारी सुविधाओं की जानकारी देने में मदद मिलेगी।

धनतेरस पर मंडियों को दीपों से सजाकर उत्साहपूर्ण और सकारात्मक वातावरण बनाया जाएगा। इस अवसर पर मंडी परिषद की कल्याणकारी योजनाओं और 'स्वच्छ मंडी-शुभ मंडी अभियान' के अंतर्गत संबंधित मंडी समितियों द्वारा किए गए प्रमुख कार्यों एवं उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार भी होगा।

सरकार की मंशा के अनुरूप स्वच्छता को किसी एक आयोजन तक सीमित रखने के बजाय पूरे वर्ष मंडियों की नियमित व्यवस्था का हिस्सा बनाने पर जोर दिया जाएगा।

पीईटी परीक्षाः 5502 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

- 19 केंद्रों पर शांतिपूर्ण संपन्न हुई परीक्षा
- 17,376 पंजीकृत अभ्यर्थियों में 11,874 हुए शामिल

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

जनपद में 30 अक्टूबर को प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) 19 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। दोनों पालियों में कुल 17,376 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 11,874 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 5502 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली में 8688 पंजीकृत अभ्यर्थियों के सापेक्ष 5866 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 2822 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में भी 8688 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 6008 ने परीक्षा दी, जबकि 2680 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

> परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई है। सभी केंद्रों पर निरीक्षण किया गया। कंट्रोल रूम से निगरानी की गयी। 1 नबंवर को भी परीक्षा संपन्न होगी, जोकि 19 केंद्रों पर होगी।
> –रजनीश कुमार मिश्रा, एडीएम प्रशासन

परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था मुस्तैद रही। प्रशासनिक अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने केंद्रों पर पहुंचकर परीक्षा संचालन की स्थिति देखी, जबकि एसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था परखी। परीक्षा की निगरानी कंट्रोल रूम के माध्यम से भी की गई। अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। प्रशासनिक सतर्कता और कड़ी निगरानी के बीच सभी 19 केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

एसडीएम ने किया क्रय केंद्रों का निरीक्षण

समृद्धि न्यूज, परशुरामपुरी शाहजहांपुर।

नवीन मंडी परिसर के सभी धान क्रय केंद्रों का एसडीएम मधुसूदन गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों और केंद्र प्रभारियों को शासन के नियमों के तहत धान खरीद सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए गए। घ्तहसील जलालाबाद के अंतर्गत आने वाले सभी धान क्रय केंद्र वर्तमान में पूर्ण रूप से संचालित है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि अन्नदाताओं को अपनी उपज बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी व सुचारु रहे। निरीक्षण के दौरान मंडी सचिव, मंडी निरीक्षक और विभिन्न केंद्रों के प्रभारी मौजूद रहे। घ्प्रशासन ने किसानों को आश्वस्त किया है कि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर वे तत्काल संपर्क कर सकते हैंय किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

ग्राम निधि के विविध खाते दूसरे बैंक में खुलवाने की मांग, सचिवों ने डीपीआरओ को भेजा पत्र

बीओबी की कांट शाखा पर देरी व बैंक स्टेटमेंट उपलब्ध न कराने का लगाया आरोप

समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।

ग्राम पंचायतों के ग्राम निधि के विविध खाते खुलवाने में हो रही देरी और बैंकिंग संबंधी समस्याओं को लेकर विकासखंड कांट के ग्राम पंचायत सचिवों ने आपत्ति जताई है। सचिवों ने जिला पंचायत राज अधिकारी नितेश कुमार को प्रार्थना पत्र भेजकर बैंक ऑफ बड़ौदा की कांट शाखा से खाते हटाकर किसी अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक में खुलवाने की मांग की है।

सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के माध्यम से भेजे गए पत्र में सचिवों ने बताया कि शासन के निर्देश पर ग्राम निधि के विविध खाते खुलवाने के लिए सभी आवश्यक अभिलेख बैंक ऑफ बड़ौदा की कांट शाखा में जमा कराए जा चुके हैं। इसके बावजूद 30 अक्टूबर तक खाते नहीं खोले गए हैं। इससे ग्राम पंचायतों के वित्तीय कार्य प्रभावित होने की आशंका है।सचिवों का कहना है कि बैंक शाखा में केंद्रीय वित्त एवं पंचम राज्य वित्त के खाते पहले से संचालित हैं। इनके संचालन के दौरान भी कई बार परेशानी होती है। जरूरत पड़ने पर समय से बैंक स्टेटमेंट उपलब्ध नहीं कराया जाता, जिससे सरकारी कार्यों के निस्तारण में दिक्कत आती है। इसी को देखते हुए सचिवों ने सभी खाते किसी अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक में खुलवाने की व्यवस्था कराने की मांग की है।इस संबंध में बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय महाप्रबंधक से भी जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि एक दो दिन में समस्या का समाधान कर लिया जाएगा और सभी लोग सभी सरकारी कर्मचारियों का सहयोग कर रहे हैं।प्रार्थना पत्र देने वालों में शिवानंद सिंह, अनामिका गौतम, विनेश कुमार, आकांक्षा अग्निहोत्री, विनीत चैधरी और अनिल वर्मा, दिव्यांशु वर्मा सहित अन्य ग्राम पंचायत सचिव शामिल रहे।

करवाचौथ की रात युवक ने फांसी लगाकर दी जान

पत्नी व उसके प्रेमी सहित छह लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज

- 22 दिन पहले रिश्ते का भाई पत्नी को लेकर हुआ था फरार
- भाई ने एक परिवार पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।

करवाचौथ की रात पत्नी की जुदाई और कथित तौर पर प्रेमी के परिवार की ओर से किए जा रहे कटाक्ष से आहत एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। शुक्रवार सुबह घर की छत पर बने कमरे में उसका शव फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी होते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतक के भाई ने एक परिवार पर उसके भाई को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने पत्नी और उसके प्रेमी सहित छह लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रोजा थाना क्षेत्र की आदर्श नगर कॉलोनी निवासी बबलू गुप्ता (32) की पत्नी कल्पना आठ अक्टूबर की रात मोहल्ले के ही रहने वाले साजन गुप्ता के साथ चली गई थी। मृतक के भाई कपिल गुप्ता के मुताबिक, साजन रिश्ते में उनका भाई लगता है। पत्नी के घर छोड़कर चले जाने के बाद से ही बबलू परेशान रहने लगा था। उसने इस संबंध में रोजा थाने में शिकायत भी की थी। वहीं, कल्पना की मां ने भी साजन के खिलाफ हरदोई जनपद के बेहटा गोकुल थाने में बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

सामने पड़ने पर करते थे कटाक्षः कपिल का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद साजन के परिवार वालों के हौसले बढ़ गए। आरोप है कि परिवार के लोग जब भी बबलू के सामने पड़ते थे तो उस पर कटाक्ष करते थे। इससे वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा था। इसी प्रताड़ना से आहत होकर उसने करवाचैथ की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मां और भाइयों का रो-रोकर बुरा हालः शुक्रवार सुबह बबलू का शव घर की छत पर बने कमरे में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची रोजा पुलिस और एफएसएल टीम ने मौके पर जांच-पड़ताल की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। युवक की मौत से मां सुखवती और भाइयों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने कपिल की तहरीर के आधार पर पत्नी कल्पना, साजन और उसके परिवार के अन्य सदस्यों सहित छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

रोजा। बबलू गुप्ता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने मृतक के भाई कपिल गुप्ता की तहरीर के आधार पर मृतक बबलू की पत्नी कल्पना, प्रेमी साजन गुप्ता, उसकी मां, सूरज और विशाल के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

उर्स ए हातमी की जिम्मेदारियों के लिए हुई रजाकारों की बैठक

- सज्जादा नशीन ने बताया प्रोग्राम

समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।

नगर के प्रसिद्ध बुजुर्ग हजरत हाजी हाफिज मोहम्मद हातिम अली शाह मियां का 53 वें दिन दिन उर्स शरीफ को कामयाब बनाने के लिए रजाकारों की मीटिंग सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां के आवास पर सम्पन्न हुई। जिसमें रज़ाकारो को अलग अलग जिम्मेदारी दी सौंपी गई। सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने बताया चार नवंबर की रात में ऑल इंडिया मुशायरा होगा जिसमें चांद खान चांद भोपाल , नफीस सीतापुरी, नई माहिर मध्य प्रदेश, मुफीद कन्नौज, नसीम मुंह फट झांसी, जीशान नोमानी, अरुण शर्मा दिल्ली, डॉ बृजभूषण, निर्दोष कुमार बिन, आदि मशहूर शायरों को आमंत्रित किया गया है ।

पांच नवंबर को सुबह 10 बजे से चादर गश्त रात 8 बजे से जलसा ईद मिलादुन्नबी उसके बाद कव्वाली प्रोग्राम होगा । छह नवंबर को सुबह साढ़े दस बजे कुल शरीफ होगा। बाद में कव्वाली होंगी और रात में भी 8 बजे से कव्वाली का प्रोग्राम होगा। जलसा में कारी फुरकान रज़ा नूरी बीसलपुर, शायर मोहम्मद रज़ा बरकाती बरेली, रेहान रज़ा मरकजी बरेली, ताज रज़ा बरेली, मौलाना इरशाद हुसैन बरेली, मोहम्मद रज़ा फैजी को आमंत्रित किया गया है और वसीम वारसी कव्वाल, शमीम वारसी कव्वाल, वसीम चिश्ती कव्वाल मुरादाबाद प्रोग्राम पेश करेंगे। बैठक में उवैस खान शिफा, वाजिद हुसैन वाजिद, इब्ने हसन, इफ्तिखार हुसैन साबरी, वकार हुसैन, मोहम्मद अहमद आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

करवाचौथ के दिन उजड़ा सुहाग अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की मौत

तिलहर-शाहजहांपुर। करबा चौथ का सामान लेने बाइक से जा रहे ग्रामीण को अज्ञात वाहन की टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल को सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक गुरुवार देर शाम कटरा थाना क्षेत्र के ग्राम संतोषपुर निवासी सुखलाल पुत्र रामसहाय 40 बाइक से घर का सामान लेने जा रहे थे। इसी दौरान संतोषपुर और समधाना के बीच गुरुद्वारे के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। करबा चौथ व्रत पूर्ण होने से पूर्व ही महिला का सुहाग उजड़ गया। सीओ विदुष सक्सेना ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों से तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

3.85 लाख किसानों के खातों में पहुंचा सम्मान निधि

- पराली न जलाने को किसानों को किया जागरूक
- प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

कृषि विज्ञान केंद्र में फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर जनपद स्तरीय जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के बनासकांठा से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त जारी की। इसका सजीव प्रसारण जनपद में कृषि विज्ञान केंद्र, विकासखंड कार्यालयों और ग्राम पंचायत कार्यालयों समेत विभिन्न स्थानों पर किया गया। जनपद के 3,85,406 किसानों के खातों में 77.08 करोड़ रुपये की धनराशि पहुंचाई गई। गोष्ठी में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों को पराली न जलाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि पराली जलाने से खेतों में मौजूद मित्र कीट नष्ट होते हैं और मिट्टी की उर्वरक क्षमता भी प्रभावित होती है। उप कृषि निदेशक ने किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से कृषि यंत्रों पर 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। इसके अलावा सरसों और मसूर की मिनीकिट निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय प्रताप सिंह ने पराली प्रबंधन के प्रति जागरूकता फैलाने वाले प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन गांव-गांव जाकर किसानों को पराली न जलाने के लिए जागरूक करेगा। कार्यक्रम में सम्मान निधि पाने वाले किसानों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। वहीं पांच किसानों को सरसों और मसूर की मिनीकिट तथा कवलजीत सिंह और मंजीत कौर को अनुदान पर कृषि यंत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान संयुक्त कृषि निदेशक (गुणवत्ता नियंत्रण), जिला कृषि रक्षा अधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी, वैज्ञानिकों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

पाइपलाइन के लिए खोदी सड़कों की गुणवत्ता परख रहे मुख्य अभियंता

- 10 नवंबर तक चलेगा विशेष अभियान, शिकायतों के लिए जल सारथी ऐप और टोल फ्री नंबर जारी

शाहजहांपुर। जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के बाद क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत और पुनर्स्थापना की गुणवत्ता परखने के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एक अक्टूबर से शुरू हुआ यह अभियान 10 नवंबर तक जारी रहेगा। इसके तहत स्टेट नोडल अधिकारी एवं मुख्य अभियंता लखनऊ वीपी सोनकर 28 अक्टूबर से लगातार जिले के विभिन्न क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर रहे हैं।निरीक्षण के दौरान वह सड़कों की पुनर्स्थापना, पैच रिपेयर, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और निर्धारित मानकों का जायजा ले रहे हैं। साथ ही आमजन को आवागमन में हो रही परेशानियों की जानकारी भी ले रहे हैं। संबंधित कार्यदायी संस्थाओं और अधिकारियों को लंबित कार्य समयबद्ध तरीके से गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए जा रहे हैं। प्रशासन और जल निगम ने नागरिकों से अपील की है कि सड़क मरम्मत से संबंधित शिकायत जल सारथी मोबाइल ऐप या टोल फ्री नंबर 1800-121-2164 पर दर्ज कराएं। प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया जाएगा। अभियान का उद्देश्य क्षतिग्रस्त सड़कों की समुचित मरम्मत कराकर लोगों को सुगम और सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराना है।

गन्ना मूल्य निर्धारण की बैठक में कौशल मिश्रा ने 550 रुपये प्रति कुंतल का दिया सुझाव

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में लोकभवन में हुई बैठक

- प्रदेश के चुनिंदा 10 लोगों में शाहजहांपुर के प्रगतिशील किसान को मिला आमंत्रण

समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।

गन्ना किसानों के हितों और गन्ना मूल्य निर्धारण को लेकर गुरुवार को लखनऊ स्थित लोकभवन में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में हुई बैठक में शाहजहांपुर जनपद के गंगानगर कांट निवासी प्रगतिशील किसान कौशल मिश्रा ने प्रतिभाग कर गन्ना मूल्य 550 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किए जाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में गन्ने की खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। ऐसे में किसानों को उनकी मेहनत और लागत के अनुरूप उचित मूल्य मिलना चाहिए, ताकि वे खेती से लाभ अर्जित कर सकें। प्रदेश के गन्ना एवं चीनी आयुक्त कार्यालय की ओर से आयोजित इस परामर्श बैठक में प्रदेश के चुनिंदा 10 लोगों को आमंत्रित किया गया था। इनमें शाहजहांपुर के कौशल मिश्रा को भी आमंत्रित किया गया। बैठक में गन्ना किसानों, चीनी मिलों के प्रतिनिधियों तथा प्रमुख सचिव गन्ना एवं चीनी उद्योग वीना कुमारी मीणा समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।बैठक में कौशल मिश्रा ने किसानों का पक्ष रखते हुए कहा कि गन्ना मूल्य निर्धारण में उत्पादन लागत, खाद, बीज, सिंचाई, मजदूरी और कृषि कार्यों पर होने वाले खर्च को प्रमुखता से ध्यान में रखा जाना चाहिए। उन्होंने 550 रुपये प्रति क्विंटल का मूल्य निर्धारित करने की पैरवी करते हुए कहा कि इससे किसानों को उनकी लागत निकालने के साथ उचित मुनाफा मिल सकेगा।गौरतलब है कि प्रगतिशील किसान कौशल मिश्रा इससे पहले दो बार प्रदेश स्तर पर गन्ना किसान में प्रथम स्थान का खिताब हासिल कर चुके हैं। गन्ना मूल्य निर्धारण जैसी महत्वपूर्ण बैठक में जनपद के किसान को आमंत्रित किया जाना शाहजहांपुर के लिए गौरव की बात है।

करवाचौथ पूजाः सुहागिनों ने चांद का दीदार कर तोड़ा निर्जला व्रत

- घरों में दिखी पर्व की रौनक

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

पति-पत्नी के प्रेम और विश्वास का प्रतीक करवाचौथ का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र और सुखी दांपत्य जीवन की कामना करते हुए निर्जला व्रत रखा। महिलाओं ने दिनभर बिना कुछ खाए-पिए व्रत रखा और शाम को विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद चंद्रमा के निकलने का इंतजार किया। रात आठ बजे के बाद चंद्रमा के दर्शन कर महिलाओं ने अर्घ्य दिया और पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत खोला। करवाचौथ को लेकर महिलाओं में खास उत्साह देखने को मिला। पर्व से पहले बाजारों में भी खूब चहल-पहल रही। महिलाओं ने कपड़े, चूड़ियां, बिंदी, मेहंदी और पूजा का सामान खरीदा। घरों में भी पर्व की तैयारियां की गईं। महिलाओं ने सज-धजकर पूजा की और परिवार के साथ पर्व मनाया। चांद दिखते ही कुछ लोगों ने पटाखे फोड़कर खुशी का इजहार किया। साज-श्रृंगार के साथ महिलाओं और दंपतियों में सेल्फी फोटो लेने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

दंपतियों ने अपने फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर करवा चैथ की शुभकामनाएं दी। करवाचैथ के पर्व पर पार्वती पुत्र भगवान गणेश की पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। सुहागिनें करवाचैथ का विभिन्न प्रकार की मिठाइयों का भोग भगवान गणेश को समर्पित करती हैं। इसे लेकर वीरवार को शहर क्षेत्र स्थित समस्त मिठाई की दुकानों पर भारी भीड़ लगी रही।

ऑफिसर्स कॉलोनी में दिखा खास उत्साहः कैंट क्षेत्र स्थित डीएम कंपाउंड में भी करवाचैथ पूजन को लेकर खास उत्साह देखा गया। घरों को रंग बिरंगी लाइटों व फूलों से सजाया गया। घरों पर पूजा अर्चना कर चांद का दीदार कर सुहागिनों ने पानी पीकर अपना व्रत तोड़ा। एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा की पत्नी विधि मिश्रा, एडीएम वित्त अरविंद कुमार की पत्नी सौम्या,सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारी डा.गणेश गुप्ता की पत्नी पूजा गुप्ता, डा.अपराजिता सिंह सिनसिनवार उपाध्यक्ष खुर्जा-बुलंदशहर विकास प्राधिकरण पत्नी देवेंद्र कुमार एसपी सिटी व मातृत्व सोशल वेलफेयर सोसायटी की डायरेक्टर नेहा सक्सेना ने अपने पति विक्रांत सक्सेना के साथ करवाचैथ पर पूजा की।

सीडीओ ने परखी मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य सेवाएं

- डाक्टरों के साथ बैठक कर व्यवस्थाएं सुधारने के लिए दिशा निर्देश

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी ने स्वास्थ्य व्यवस्थाएं परखने को लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज में निरीक्षण कर अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए। सीडीओ ने हड्डी विभाग, दवा वितरण कक्ष, पीएनसी वार्ड, मेडिकल वार्ड, बुजर्ग वार्ड, इमरजेंसी वार्ड का मरम्मत कार्य, 50 शैय्या वार्ड का निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निरीक्षण के समय पाई गयी कमियों को तत्काल दूर कराने के निर्देश दिए।तत्पश्चात सीएमओ, प्राचार्य, मेडिकल कॉलेज, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं चिकित्सा अधीक्षक आदि के साथ बैठक कर विभाग की नब्ज टटोली। जिसमें चिकित्सालय से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार की समस्याओं में सुधार कराए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय सीएमओ डा. विवेक कुमार मिश्र, प्राचार्य डा.राजेश कुमार, डा. सरोज, डा. महेन्द्र पाल गंगवार अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

एसीएमओ ने कांट के अभायन गांव में स्वास्थ्य कैंप का किया निरीक्षण

शााहजहांपुर। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीपी श्रीवास्तव ने गुरुवार को कांट ब्लॉक के अभायन गांव में लगे स्वास्थ्य कैंपों का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में दो कैंप लगाए गए थे। पहले कैंप में मलेरिया, डेंगू और टाइफाइड की जांच की जा रही थी। यहां एसएमआई राखी सिंह, एफआई प्रेरणा चतुर्वेदी और एलटी रवि कुमार मौजूद थे और पांच मरीजों की जांच की जा चुकी थी। दूसरे कैंप में डॉ. राजेश, सीएचओ शिवांगी गुप्ता, फार्मासिस्ट अर्पित यादव, डॉ. शिखर और एलटी उपेंद्र कुमार द्वारा 10 लोगों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान सभी जांचें निगेटिव मिलीं। कुल 27 मरीजों को देखकर दवाएं दी गईं। एसीएमओ ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही फॉगिंग का भी निरीक्षण किया। इस दौरान अमित कुमार और सुनील कुमार फॉगिंग करते मिले। डॉ. श्रीवास्तव ने ग्रामीणों से मच्छरों से बचाव, जलभराव रोकने और आसपास सफाई रखने की अपील की। निरीक्षण के समय सहायक शोध अधिकारी अंशुल शुक्ला भी मौजूद रहे।

अल्हागंज में मिलावटी खाद्य पदार्थों के लिए सघन चेकिंग अभियान

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

डीएम के निर्देश पर जनपद में दीपावली से पूर्व मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ सघन चैकिंग अभियान निरंतर जारी है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सुभाष तिवारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनय कुमार यादव, डा. विवेक वर्मा, मानवेन्द्र कुमार द्वारा अल्हागंज चौराहा स्थित मिठाई की दुकानों के सघन निरीक्षण हेतु विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें बाबा नीम करौली स्वीट हाउस, श्याम स्वीट हाउस तथा द्विवेदी स्वीट हाउस एवं स्ट्रीट फूड वेन्डर्स का निरीक्षण किया गया। मिठाईयों पर एक्सपायरी डेट लिखे जाने तथा खाद्य रंगों की उचित मात्रा प्रयोग को खाद्य कारोबारकर्ताओं को विशेष निर्देश दिये गये। बाबा नीम करौली स्वीट हाउस से छेना मिठाई का 1 नमूना लेकर जांच को प्रयोगशाला भेजा गया। रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। श्याम स्वीट हाउस, द्विवेदी स्वीट हाउस पर साफ-सफाई में कमियों पाए जाने के कारण नोटिस जारी की जा रही है। दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए उक्त अभियान आगे भी जारी रहेगा।

मिठास मेले में किसानों को बांटी गईं गन्ने की 2700 मिनी सीड किट

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद परिसर में शुक्रवार को एक दिवसीय मिठास मेला एवं कृषक वैज्ञानिक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन परिषद के निदेशक अभिषेक आनंद ने किया। इस अवसर पर अपर गन्ना आयुक्त विकास वीके शुक्ल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मेले में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में किसान पहुंचे।कार्यक्रम में किसानों को उन्नत गन्ना किस्मों की जानकारी देने के साथ को.शा. 23232 और को.शा. 19231 की कुल 2700 मिनी सीड किट वितरित की गईं। निदेशक ने शोध प्रदर्शनी, चीनी मिलों और कीटनाशक कंपनियों के स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने शरदकालीन मिठास स्मारिका का विमोचन भी किया। उन्होंने कहा कि

- नौ प्रगतिशील किसान सम्मानित

परिषद का उद्देश्य किसानों को ऐसी गन्ना किस्में उपलब्ध कराना है, जो कम लागत में अधिक उत्पादन दें और कीट एवं रोगों के प्रति प्रतिरोधी हों। इसके लिए शोध कार्य लगातार किए जा रहे हैं। अपर गन्ना आयुक्त विकास वीके शुक्ल ने कहा कि गन्ना शोध संस्थान प्रत्येक वर्ष मिठास मेले के माध्यम से किसानों को गन्ना उत्पादन की नवीन जानकारियां उपलब्ध कराता है। इस दौरान निदेशक ने गन्ने की खेती में नवाचार करने वाले प्रदेश के नौ प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। गन्ना प्रतियोगिता में लखीमपुर खीरी के धर्मपाल को प्रथम, शाहजहांपुर के गौरव सिंह को द्वितीय और लखीमपुर खीरी के रामपाल को तृतीय स्थान मिला। तीनों किसानों को स्मृति चिह्न एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। स्टॉल प्रतियोगिता के चीनी मिल समूह में डालमिया चीनी मिल निगोही को प्रथम, डीसीएम श्रीराम को द्वितीय और अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड रोजा को तृतीय स्थान मिला। कीटनाशक एवं अन्य समूह में एफएमसी लिमिटेड प्रथम, भवानी बीज भंडार द्वितीय और फैमिली फार्मर मुरादाबाद तृतीय स्थान पर रहे।

परिवार परामर्श केंद्र में 30 मामलों की सुनवाई, 5 दंपति फिर साथ रहने को राजी

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में 30 पत्रावलियों पर सुनवाई की गई। काउंसलिंग के बाद 5 मामलों में समझौता हो गया और दंपतियों को सकुशल विदा किया गया। थाना कांट में 15 साल पहले शादी हुई दंपति में सास के साथ न रहने को लेकर विवाद था। पति अपनी मां को छोड़ने को तैयार नहीं था, तो पत्नी का कहना था कि सास हाथ का खाना नहीं खाती और पैर छूने नहीं देती। समझाने पर दोनों साथ रहने को राजी हो गए। दूसरा मामला थाना सदर बाजार में दो पड़ोसियों में गंदगी को लेकर झगड़ा था। एक पक्ष का आरोप था कि पड़ोसी के जानवर घर के बाहर गंदगी करते हैं। दूसरे पक्ष ने सफाई करने और झगड़ा न करने की बात कही। दोनों में समझौता हो गया। तीसरा और चौथा मामला थाना रोजा में दो साल पहले शादी हुई महिला ने सास के ताने और पति की मारपीट की शिकायत की थी। चार माह पहले शादी हुई दूसरी महिला ने भी मारपीट का आरोप लगाया था। दोनों मामलों में पतियों ने आगे से मारपीट न करने का वादा किया। पांचवां मामला थाना बंडा में साल पहले शादी हुई महिला ने ससुराल वालों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए किराए के मकान पर रहने की मांग रखी। पति किराए पर रखने को तैयार हो गया। इस दौरान परामर्श केंद्र प्रभारी महिला उपनिरीक्षक मधु यादव सहित महिला पुलिसकर्मी मौजूद रहीं।

अमित शाह की बैठक में शामिल हुए सांसद अरुण सागर

- संगठन मजबूत करने व सरकारी योजनाएं लोगों तक पहुंचाने पर चर्चा

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

लखनऊ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई। इसमें प्रदेशभर के मंत्री, सांसद, विधायक और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। शाहजहांपुर के भाजपा सांसद अरुण सागर भी बैठक में पहुंचे। सागर ने कहा कि बैठक आगामी संगठनात्मक लक्ष्यों को हासिल करने में मददगार होगी। उन्होंने कहा कि अमित शाह के मार्गदर्शन में संगठन की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए सभी संकल्पित हैं। सांसद ने बताया कि अमित शाह लखनऊ में एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव को देखते हुए कार्यसमिति की बैठक हुई। इसमें प्रदेशभर से आए जनप्रतिनिधियों को गृह मंत्री का मार्गदर्शन मिला। अरूण सागर के मुताबिक बैठक में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी पर बात हुई। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत रखने के लिए सभी को आपसी गिले-शिकवे दूर कर जनता के बीच जाना चाहिए और सरकार की उपलब्धियां बतानी चाहिए। इससे योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंच सकेगा। उन्होंने कहा कि बैठक में संगठन को मजबूत करने पर चर्चा हुई और सभी को इस पर काम करना होगा। सागर ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रदेश में कानून का राज कायम हुआ है और अपराधी जेल में हैं। उनके मुताबिक, व्यापारी अपना कारोबार को बगैर किसी डर के कर रहे हैं। सागर ने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद दुनिया में भारत की साख मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि मोदी ने देश को आत्मनिर्भर बनाया और स्वरोजगार के अवसर दिए।

रेड क्रॉस कार्यालय में दिव्यांगों के लिए विशेष आधार शिविर आयोजित

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर स्थित रेड क्रॉस सोसायटी कार्यालय में गुरुवार को दिव्यांगजनों के लिए विशेष आधार शिविर लगाया गया। शिविर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के सहयोग और शर्मा जी का डेरा स्थित आधार सेवा केंद्र द्वारा आयोजित किया गया। शिविर में दिव्यांगों के नए आधार पंजीकरण, बायोमेट्रिक अपडेट, पता, मोबाइल नंबर, ई-मेल संशोधन और नाम, जन्मतिथि व लिंग से जुड़ी त्रुटियों में सुधार की सुविधा दी गई। दिव्यांगों की सुविधा के लिए व्हीलचेयर और सुगम आवागमन की व्यवस्था की गई थी।।रेड क्रॉस सचिव डॉ. विजय जोहरी ने बताया कि पूर्व में एलिम्को कानपुर और दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के सहयोग से मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के लिए पात्र दिव्यांगों का चयन किया गया था। चयनित लाभार्थियों को 31 अक्टूबर को विकास भवन में मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरित की जाएंगी। शिविर का संचालन केंद्र प्रबंधक रविंद्र सिंह, संचालक अभिषेक मोहन अग्निहोत्री, ऑपरेटर अमन सक्सेना और अरेंद्र पाल ने किया। इस दौरान बृजेश गुप्ता, बालकृष्ण पांडे, रवि बाबू समेत अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे।

ग्रामीण ने बेजुबान को 10 दिन से भूखा-प्यासा बांधा सोशल मीडिया पर तस्वीर देख कांप उठी रूह

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर-खीरी।

जहां एक तरफ प्रदेश सरकार गोवंश संरक्षण के लिए बड़े-बड़े दावे कर रही है, गौशालाओं के निर्माण और बेसहारा पशुओं के भरण-पोषण के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। मानवता को शर्मसार कर देने वाला एक ऐसा ही मामला खीरी थाना क्षेत्र के निजामपुर रामदास गांव से सामने आया है, जिसने हर संवेदनशील दिल को झकझोर कर रख दिया है। यहां एक बेजुबान, बेसहारा गोवंश पिछले करीब 10 दिनों से एक पेड़ से रस्सी से बंधा भूखा-प्यासा तड़प रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही उसकी तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि कैसे वह सूखे पत्तों और भूसे के बीच असहाय अवस्था में बैठा है, उसकी आंखों में भूख-प्यास और दर्द साफ झलक रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, गांव के ही एक व्यक्ति के खेत में इस गोवंश ने फसल चर ली थी। इससे नाराज होकर उस ग्रामीण ने गोवंश को पकड़कर सड़क किनारे एक पेड़ से बांध दिया और वहीं छोड़ दिया। आरोप है कि तब से लेकर आज तक करीब 10 दिन बीत चुके हैं, लेकिन न तो उसे खोला गया, न ही चारा-पानी दिया गया। सवाल उठता है कि आखिर एक मूक पशु के साथ इतनी बड़ी बेरहमी कैसे की जा सकती है? अगर उसने फसल को नुकसान पहुंचाया भी था, तो इसकी शिकायत प्रधान, लेखपाल या पशु विभाग से की जा सकती थी, उसे गौशाला भिजवाया जा सकता था। लेकिन उसे इस तरह मौत के मुंह में भूखा-प्यासा छोड़ देना कहां की इंसानियत है?

खीरी प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग: इस हृदयविदारक घटना की जानकारी मिलते ही पशु प्रेमियों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों ने जिला प्रशासन और खीरी पुलिस से मांग की है कि तत्काल मौके पर टीम भेजकर इस बेजुबान गोवंश को मुक्त कराया जाए, उसे चारा-पानी और पशु चिकित्सक द्वारा उपचार दिलाया जाए। साथ ही जिस व्यक्ति ने इतनी क्रूरता की है, उसके विरुद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई और ऐसी घिनौनी हरकत करने की हिम्मत न कर सके।

जो पार्टी को मजबूत बनाएगा उसी कार्यकर्ता को टिकट के लिए आगे बढ़ाया जाएगा

सिंधौली, शाहजहांपुर। बहुजन समाज पार्टी की कार्यकर्ता बैठक सिधौली में मुड़िया मोड़ स्थित एक स्कूल में संपन्न हुई। बैठक में पंचायत एवं विधानसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए मंडल प्रभारी संतन पाल गौतम ने कहा कि सेक्टर कमेटी एवं विधानसभा कमेटी को कड़ी मेहनत कर पार्टी प्रत्याशियों को जिताना होगा। बहन जी के निर्देश पर विधानसभा कमेटी एवं जिला कमेटी की सिफारिश पर जिला पंचायत एवं विधानसभा के टिकट पर शीर्ष नेतृत्व फैसला करेगा जो कार्यकर्ता जमीनी लेवल पर काम कर पार्टी को मजबूत बनाएगा पार्टी की ओर से उसी कार्यकर्ता को टिकट के लिए आगे बढ़ाया जाएगा। वहीं बसपा के विधानसभा उपाध्यक्ष मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी के पैर में फैक्चर होने पर विभिन्न पार्टियों सामाजिक संगठन एवं शैक्षिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पर पहुंचकर ईश्वर से शीघ्र स्वास्थ्य की कामना की। बसपा के मंडल कोऑर्डिनेटर संतन पाल गौतम, विधानसभा अध्यक्ष रामवीर सिंह एडवोकेट, डाक्टर सुमित राठौर, सुंदरलाल शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष जिला अध्यक्ष यदुवीर सिंह यादव बांकेलाल संतराम अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अजय पाल वर्मा डॉक्टर रामदेव वर्मा नईम खान रविंदर सहित बड़ी संख्या में लोगों ने मंसूरी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

पांच साल से बनकर तैयार खड़ा है मेडिकल कॉलेज का भवन

- मुख्यालय पर ओपीडी तक नहीं
- जिले में भाजपा के आठ विधायक व दो एमएलसी हैं

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

जनपद में भाजपा के आठ विधायक, दो विधान परिषद सदस्य और समाजवादी पार्टी के दो सांसद होने के बावजूद स्वास्थ्य व्यवस्था की हालत बद से बदतर बनी हुई है। जिला मुख्यालय पर मेडिकल कॉलेज का भवन पिछले पांच साल से बनकर तैयार खड़ा है, लेकिन आज तक इसमें ओपीडी सेवाएं शुरू नहीं हो सकी हैं। जिला मुख्यालय पर ओपीडी न होने से आम मरीजों के साथ-साथ दिल के मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। हृदयाघात जैसी गंभीर स्थिति में मरीज को फर्स्ट एड तक नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में मरीज को तत्काल 15 किलोमीटर दूर स्थित अस्पताल ले जाना पड़ता है, जिससे कई बार मरीज की जान पर बन आती है।स्थानीय लोगों का कहना है कि मेडिकल कॉलेज का भवन पूरी तरह तैयार है और बाहर से देखने पर यह आधुनिक सुविधाओं से लैस नजर आता है। लेकिन अंदर डॉक्टर, स्टाफ और संसाधनों के अभाव में यह केवल एक शोपीस बनकर रह गया है। जिला मुख्यालय पर रहने वाले हजारों लोगों को छोटी-छोटी बीमारियों के लिए भी दूर जाना पड़ता है।वरिष्ठ पत्रकार एनके मिश्र ने इस मुद्दे को उठाते हुए अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से ध्यान देने की अपील की है। उनका कहना है कि जब भवन तैयार है तो उसे चालू करने में देरी क्यों हो रही है, यह समझ से परे है। सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के दावे तो करती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है।दिल के मरीजों के लिए तो यह स्थिति और भी भयावह है। हृदयाघात के मामले में हर मिनट कीमती होता है। डॉक्टरों के अनुसार हार्ट अटैक के पहले एक घंटे को गोल्डन आवर कहा जाता है, जिसमें फर्स्ट एड मिलना बेहद जरूरी है। लेकिन लखीमपुर जिला मुख्यालय पर यह सुविधा न होने से मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है। मरीजों के परिजनों का कहना है कि उन्हें ऑटो या प्राइवेट वाहन से 15 किलोमीटर दूर अस्पताल ले जाना पड़ता है। इस दौरान ट्रैफिक और खराब सड़कों के कारण और समय बर्बाद होता है। कई बार तो अस्पताल पहुंचते-पहुंचते मरीज की हालत और बिगड़ जाती है। बुजुर्ग और गरीब मरीजों के लिए यह दूरी तय करना और भी मुश्किल है। इतनी बड़ी संख्या में सत्ता पार्टी के जनप्रतिनिधि होने के बावजूद जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार न होना लोगों में आक्रोश पैदा कर रहा है। लोगों का सवाल है कि जब जनपद से इतने विधायक और सांसद हैं तो फिर जिला मुख्यालय पर एक ओपीडी तक क्यों नहीं शुरू हो पा रही है। जनता अब इस मुद्दे पर जनप्रतिनिधियों से जवाब मांग रही है। फिलहाल लोगों ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि मेडिकल कॉलेज के तैयार भवन में जल्द से जल्द ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं शुरू की जाएं, ताकि जिला मुख्यालय पर रहने वाले लोगों को, खासकर दिल के मरीजों को समय पर इलाज मिल सके और उन्हें 15 किलोमीटर दूर न भटकना पड़े।

जवाबी कौव्वाली का किया गया आयोजन

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

कार्यक्रम में कव्वाली की शानदार प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और मेला परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री हाजी उस्मानी एवं विशिष्ट अतिथि रिजवान रशीद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर नगर की सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में योगदान देने वाली विशिष्ट हस्तियों को सम्मानित भी किया गया। सम्मानित होने वालों में गुफरान खान (महराजनगर), गुड्डू भाई (हाथीपुर कोठार), भोले शंकर, के.पी. वर्मा, महेश नाथ, पवन वर्मा, राम रमेश एवं विनय कुमार मिश्रा को विशिष्ट सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐतिहासिक दशहरा मेला लखीमपुर की सांस्कृतिक विरासत, आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं को एक मंच पर लाने का सराहनीय कार्य करते हैं। नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित यह मेला प्रतिदिन नए सांस्कृतिक रंगों के साथ नगरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

पुलिस ने मौके पर जाकर 43 शिकायतों का किया निस्तारण

शााहजहांपुर। जनशिकायतों के त्वरित और पारदर्शी निस्तारण के लिए पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गुरुवार को 43 शिकायतों का मौके पर जाकर समाधान किया गया। एसपी के निर्देशन और एएसपी ग्रामीण व एएसपी नगर के पर्यवेक्षण में आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके नोडल अधिकारी एएसपी ग्रामीण को बनाया गया है। अभियान के तहत सभी क्षेत्राधिकारी अपने सर्किल में रोज कम से कम एक स्थान पर और थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में कम से कम दो स्थानों पर जाकर शिकायतों का निस्तारण कर रहे हैं। पुलिस टीम शिकायतकर्ता के घर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण कर रही है और दोनों पक्षों का फीडबैक लेकर शिकायत का समाधान करा रही है। पुलिस का कहना है कि इससे शिकायतकर्ता को बार-बार थाने या पुलिस कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

स्वच्छता अभियान में चमका दफ्तर, योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर भी फोकस

कबाड़ व ई-कचरे का निस्तारण, अभिलेखों को किया व्यवस्थित, जनशिकायतों के समाधान पर भी जोर

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

कार्यालयों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और जनहितकारी बनाने की पहल के तहत शुक्रवार को महिला कल्याण विभाग की हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वुमेन इकाई के तत्वावधान और जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश भार्गव की मार्गदर्शन में एक दिवसीय विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कार्यालय परिसर में साफ-सफाई के साथ अनुपयोगी सामग्री और कबाड़ का निस्तारण किया गया। साथ ही अभिलेखों को व्यवस्थित कर ई-कचरे के उचित संग्रहण एवं निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। अभियान केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं रहा, बल्कि महिला हितों और जनसमस्याओं के समाधान पर भी विशेष जोर दिया गया। महिला एवं आमजन की शिकायतों और समस्याओं के निस्तारण के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। वहीं महिला सशक्तिकरण एवं महिला कल्याण विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर पात्र लोगों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड लखीमपुर की प्रशासक दिव्या सिंह ने स्वच्छता अभियान में सहभागिता की बल्कि फलदार, छायादार औषधीय पौधों का रोपण भी किया। इस दौरान हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वुमेन से आर्यमित्रा विष्ट, निक्की गुप्ता, सरोजनी देवी, सेंटर मैनेजर रश्मि चतुर्वेदी एवं काउंसलर विजेता गुप्ता सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहीं।

कार्यालय ग्राम पंचायत गुनाहा खमरिया वि.ख. बंडा, शाहजहांपुर

पत्रांकः-1266/न0पा0परि0ति0 / 2026-27 दिनांकः- 30/10/2020

निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गुनाहा खमरिया वि. ख. बंडा, शाहजहांपुर में 15वां वित्त एवं 14वां वित्त आयोग से ग्राम पंचायत में कार्य कराए जाने है। जिसके लिए प्रथम ईंट, ईटा, रोड़ा, बजरी, मौरंग, सरिया, सीमेंट, खडंजा, मिट्टी आदि सामग्री क्रय किए जाने के लिए सीलबंद निविदाएं 02.11.2026 तक आमंत्रित की जाती है जोकि 03.11.2026 को चार बजे खोली जाएंगी। शेष जानकारी के लिए कार्यालय से संपर्क करें। कार्य का नाम - ग्राम पंचायत नवलपुर चित्ता में पंचायत भवन से रमाकांत के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य।

प्रधान/प्रशासक **रजविंदर कौर** | **सचिव** **शिव सिंह**

कार्यालय नगर पालिका परिषद तिलहर शाहजहाँपुर

पत्रांकः-1266/न0पा0परि0ति0 / 2026-27 दिनांकः- 30/10/2020

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 579/न0पा0परि0ति0/ई0नि0सू0/2026-26 दिनांक 09.03.2026 पालिका द्वारा मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अन्तर्गत पालिका कार्यालय के उत्तरी ओर पालिका भूमि पर दुकानों का निर्माण (शॉपिंग कॉम्प्लेक्स) कार्य कराये जाने हेतु निविदा प्रकाशित कराई गयी थी परन्तु कतिपय कारणों से उक्त स्थल पर दुकानों का निर्माण कराया जाना संभव नहीं हुआ। तदक्रम में उ.प्र. शासन लखनऊ द्वारा उक्त स्थल के स्थान पर नवीनतम स्थल **'तहसील रोड पर कम्युनिटी सेन्टर (शादी हाल) के समने पालिका की रिक्त भूमि पर 14 दुकानों का निर्माण (शॉपिंग कॉम्प्लेक्स) कार्य'** कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है । तदानुसार ही उक्त स्वीकृत कार्य नवीनतम स्थल पर दुकानों का निर्माण कराया जायेगा।

अधिशासी अधिकरी
नगर पालिका परिषद तिलहर
शाहजहाँपुर

बाजार में बढ़ी उथल-पुथल

वैश्विक बाजार में जारी उथल-पुथल तथा कई युद्धों से बेदम होती अर्थव्यवस्था में स्वदेशी उद्योगों पर कितने गंभीर प्रभाव पड़ रहे हैं, उसकी बानगी देश-दुनिया में विख्यात पानीपत के कंबल उद्योग के खस्ता हालात में दिखती है। देश में कंबल उत्पादन का यह प्रमुख केंद्र फिलहाल गंभीर आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है। अब जब सर्दियों के लिये कंबलों की खरीद का सीजन पीक पर है,यहां घरेलू बिक्री में पचास फीसदी की भारी गिरावट दर्ज की गई है। निस्संदेह, यह मंदी उस टेक्सटाइल क्लस्टर की कमजोरी को उजागर करती है, जिसने बड़े पैमाने पर उत्पादन के बूते देश-विदेश में अपनी प्रतिष्ठा बनायी थी। भले ही आर्थिक विकास की तीव्र दर के दावों को लेकर नेता गाल बजाते रहें, लेकिन कंबल उद्योग के आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं। यह उद्योग खाड़ी युद्ध, मौसमी उतार-चढ़ाव व विषम आर्थिक परिस्थितियों में उपभोक्ताओं की घटती क्रयशक्ति, बढ़ती लागत आदि अनेक कारकों के प्रति संवेदनशील बना हुआ है। एक बड़ी वजह उत्पादन लागत का बढ़ना भी है। मसलन पॉलिएस्टर धागे की कीमत पिछले साल के मुकाबले काफी बढ़ गई है। कंबल उद्योग से जुड़े उद्यमी बताते हैं कि ऑर्डर कम आने से बिना बिके माल का स्टॉक बढ़ता जा रहा है। जिसके चलते कंबलों के उत्पादन में तीस से पैंतीस प्रतिशत की गिरावट आ गई है। वहीं दूसरी ओर भुगतान श्रृंखला भी गड़बड़ा गई है। जो भुगतान एक-सवा महीने में आ जाता था, वह औसत समय दो माह का हो चला है। जिससे कार्यशील पूंजी पर दबाव बढ़ रहा है। फलतः उत्पादक खुद को मुश्किल स्थिति में फंसा पा रहे हैं। ऐसे में यदि उद्यमी बढ़ी हुई लागत का बोझ खुद वहन करते हैं तो उनका मुनाफा कम हो जाता है। वहीं दूसरी ओर यदि वे उत्पाद की कीमत बढ़ाते हैं तो कीमत के प्रति संवेदनशील ग्राहक के दूर होने की चिंता बन जाती है। पानीपत का कंबल उद्योग फिलहाल जिस संकट से गुजर रहा है, उसके प्रभाव व्यापक हैं। निस्संदेह, पानीपत के कपड़ा उद्योग से हजारों बुनकरों, श्रमिकों, व्यापारियों, परिवहनकर्ताओं और अन्य सहायक व्यवसायों का जुड़ाव होता है। यदि उद्योग में लंबे समय तक मंदी की स्थिति बनी रहती है, तो हजारों लोगों की जीविका पर असर पड़ेगा।

खासकर, कंबलों की घरेलू आपूर्ति से जुड़ा क्षेत्र। इसके अलावा यह पुनर्चक्रण आधारित कपड़ा उद्योग का भी केंद्र है। जहां, अनुपयोगी कपड़ों को व्यावसायिक रूप से उपयोगी बनाने की क्षमता सर्वाधिक है। निस्संदेह, कंबल उद्योग को अविलंब सरकारी मदद की दरकार है। सरकार को तत्काल वे उपाय करने होंगे, जिससे किफायती कार्यशील पूंजी की उपलब्धता सुनिश्चित हो। वहीं समय पर भुगतान को प्रोत्साहित करने के प्रयास हों। लंबे समय तक पानीपत के कंबल उद्योग की अंतर्राष्ट्रीय साख रही है। लेकिन अब इस उद्योग में शामिल कुछ देशों की तरफसे कड़ी चुनौती मिलने लगी है। फ्लतरू इस उद्योग से जुड़ी तकनीकों का अविलंब आधुनिकीकरण किया जाए। इसके साथ ही ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति सुनिश्चित करने और कार्यबल को आधुनिक उत्पादन जरूरत के हिसाब से प्रशिक्षण देने की जरूरत होगी। इस उद्योग के उत्थान के लिये दीर्घकालिक रणनीति तैयार करना भी उतनी ही जरूरी है। वहीं दूसरी ओर कंबल निर्माताओं को भी नई पीढ़ी की रुचि के हिसाब से अपने उत्पादों में विविधता लाने की जरूरत है। इससे जहां पानीपत के ब्रांड को मजबूती मिलेगी, वहीं विदेशी बाजार तक पहुंच बनाने में मदद मिल सकती है। निस्संदेह, पानीपत के कंबल उद्योग की मौजूदा स्थिति हमें यह सबक देती है कि विनिर्माण क्षमता को केवल उत्पादन क्षमता के आधार पर नहीं मापा जा सकता है। हकीकत तो यह है कि एक मजबूत औद्योगिक क्लस्टर को कीमतों में अचानक आने वाले उतार-चढ़ाव, उपभोक्ताओं की बदलती रुचियों और बाजार में पैदा होने वाली अनिश्चतता का सामना करने में भी सक्षम होना ही चाहिए। वक्त की जरूरत है कि सरकार इस स्थिति में अविलंब हस्तक्षेप करे। यदि ऐसा होता है तो एक अस्थायी मंदी को गंभीर संरचनात्मक संकट बनाने से रोका जा सकता है। ऐसे में सरकार के ये प्रयास केवल टेक्सटाइल हब को ही नहीं बचाएंगे, बल्कि रोजगार-उद्यम की रक्षा के साथ ही देश की विनिर्माण आर्थिकी को भी संबल देंगे।

दो टूक

यूपी में अखिलेश के पीडीए के खिलाफ शाह का यूसीसी दांव

संजय सक्सेना

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के पीडीए यानी दलित-पिछड़ा-अल्पसंख्यक की काट के लिए भारतीय जनता पार्टी यूसीसी मतलब समान नागरिक संहिता का मुद्दा लेकर आ गई है। इस बात का संकेत गृह मंत्री अमित शाह ने लखनऊ दौरे के दौरान दिया। शाह ने दो टूक कहा कि उत्तर प्रदेश का 2027 विधानसभा चुनाव केवल सत्ता बचाने की लड़ाई नहीं होगा, बल्कि वैचारिक मुद्दों, सामाजिक समीकरणों और विकास के दावों का बड़ा मुकाबला बनेगा। शाह ने लखनऊ में कार्यकर्ताओं के बीच कहा कि 2027 में तीसरी बार भाजपा सरकार बनते ही प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर दिया जाएगा। ऐसा लगता है कि शाह यूसीसी के सहारे यूपी में चुनावी बहस का रुख बदलने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखे हमले करके उन्होंने कार्यकर्ताओं को यह संदेश दिया कि अब चुनावी तैयारी में किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। राजनीति के जानकार कहते हैं कि शाह के यूसीसी लागू करने वाले बयान के पीछे एक बड़ा राजनीतिक एजेंडा छिपा है। सवाल यह भी है कि क्या भाजपा अपनी उपलब्धियों के भरोसे तीसरी बार सत्ता में लौटना चाहती है या 2024 के लोकसभा चुनाव में मिले झटके ने उसे नए सिरे से रणनीति बनाने पर मजबूर कर दिया है? बहरहाल, सपा के पीडीए के खिलाफ शाह का यूसीसी का ऐलान भाजपा की चुनावी रणनीति का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकता है। यूसीसी के सहारे भाजपा हिंदुत्व के एजेंडे को मजबूत करेगी, वहीं सपा प्रमुख के लिए यूसीसी का विरोध करना आसान नहीं होगा। उधर, यूपी में तीसरी बार सरकार बनने पर यूसीसी लागू करने वाले अमित शाह के बयान पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पलटवार किया है। अखिलेश यादव ने कहा, बड़ी देर कर दी मेहरबां आते-आते।

दरअसल, उत्तर प्रदेश में यूसीसी लागू करने का वादा करके भाजपा ने अपने पुराने वैचारिक एजेंडे को फिर चुनाव के केंद्र में ला दिया है। एक तरफ शाह यूसीसी की बात कर रहे हैं, तो दूसरी ओर शाह 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों का जिक्र करके कार्यकर्ताओं का मनोबल भी बढ़ा रहे हैं। 2017 में भाजपा ने 403 में से 312 सीटें हासिल की थीं और करीब 39.67 प्रतिशत वोट पाए थे। 2022 में पार्टी की सीटें घटकर 255 रह गईं, लेकिन वोट प्रतिशत बढ़कर 41.29 हो गया। इन आंकड़ों से भाजपा की मजबूत चुनावी स्थिति जरूर दिखाई देती है, मगर 2024 के लोकसभा चुनाव ने इस आत्मविश्वास को चुनौती दी। उत्तर प्रदेश की 80 सीटों में समाजवादी पार्टी ने 37 और भाजपा ने 33 सीटें जीतीं। कांग्रेस को छह सीटें मिलीं। यह नतीजा बताता है कि भाजपा के सामने विपक्ष की चुनौती वास्तविक है। सपा ने सामाजिक समीकरणों और गठबंधन की राजनीति के सहारे अपनी ताकत बढ़ाई है। इसीलिए शाह का कार्यकर्ताओं से आपसी नाराजगी भुलाकर मैदान में उतरने का आग्रह महत्वपूर्ण है। शायद समय रहते शाह को कार्यकर्ताओं की नाराजगी का अहसास हो गया है। उनका चुनाव से पहले संगठन की एकजुटता पर इतना जोर देना बताता है कि पार्टी बूथ स्तर पर किसी भी कमजोरी को नजरअंदाज नहीं करना चाहती। टिकट की दावेदारी, स्थानीय नेताओं की खींचतान और जातीय समीकरण भाजपा के लिए बड़ी चुनौती बन सकते हैं। 2024 ने दिखाया कि बड़े नेताओं की लोकप्रियता के बावजूद स्थानीय असंतोष चुनावी परिणाम बदल सकता है। भाजपा को अब केवल पुराने चुनावी आंकड़ों पर निर्भर रहने के बजाय जनता के बीच अपनी पकड़ मजबूत करनी होगी।

योगी सरकार की कानून-व्यवस्था को शाह ने चुनाव का प्रमुख मुद्दा बनाने की कोशिश की। उन्होंने अपराध में कमी और माफिया के खिलाफ कार्रवाई को सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया। सरकार के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 2016 की तुलना में डकैती के मामलों में करीब 90 प्रतिशत और लूट में 84 प्रतिशत की गिरावट आई है। लेकिन कानून-व्यवस्था का मूल्यांकन केवल अपराध के प्रतिशत से नहीं हो सकता। महिलाओं की सुरक्षा, आम नागरिक की थाने में सुनवाई और अदालतों में न्याय मिलने की प्रक्रिया भी उतनी ही जरूरी है। बुलडोजर कार्रवाई राजनीतिक संदेश दे सकती है, लेकिन कानून का राज निष्पक्ष जांच और संवैधानिक प्रक्रिया से ही स्थापित होता है। निवेश के मोर्चे पर भी शाह ने 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों और 15 लाख करोड़ रुपये के जमीन पर उतरने का दावा किया। यह प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी संभावना है, लेकिन जनता के लिए सबसे महत्वपूर्ण सवाल रोजगार का है। कितनी परियोजनाएं वास्तव में शुरू हुईं और उनसे कितने युवाओं को नौकरी मिली? निवेश सम्मेलन में हुए समझौते तभी सार्थक हैं, जब वे उद्योग, उत्पादन और रोजगार में बदलें। उत्तर प्रदेश का युवा आज भी बेहतर अवसरों के लिए दूसरे राज्यों की ओर पलायन करता है। सरकार को यह साबित करना होगा कि निवेश के बड़े दावे आम परिवारों की आर्थिक स्थिति में भी बदलाव ला रहे हैं।

इसके साथ ही शाह ने वोटरों को लुभाने के लिए गरीबी के सवाल पर केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। नीति आयोग के जनवरी 2024 के आंकड़ों के अनुसार, 2013-14 से 2022-23 के बीच देश में 24.82 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए। उत्तर प्रदेश में यह संख्या करीब 5.94 करोड़ बताई गई। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि है, लेकिन हकीकत यह भी है कि गरीबी से बाहर निकलना और स्थायी आर्थिक सुरक्षा हासिल करना दो अलग बातें हैं। महंगाई, किसानों की आय, बेरोजगारी और छोटे कारोबारियों की समस्याएं अभी भी चुनावी बहस का हिस्सा रहेंगी। इन सवालों का जवाब केवल आंकड़ों से नहीं, जमीन पर दिखाई देने वाले बदलावों से देना होगा। लब्बोलुआब यह है कि भाजपा 2027 की लड़ाई में यूसीसी, कानून-व्यवस्था और विकास को एक साथ लेकर चलना चाहती है। लेकिन सत्ता की तीसरी पारी का रास्ता केवल नारों और राजनीतिक हमलों से नहीं निकलेगा। अंगद के पांव की तरह सरकार अडिग होने का दावा करने वाले शाह को भी पता है कि लोकतंत्र में अंतिम फैसला जनता करती है। भाजपा के सामने असली चुनौती यही है कि वह अपने वादों को जमीन पर उतारे और रोजगार, महंगाई, किसान तथा सामाजिक न्याय जैसे सवालों का ठोस जवाब दे। 2027 में चुनावी बिसात पर चालें सभी चलेंगे, लेकिन जीत उसी की होगी जो जनता का भरोसा कायम रख पाएगा।

(यह लेखक के अपने विचार हैं।)

लोकतंत्र का इजराइली संस्करण और वोट चोरी का ग्लोबल विलाप

विनय के पाठक

दुनिया के राजनीति विज्ञानियों का मानना था कि वोट चोरी और ईवीएम-बैलेट का विलाप जैसी दिव्य कलाएं सिर्फ भारत या तीसरी दुनिया के विकासशील देशों के विपक्ष के पास ही सुरक्षित हैं। लेकिन धन्य है इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू उर्फ बीबी की महान लिकुड पार्टी, जिसने इस कला का अंतरराष्ट्रीयकरण कर दिया है! भारत में तो विपक्ष चुनाव हारने के बाद दो-चार दिन रो-धोकर छुट्टी मनाने वियतनाम निकल जाता है, लेकिन इजराइल के बीबी (नेतन्याहू) ने साबित कर दिया कि वे हार के बाद वियतनाम नहीं, सीधे वोट चोरी के ब्रह्मांडीय सिद्धांत की शरण में जाते हैं।

इजराइल के ताजा चुनाव नतीजों ने वहां के राष्ट्रवादियों की छाती पर ऐसा मूंग दला है कि अब उन्हें हर मतपेटी में कतर का रियाल और तुर्किये का सिक्का खनकता हुआ सुनाई दे रहा है। कुल 120 सीटों वाली संसद यानी नेसेट में नेतन्याहू साहब 53 सीटों पर ही अटक गए, यानी बहुमत से पूरे आठ कदम दूर! अब जो राजा बनने का सपना देख रहे थे, उनकी हालत यह है कि वे महल के बाहर खड़े होकर चिल्ला रहे हैं—चोर-चोर, हमारी मेहनत की कमाई (वोट) कोई चुरा ले गया!

इस पूरे प्रहसन में सबसे मजेदार किरदार बनकर उभरी हैं वहां की अरब नेतृत्व वाली पार्टियां—राअम, ताअल, बलद और उनके साथ सुर में सुर मिलाने वाली यहूदी कम्युनिस्ट पार्टी हदाश। जो पार्टियां अब तक इजराइल की राजनीति के कोने में बैठकर यहूदी राष्ट्रवाद को कोसती थीं और फिलिस्तीनियों के हक में कसीदे पढ़ती थीं, वे आज अचानक 19 सीटें झटक कर इजराइल की भाग्यविधाता यानी किंगमेकर बन बैठी हैं! यह देखकर नेतन्याहू गुट की बौखलाहट ऐसी है, मानो किसी कट्टर शाकाहारी की थाली में गलती से कबाब परोस दिया गया हो। अब लिकुड पार्टी ने बिना किसी ठोस सबूत के एक ऐसा भड़काऊ और भावुक बयान जारी किया है, जिसे सुनकर पूरी दुनिया के व्यंग्यकार अपनी कलम तोड़ लें। उसने कहा है कि इजराइल में चुनाव चुरा लिए गए हैं! संसद पर विदेशी कब्जा कराने और इजराइल का इस्लामीकरण करने के लिए यह सब किया गया है। वाह! क्या टाइमिंग है। जब तक आप जीत रहे थे, तब तक इजराइल का लोकतंत्र मोसाद की तरह अचूक और पवित्र था। जैसे ही जनता ने उंगली का रुख बदला, लोकतंत्र का इस्लामीकरण हो गया। आरोप लगाया जा रहा है कि अरब मतदाताओं को घरों से निकालने के लिए जो फंडिंग आई, वह कतर और तुर्किये से आई थी। मतलब, इजराइल का प्रबुद्ध वोटर इतना भोला है कि वह कतर के इशारे पर वोट डाल आया! नेतन्याहू के मुख्य प्रतिद्वंद्वी और पूर्व सैन्य प्रमुख गादी आइसेनकोट ने इस पर बड़ा सटीक तंज कसा है। उन्होंने कहा कि मैं स्वागत करता हूं कि नेतन्याहू आखिरकार कतर की दखलंदाजी की निंदा कर रहे हैं। जनता को सब याद है कि कैसे कभी नेतन्याहू जी खुद कतर के पैसों के मामले में घिरे थे, लेकिन सत्ता की कुर्सी जब खिसकती है, तो याददाश्त का कमजोर होना और दूसरों पर उंगली उठाना एक शाश्वत सत्य बन जाता है। इजराइली पुलिस भी इस लोकतंत्र के जश्न में पीछे नहीं रही। उसने चुनाव की निष्पक्षता की जांच का ऐसा पवित्र वादा किया है, मानो दक्षिणी इजराइल में मतदाताओं को रिश्वत देने के शक में पकड़े गए वे तीन-चार लोग पूरी नेसेट की तकदीर बदल रहे थे। राष्ट्रपति इसाक हर्जोग भी चुनाव के इस संवेदनशील मोड़ पर परेशान हैं और पूरे अरब समुदाय को बदनाम न करने की दुहाई दे रहे हैं, लेकिन जब कुर्सी खतरे में हो, तो समुदाय क्या और लोकतंत्र क्या! इस पूरे मामले की पराकाष्ठा देखिए, जो नेतन्याहू फिलिस्तीन और हमास के खिलाफ सख्त रवैये के सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर थे, आज उन्हीं के देश में ऐसा खेला होने की आशंका है कि अगर अरब पार्टियों के समर्थन से विपक्षी गठबंधन की सरकार बन गई, तो इजराइल को अपनी पूरी विदेश नीति का व्याकरण बदलना पड़ सकता है। अंततः, नेतन्याहू साहब वोट चोरी का यह विलाप इसलिए कर रहे हैं ताकि विपक्ष और अरब पार्टियों के बीच किसी भी तरह के ऐतिहासिक यहूदी-अरब गठबंधन को देशद्रोह घोषित करके रोका जा सके। क्योंकि वे जानते हैं कि अगर इस बार वे सत्ता से बाहर हुए, तो सालों पुराने भ्रष्टाचार के मामले और 7 अक्टूबर के हमलों की सुरक्षा खामियां भूत बनकर उन्हें डराएंगी। कुल मिलाकर, इजराइल का यह चुनाव सिखाता है कि चाहे देश बुलेटप्रूफ जैकेट पहनता हो, या आयरन डोम से सुरक्षित हो, चुनाव हारने के बाद जो रोना रोया जाता है, उसका सुर पूरी दुनिया में एक जैसा ही होता है!

(यह लेखक के अपने विचार हैं।)

कोरस

संदीप ठाकुर

रात-दिन रोने से भी कुछ बात बन पाई कहां

रात-दिन रोने से भी कुछ बात बन पाई कहां
खूब बरसीं आंख पर पर बरसात बन पाई कहां

चांद तारे पेड़ दरिया सब बनाने ही पड़े
कैनवस पे सिर्फ काली रात बन पाई कहाँ

ढल न पाई सोच जब तक मिट्टी में कुम्हार की
चाक तो घूमा बहुत पर बात बन पाई कहां

देख कर मैं भी तुझे अन-देखा कर देता मगर
फिर मिलन की सूरते हालात बन पाई कहां

इक दिखावा थी मुहब्बत बस दिखावा ही रही
झूठी हमदर्दी कभी जज़्बात बन पाई कहां

पड़ गईं सब चाल उल्टी प्यार की शतरंज में
मेरे दिल की कोई भी शह मात बन पाई कहां



सीता के किरदार पर रंग-रूप की बहस

अजय कुमार

नितेश तिवारी की रामायण में साई पल्लवी को सीता बनाए जाने पर उठे सवाल अभिनय या सिनेमाई कल्पना तक सीमित नहीं हैं। सोशल मीडिया पर उनकी त्वचा, घुंघराले बाल और चेहरे की बनावट को लेकर टिप्पणियां हो रही हैं। साफ है कि यहां देवी के चरित्र से ज्यादा अभिनेत्री के रंग-रूप की चिंता है। यह कैसी भक्ति है, जिसमें सीता की गरिमा बचाने के नाम पर एक जीवित स्त्री की गरिमा कुचली जा रही है? सोशल मीडिया पर असहमति जताना दर्शक का अधिकार है, लेकिन किसी अभिनेत्री के चेहरे पर अपमानजनक टिप्पणी करना न तो समीक्षा है और न धार्मिक संवेदना की रक्षा। फिल्म की पहली झलक अधूरी होती है; उसमें अभिनय का पूरा संदर्भ और चरित्र का विकास दिखाई नहीं देता। सीता की छवि किसी एक चेहरे की जागीर नहीं। वाल्मीकि रामायण से रामचरितमानस और दक्षिण भारतीय रामकथाओं तक प्रस्तुति में समय और समाज की छाप रही है। संस्कृत काव्य में सौंदर्य-वर्णन हैं, लेकिन उन्हें अभिनेत्री के लिए फोटोग्राफिक निर्देश मान लेना साहित्य की समझ नहीं, सुविधा का आग्रह है। कमल, स्वर्ण या चंद्रमा की उपमा से यह तय नहीं होता कि सीता की त्वचा कितनी उजली हो या बाल सीधे ही हों। अलग-अलग रामायणों में कथानक और चरित्रों के प्रसंगों तक में अंतर मिलता है। यही इस महाकाव्य की जीवंतता है। उसे किसी एक दौर के टीवी मेकअप, हेयरस्टाइल और कैमरा-फ्रेम से बांध देना परंपरा को बचाना नहीं, उसे संग्रहालय की वस्तु बना देना है।

1987 में दूरदर्शन पर शुरू हुई रामानंद सागर की रामायण ने दर्शकों की स्मृति में सीता की प्रभावशाली छवि बनाई। दीपिका चिखलिया उस भूमिका में इतनी लोकप्रिय हुईं कि बाद की पीढ़ियों ने भी उसी चेहरे को सीता का पर्याय मान लिया। 2020 के लॉकडाउन में दोबारा प्रसारण ने उस स्मृति को और मजबूत किया। प्रसार भारती के मुताबिक पुनः प्रसारण ने 2015 के बाद हिंदी मनोरंजन कार्यक्रमों में सबसे ऊंची रेटिंग हासिल की; 16 अप्रैल 2020 को दूरदर्शन ने 7.7 करोड़ वैश्विक दर्शकों का आंकड़ा जारी किया। लेकिन लोकप्रियता किसी कलाकार को हमेशा के लिए भूमिका का मालिकाना हक नहीं देती। दीपिका की सीता यादगार हैं, अंतिम सीता नहीं।दीपिका चिखलिया ने जुलाई 2026 में साई पल्लवी की प्रतिभा की तारीफ की, साथ ही कहा कि पुरानी रामायण को दर्शकों के मन से हटाना आसान नहीं होगा। अगस्त में उन्होंने भरोसा जताया कि फिल्म रिलीज होने पर दर्शक साई को स्वीकार कर लेंगे। पुराने कलाकार का सम्मान नई अभिनेत्री के अपमान की अनुमति नहीं बन सकता। विरासत का अर्थ दरवाजा बंद करना नहीं, अगली पीढ़ी को अपनी व्याख्या करने देना है।

इस विवाद की असली जड़ भारतीय समाज का रंगभेदी सौंदर्यबोध है। 2024 में एएससीआई, यूएन वुमन के अनस्टिरियोटाइप एलायंस और कांतर के अध्ययन ने 13 भाषाओं के 250 से अधिक भारतीय विज्ञापनों का विश्लेषण किया। केवल 4 प्रतिशत विज्ञापनों में त्वचा के रंगों की विविधता दिखाई गई, जबकि वैश्विक औसत 27 प्रतिशत था। जातीय विविधता दिखाने वाले भारतीय विज्ञापन महज 3 प्रतिशत थे, जबकि वैश्विक औसत 19 प्रतिशत था। इतने विविध देश के विज्ञापन अब भी सीमित सौंदर्य-ढांचे में फंसे हैं। यह आंकड़ा केवल विज्ञापन की कमी नहीं बताता; यह तय करता है कि स्क्रीन पर किसे सामान्य, सुंदर और स्वीकार्य माना जा रहा है। जब विज्ञापन भारत की त्वचा-विविधता का सिर्फ छोटा हिस्सा दिखाते हैं, तब फिल्मी चेहरों से भी एक ही रंग-रूप की अपेक्षा पैदा होती है। 2024 में जर्नल ऑफ कॉस्मेटिक डर्मेटोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन ने 2010 से 2023 के बीच दक्षिण एशिया के 152 फेयरनेस क्रीम विज्ञापनों को परखा। इनमें 128 विज्ञापन महिलाओं को लक्ष्य करके बने थे, यानी 84.21 प्रतिशत; पुरुषों को लक्ष्य करने वाले 24, यानी 15.79 प्रतिशत थे। 118 विज्ञापनों में सेलिब्रिटी शामिल थे। अध्ययन में 47.37 प्रतिशत विज्ञापनों ने खास सामग्री या घटकों का उल्लेख किया। यानी सौंदर्य को त्वचा की सेहत से जोड़ने के बजाय उसे बदलने की बिक्री-भाषा बनाई गई। बाजार महिलाओं को बताता रहा है कि सुंदर दिखने के लिए रंग हल्का करना जरूरी है और उसी सोच को बेचने के लिए लोकप्रिय चेहरों का इस्तेमाल करता है। 2025 में 30 अखबारों के वैवाहिक विज्ञापनों पर हुए अध्ययन ने भी 2010 से 2024 तक गोरी त्वचा को प्राथमिकता देने वाला पूर्वाग्रह लगातार मौजूद पाया।

साई पल्लवी का इस बहस में खड़ा होना इसलिए महत्वपूर्ण है कि उन्होंने अपने चेहरे को बाजार की मांग के मुताबिक नहीं बदला। 2019 में दो करोड़ रुपये के कथित फेयरनेस क्रीम विज्ञापन को ठुकराने की खबर आई; बाद में उन्होंने खुद भी इसकी पुष्टि की। दो करोड़ रुपये की रकम की खबर उस समय व्यापक चर्चा में आई थी; इसे हर रिपोर्ट में पुष्ट अनुबंध राशि की तरह पेश करना ठीक नहीं। अहम बात यह है कि साई ने फेयरनेस उत्पाद का प्रचार करने से इनकार किया और त्वचा के रंग को हीनता से जोड़ने वाली सोच का विरोध किया। प्रेमम, फिदा, लव स्टोरी, श्याम सिंघा रॉय और गार्गी में उनकी पहचान सहजता और अभिनय से बनी। रंगत को योग्यता का पैमाना बनाना आलोचना नहीं, पूर्वाग्रह है। इसमें लैंगिक दोहरा मापदंड भी है। राम की भूमिका में रणबीर कपूर की कास्टिंग पर चर्चा हुई, लेकिन बहस का बड़ा हिस्सा उनकी त्वचा या बालों पर नहीं अटका। सीता की भूमिका में अभिनेत्री आते ही शरीर, रंग और बाल जांच का विषय बन जाते हैं। पुरुष कलाकार को किरदार में ढलने का अवसर मिलता है; महिला से पहले ही आदर्श सौंदर्य की शर्त पूरी करने की उम्मीद की जाती है। यह तुलना किसी कलाकार की त्वचा को दूसरी से बेहतर बताने के लिए नहीं, आलोचना के असमान पैमाने को दिखाने के लिए है। राम के लिए अभिनय और व्यक्तित्व की बात होती है, सीता के लिए पहले चेहरा जांचा जाता है। रामायण जैसी संवेदनशील कथा में कॉस्ट्यूम, आभूषण, संवाद, भाषा, मेकअप और दृश्यांकन पर सवाल उठना स्वाभाविक है। यदि स्टाइलिंग प्रसंग से मेल नहीं खाती तो निर्देशक और डिजाइन टीम से जवाब मांगा जाना चाहिए। साई की हिंदी या अभिनय पर भी दर्शक फिल्म देखने के बाद राय बना सकते हैं। भाषा की दिक्कत हो तो प्रशिक्षण, संवाद-निर्देशन और डबिंग के रास्ते मौजूद हैं। किसी कलाकार की जन्मभूमि को उसकी सांस्कृतिक पात्रता का प्रमाणपत्र बना देना भारतीय सिनेमा की साझी परंपरा के खिलाफ है। सीता का चरित्र सौंदर्य प्रतियोगिता का मंच नहीं। अशोक वाटिका में रावण के सामने प्रतिरोध, विपत्ति में धैर्य और आत्मसम्मान उनकी पहचान हैं। उनकी शक्ति चेहरे की बनावट से नहीं, निर्णय और नैतिक दृढ़ता से आती है। पर्दे पर यह शक्ति अभिनय, पटकथा और निर्देशन से दिखाई देगी, त्वचा के रंग से नहीं। फिल्म का पहला भाग 5 नवंबर 2026 को रिलीज होना तय है। फिल्म दो भागों में बनाई जा रही है और दूसरा भाग दिवाली 2027 में प्रस्तावित है। दर्शक उसे देखकर फैसला करें कि साई ने भूमिका के साथ न्याय किया या नहीं। रामायण की ताकत किसी एक कलाकार की स्थायी तस्वीर में नहीं, उसके मूल्यों और नए अर्थ देने की क्षमता में है। हर युग ने अपने राम और अपनी सीता देखी है। अगर आज की सीता को 1987 की तस्वीर की हूबहू नकल होना पड़े, तो नई फिल्म बनाने का औचित्य क्या है? सीता की गरिमा के नाम पर साई पल्लवी की रंगत पर हमला करने वाले उसी सोच को मजबूत कर रहे हैं, जो महिला को पहले सुंदर और बाद में सक्षम मानती है। सवाल यह नहीं कि साई सीता जैसी दिखती हैं या नहीं; सवाल है कि क्या हम उनके साहस, स्वाभिमान और गरिमा को पहचानने लायक नजर रखते हैं?

(यह लेखक के अपने विचार हैं।)

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

खबरें एक नजर में

जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई: डीएम

हमीरपुर। जिलाधिकारी अशोक कुमार ने शुक्रवार को जनसुनवाई में दूरदराज क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने गूगल मीट के माध्यम से संबंधित अधिकारियों से सीधे संवाद कर शिकायतों की जानकारी ली और कई मामलों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान शासन की प्राथमिकता है। अधिकारी शिकायतों को औपचारिकता न समझें, बल्कि प्रत्येक मामले में प्रभावी कार्रवाई कर पीड़ित को वास्तविक राहत पहुंचाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी कार्रवाई पूरी करने के साथ शिकायतकर्ता को भी इसकी जानकारी दें। पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में भी तत्परता बरती जाए।

ट्रक की टक्कर से आपे सवार दो सब्जी व्यापारी गंभीर घायल

मौदहा। नेशनल हाईवे-34 पर मकरांव के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रहे सब्जी लदे आपे में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में आपे सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मौदहा कस्बे से आपे में सब्जियां लादकर दो लोग सुमेरपुर जा रहे थे। तभी मकरांव के पास सामने से आ रहे ट्रक ने आपे को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आपे सवार शाहिद खान (50) पुत्र छंग्गा निवासी रागौल तथा नईमुद्दीन (55) पुत्र शम्सुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। एंबुलेंस की मदद से दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया।

दशहरा मिलन समारोह में कवियों ने बिखेरे काव्य के रंग

गुरसराय (झांसी)। इशुरी बुंदेली साहित्य शोध संस्थान के तत्वावधान में एरच रोड पर दशहरा मिलन समारोह के उपलक्ष्य में सरस काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। अध्यक्षता डॉ. सुकदेव व्यास ने की। मां सरस्वती के पूजन के बाद डॉ. व्यास ने वाणी वंदना प्रस्तुत कर बुराइयों से दूर रहने और अच्छे कर्म करने का संदेश दिया।संस्था के उपाध्यक्ष शिशुपाल सिंह 'सरस' ने अपनी रचना के माध्यम से सामाजिक परिस्थितियों पर व्यंग्य किया। प्रेमा शर्मा और चंद्रभान सिंह 'चंदर' ने बुंदेली रचना सुनाई, जबकि डॉ. सावित्री शर्मा ने भगवान राम के पुनः भारत भूमि पर आने की कामना से जुड़ी रचना प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। कार्यक्रम का संचालन सुनील व्यास ने किया।

जिले के 2.01 लाख किसानों के खातों में पहुंचे 40.31 करोड़ रुपये

झांसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के बनासकांठा से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त जारी की। इसके तहत झांसी जनपद के 2,01,585 किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से 40.31 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए।इस अवसर पर विकास भवन सभागार सहित जिले के विकासखंडों और पंचायत भवनों में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। विकास भवन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड ने की। उन्होंने बताया कि योजना के तहत पात्र किसान परिवारों को सालाना छह हजार रुपये तीन किस्तों में दिए जाते हैं। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारी और प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

बदलते मौसम के मिजाज ने बढ़ाई किसानों की चिंता

समथर (झांसी)। बदलते मौसम के मिजाज को देखते हुए क्षेत्र के किसानों की चिंताएं बढ़ने लगी हैं खेतों में धान की फसल पककर तैयार होने की स्थिति में है, ऐसे में मौसम में अचानक बदलाव और आसमान में बादलों की आवाजाही से किसानों को फसल की चिंता सताने लगी है। किसानों का कहना है कि यदि मौसम का मिजाज इसी तरह बदलता रहा तो खेतों में खड़ी धान की फसल प्रभावित हो सकती हैद्य किसान सुरेंद्र बादल ने अपनी चिंता जाहिर करते हुए बताया कि उन्होंने बड़ी मेहनत और लागत लगाकर धान की फसल तैयार की है। अब फसल पकने के समय मौसम का बदलता रुख उनकी परेशानी बढ़ा रहा है। किसानों को आशंका है कि मौसम खराब होने से उनकी मेहनत पर पानी फिर सकता है।किसानों ने बताया कि इस समय फसल की देखभाल बेहद जरूरी है। मौसम को लेकर किसान लगातार आसमान की ओर नजर लगाए हुए हैं।

चोरी गए ट्रैक्टर को बरामद कराने की मांग

नरैनी। कोतवाली क्षेत्र के पनगरा गांव निवासी द्वारिका प्रसाद पुत्र महावीर तिवारी पुलिस अधीक्षक को दिए पत्र में बताया कि तीन अक्टूबर की रात कस्बा स्थित मैरिज हाल से उसका स्वराज 735 न्यू मॉडल ट्रैक्टर चोरी हो गया। अगले दिन कोतवाली में पुलिस को सूचना दी। ट्रैक्टर चोरी हुए 26 दिन बीत चुके हैं। लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं लगा है। पीड़ित का कहना है कि वह ट्रैक्टर को खेती-किसानी के कार्यों में लगाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। ट्रैक्टर चोरी होने के बाद उसके सामने परिवार की रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। चोरी गए ट्रैक्टर को बरामद कर घटना में शामिल चोरों की गिरफ्तारी की मांग की।

पीईटी परीक्षा केंद्रों पर रही कड़ी निगरानी 12 केंद्रों पर दो पालियों में हुई परीक्षा

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।

जिलाधिकारी अशोक कुमार ने शुक्रवार को प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 के तहत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुछेछा स्थित परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा संचालन, सुरक्षा व्यवस्था और अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के 12 केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित की जा रही है। प्रत्येक केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। इसके अलावा बाह्य सह-केंद्र व्यवस्थापक और आंतरिक व बाह्य कक्ष निरीक्षकों की व्यवस्था की गई है। एसडीएम को भी अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर परीक्षा व्यवस्था पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। बाहरी जनपदों से आने वाले अभ्यर्थियों के ठहरने के लिए होटल, सराय, नगरपालिका सभागार, अंबेडकर पार्क और रैन बसेरों में व्यवस्था की गई है। होटल संचालकों को उचित दरों पर कमरे उपलब्ध कराने को कहा गया है। आवागमन के लिए ई-रिक्शा की रियायती और कुछ स्थानों पर निःशुल्क सुविधा दी जा रही है। बेतवा और यमुना पुल पर जाम रोकने के लिए एआरटीओ व पीटीओ की ड्यूटी लगाई गई है। एनएचएआई की ओर से क्रेन की व्यवस्था भी की गई है, ताकि खराब वाहनों को तत्काल हटाया जा सके।

शांतिपूर्ण संपन्न हुई पीईटी परीक्षा

हमीरपुर। जनपद में प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) शुक्रवार को 12 केंद्रों पर दो पालियों में शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संपन्न हुई। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राकेश कुमार ने बताया कि प्रथम पाली में 5,136 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 3,442 उपस्थित और 1,694 अनुपस्थित रहे। इस पाली में 67.02 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। वहीं द्वितीय पाली में 3,341 अभ्यर्थी शामिल हुए और 1,795 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में उपस्थिति 65.05 प्रतिशत रही। प्रशासनिक एवं मजिस्ट्रेट स्तर पर की गई निगरानी के बीच दोनों पालियों की परीक्षा बिना किसी व्यवधान के संपन्न हुई।

बारिश में भी खाद के लिए लगी रही किसानों की लंबी कतार

सुमेरपुर। कस्बे में डीएपी और यूरिया की किल्लत से किसान परेशान हैं। सहकारी समितियों में हड़ताल और अधिकांश केंद्रों पर खाद का स्टॉक खत्म होने से पीसीएफ किसान सेवा केंद्र पर भारी भीड़ उमड़ रही है। शुक्रवार को बारिश के बावजूद किसान सुबह चार बजे से खाद के लिए कतार में खड़े रहे। सुबह तक केंद्र के बाहर 500 से अधिक किसान जमा हो गए। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। घंटों इंतजार और धीमी वितरण व्यवस्था के चलते कई किसानों को बिना खाद लौटना पड़ा। रबी फसलों की बुआई का समय निकलने से किसान चिंतित हैं। सरकारी केंद्रों पर खाद नहीं मिलने से उन्हें खुले बाजार में महंगे दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है।

तूफान के असर से दिनभर होती रही रिमझिम बारिश

सुमेरपुर। अर्नब तूफान के असर से शुक्रवार को क्षेत्र में दिनभर रुक-रुककर बारिश होती रही। इससे कृषि कार्य प्रभावित हुआ और तापमान में गिरावट से ठंड बढ़ गई। किसान कटी पड़ी धान की फसल को सुरक्षित करने में जुटे रहे। बारिश के चलते खेतों में जुताई और बुआई का काम थम गया। हल्की बारिश से फिलहाल फसलों को नुकसान नहीं हुआ है।

किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त का सजीव प्रसारण देखा

कुरारा (हमीरपुर)। कस्बे के भौली रोड स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में शुक्रवार को प्रधानमंत्री द्वारा किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त जारी किए जाने का सजीव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। कृषि विभाग की ओर से किसानों को प्रधानमंत्री का संबोधन भी दिखाने की व्यवस्था की गई। इसके अलावा ग्राम पंचायतों, ब्लॉक सभागार, राजकीय बीज भंडार, सहकारी समितियों तथा निजी खाद-बीज केंद्रों पर भी सजीव प्रसारण किया गया। इस दौरान किसानों को सम्मान निधि के महत्व और कृषि विकास में इसकी उपयोगिता की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कुरारा देहात के प्रधान अमित निषाद, प्रगतिशील किसान सतीश पालीवाल, उपकृषि निदेशक और कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

37 केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से पीईटी परीक्षा संपन्न

जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

समृद्धि न्यूज़, झांसी।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 शुक्रवार को जिले के 37 केंद्रों पर दो पालियों में संपन्न हुई। जिलाधिकारी गौरांग राठी और अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय चावला ने बुंदेलखंड महाविद्यालय स्थित केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों और सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की निगरानी में परीक्षा कराई गई।अपर जिलाधिकारी के अनुसार, पहली पाली में 15,696 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 10,305 उपस्थित और 5,391 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 10,276 उपस्थित तथा 5,420 अनुपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों को पेयजल, शौचालय और अन्य जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।परीक्षार्थियों और उनके परिजनों की सुविधा के लिए नगर के रैनबसेरों में निःशुल्क ठहरने की व्यवस्था की गई। अधिकारियों ने रैनबसेरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एक नवंबर को भी जिले के 37 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी।

खाद दुकानों पर रेट बोर्ड लगाना जरूरी अधिक कीमत वसूलने पर होगी कार्रवाई

हमीरपुर। किसानों को निर्धारित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन ने निजी खाद विक्रेताओं को दुकानों पर रेट बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए हैं। बोर्ड ऐसी जगह लगाया जाएगा, जहां दुकान में प्रवेश करते ही किसानों को खाद की कीमत स्पष्ट दिखाई दे। प्रत्येक बिक्री पर किसान को कैश मेमो या रसीद देना भी अनिवार्य होगा। निरीक्षण में निर्धारित दर से अधिक कीमत वसूलने, रसीद न देने या स्टॉक संबंधी जानकारी प्रदर्शित न करने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के अनुसार रबी अभियान 2026-27 में अब तक 4,695 मीट्रिक टन यूरिया और 7,286 मीट्रिक टन फॉस्फेटिक उर्वरक वितरित किया जा चुका है। वर्तमान में 13,442 मीट्रिक टन यूरिया और 7,953 मीट्रिक टन फॉस्फेटिक उर्वरक उपलब्ध है। किसानों से अपील की गई है कि उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता को देखते हुए अनावश्यक भंडारण न करें।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **25.11.2026 को 15:00 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें, यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

1	निविदा सूचना संख्या	01112026 दिनांक 30.10.2026
2	निविदा संख्या	43-SrDEN-I-LKO-2026-27
3	कार्य का नाम	सहायक मंडल अभियंता-प्रथम/लखनऊ के अंतर्गत सी.से.इंजी/कार्य/लखनऊ के खंड में लखनऊ डिवीजन (साउथ सिटी आरयुबी) के यूटीआर-टीपीएनआर बाईपास खंड के अंतर्गत किमी 5/22-24 पर ट्विन बॉक्स आरयुबी/एलएचएस की व्यवस्था।
4	अनुमानित लागत	रु. 11,05,24,787.09
5	धरोहर राशि	रु. 22,10,500.00
6	कार्य की समापन अवधि	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से नौ माह।
7	निविदा डालने की प्रारंभ तिथि	11.11.2026
8	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	25.11.2026
9	वेबसाईट	www.ireps.gov.in

नोटः- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3815/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

- तेज रफ्तार ट्रक के पहिए के नीचे आया बाइक सवार, साथी घायल

समृद्धि न्यूज, महोबा।

जिले के कबरई थाना क्षेत्र के बांदा रोड पर पहरा मोड़ के पास गुरुवार शाम हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। भारत गैस एजेंसी के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मृतक के परिजनों ने पुलिस पर शव न दिखाने और उन्हें गुमराह करने का आरोप लगाया है। इंदिरा नगर मोहल्ला का रहने वाला जितेंद्र अपने साथी आशीष यादव के साथ बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान पहरा मोड़ के पास ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद जितेंद्र (28)वर्ष ट्रक के पहिए के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, आशीष घायल हो गया।हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल आशीष को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कबरई पहुंचाया। मृतक के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। मृतक के मामा रामनारायण ने आरोप लगाया कि सूचना मिलने पर जब वह जिला अस्पताल पहुंचे तो पुलिसकर्मियों ने उन्हें शव नहीं दिखाया।

किशोरी ने फांसी लगायी

बांदा। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के देवीन नगर निवासी माया (17) पुत्री दीनदयाल ने गुरुवार को सुबह घर पर कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। दोपहर बाद घर लौटे माता-पिता ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के भाई अजय ने बताया कि घटना के वक्त माया घर पर अकेली थी। पिता व मां शकुंतला पड़ोसी के घर मजदूरी करने और छोटे भाई बहन स्कूल चले गए थे। घटना के समय घर सूना था।

पीईटी की दूसरे दिन की परीक्षा भी शांतिपूर्ण संपन्न दोनों पालियों में 7,007 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

- डीएम व एसपी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परखी व्यवस्थाएं, सीसीटीवी कैमरों से रखी गई कड़ी निगरानी

समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।

प्रारंभिक अर्हता परीक्षा को नकलविहीन, निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। शुक्रवार को जनपद के 12 परीक्षा केंद्रों पर दूसरे दिन की परीक्षा दोनों पालियों में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। जिलाधिकारी समीर व पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी और परीक्षार्थियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हो रही निगरानी, कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली, परीक्षा कक्षों की व्यवस्था तथा पेयजल एवं शौचालय जैसी आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने परीक्षा की शुचिता बनाए रखने और सभी व्यवस्थाओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनपद में परीक्षा के लिए कुल 12 केंद्र बनाए गए हैं। दूसरे दिन प्रत्येक पाली में 4,992 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। प्रथम पाली में 3,519 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1,473 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पाली में 70.49 प्रतिशत अभ्यर्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई। वहीं द्वितीय पाली में 3,488 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए तथा 1,504 अनुपस्थित रहे। इस पाली में 69.87 प्रतिशत उपस्थिति रही। इस प्रकार दोनों पालियों को मिलाकर कुल 7,007 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्रों पर सतत निगरानी, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और व्यवस्थाओं के नियमित निरीक्षण के चलते जनपद में टीईटी-2026 के दूसरे दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सकुशल हुई।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, कायमगंज-फर्रुखाबाद।

पत्रांक 6001/ कैशि0/ निष्प्रयोज्य भवन/ नीलामी सूचना/2026 दिनांक 29/10/ 2026

नीलामी नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकास खंड कायमगंज, जनपद फरुखाबाद परिसर में स्थित टाइप-1 के 07 नग निष्प्रयोज्य आवासीय भवन के ध्वस्तीकरण एवं उससे प्राप्त मलबा/अनुपयोगी सामग्री को नियमानुसार नीलाम किया जाना है। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित तिथि एवं समय पर नीलामी में भाग ले सकते हैं।

नीलामी का विवरणः-

स्थान-	विकास खंड कायमगंज
समग्री-	निष्प्रयोज्य भवन से प्राप्त मलबा/अनुपयोगी सामग्री
आरक्षित मूल्य-	रु 116887.19
धरोहर धनराशि (EMD)-	रु 11689-00
नीलामी की तिथि-	16-11-2026
समय-	पूर्वान्ह 11:00 बजे
नीलामी का स्थान/माध्यम-	विकास खण्ड सभागार, कायमगंज

शर्तेः-

1-सफल बोलीदाता को निर्धारित धरोहर धनराशि रू0 11689-00 एफ0डी0आर नियमानुसार जमा करनी होगी।
2-नीलाम सामग्री को निर्धारित अवधि में स्वयं के व्यय पर उठाना होगा।
3- सामग्री की गुणवत्ता/मात्रा के संबंध में बाद में कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।
4- सक्षम अधिकारी को नीलामी स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
5-अन्य सभी शर्तें संबंधित नियमों के अनुसार लागू होंगी।

(राजेन्द्र प्रसाद सिंह)
खण्ड विकास अधिकारी,
कायमगंज-फर्रुखाबाद।

डीएम ने एसपी के साथ पीईटी परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

- केंद्र व्यवस्थापक को दिए सकुशल परीक्षा कराने के निर्देश

समृद्धि न्यूज़, बांदा।

जिलाधिकारी अमित आसेरी ने पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के साथ प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) के लिए बनाए गए भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी स्थित परीक्षा केंद्र का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा कक्षों, अभ्यर्थियों के लिए की गई व्यवस्थाओं, सुरक्षा एवं निगरानी संबंधी प्रबंधों का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने संबंधित केंद्र व्यवस्थापक एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को निर्देशित किया कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाए। उन्होंने परीक्षा के दौरान सतर्कता बनाए रखने तथा अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के भी निर्देश दिए। ज्ञात हो कि जनपद में पीईटी की लिखित परीक्षा दो पालियों में कुल नौ परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। परीक्षा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।

कार्यालय-नगर पालिका परिषद् कायमगंज, जनपद-फर्रुखाबाद।

पत्रांकः 1314/298-05-स0एवं0स्वा0/न0पा0परि0का0/ई0नि0सू0/2026-27 दिनांकः 17-09-2026

ई-निविदा तिथि संशोधन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्रांकः-984/न0पा0परि0का0/ई0नि0सू0/2026-27 दिनांक 17/09/2026 द्वारा **नगर पालिका परिषद् कायमगंज के ग्राम लुधैया स्थित डम्पिंग ग्राउण्ड में लिगेसी वेस्ट रेमेडिएशन का कार्य** हेतु जो संशोधित ई-निविदा सूचना आंमत्रित की गई थी। उक्त ई-निविदा मॉडल आर0एफ0पी0 के अनुसार न होने के कारणों से ई-निविदा निरस्त की जाती है। पुनः उसकी तिथियों में संशोधन करते हुए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

अब उक्त ई-निविदा से सम्बन्धित संशोधित समय-सारणी निम्वत् रहेगी।

ई-निविदा सन्दर्भ	/न0पा0परि0का0/2026-27
ई-निविदा के प्रकाशन और प्रारम्भ तिथि एवं समय	02.11.2026 10:00 A.M.
ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय	02.12.2026 12:00 P.M.
ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय	03.12.2026 04:00 P.M.
ई-निविदा खोलने का स्थान	**अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् कायमगंज, फर्रुखाबाद।**

अतः मूल निविदा की अन्य सभी शर्ते नियम व नियम एवं विवरण यथावत रहेंगे। विस्तृत विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, कायमगंज,
फर्रुखाबाद।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, कायमगंज,
फर्रुखाबाद।

कार्यालय-नगर पालिका परिषद, कायमगंज, जनपद- फर्रुखाबाद

पत्रांकः 1294/न0पा0परि0का0/ 2026-27 दिनांक 29/10/2026

-: नामान्तरण सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदकों ने कर निर्धारण पंजिका में नामान्तरण के सम्बन्ध में आवेदन किया गया है। नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा-147(2) के अन्तर्गत सभी सम्बन्धित को नोटिस निर्गत किया जा चुके है, नामान्तरण पर किसी कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य सहित दर्ज करा सकते हैं। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नामान्तरण कर दिया जायेगा।

क्र0 सं0	भवन संख्या/ मोहल्ले का नाम	वर्तमान में अभिलेखों में अंकित भवन स्वामी का नाम	आवेदक/जिसके पक्ष में नामान्तरण होना है।	नामान्तरण का आधार
1	भवन सं0-422 से 424 वार्ड सं0-10 मो0-रेलवे रोड, कायमगंज	श्री जगदीश सिंह पुत्र श्री कृपाल सिंह	श्री राजीव कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह व शैलेन्द्र सिंह पुत्रगण स्व0 जगदीश सिंह	विरासतन
2	भवन सं0-449 वार्ड सं0-20 मो0-सधवाड़ा, कायमगंज	श्री नरेश चन्द्र पुत्र श्री श्याम बिहारी, आकाश अग्रवाल पुत्र श्री रमेश चन्द्र	श्रीमती रूचि अग्रवाल पत्नी श्री संदीप कुमार अग्रवाल	रजि0 बैनामा
3	प्लाट सं0-72 वार्ड सं0-07 मो0-नई बस्ती, कायमगंज	श्रीमती सनोवर जहाँ बेगम पत्नी श्री अब्दुल नईम	श्री मनोज कुमार पुत्र श्री लखमीचन्द्र, श्रीमती सोनल गंगवार, अवनीन्द्र गंगवार, श्रीमती सरिता गंगवार पत्नी श्री अवनीन्द्र गंगवार पुत्र श्री प्रताप सिंह गंगवार	रजि0 बैनामा
4	भवन/दुकान सं0-82, 83, 84 वार्ड सं0-10 मो0-रेलवे रोड, कायमगंज	श्री हसनैन अली पुत्र श्री कमल अली खाँ	श्री मनोज कुमार पुत्र श्री लखमीचन्द्र, श्रीमती सोनल गंगवार पत्नी श्री मनोज कुमार, श्रीमती सरिता गंगवार पत्नी श्री अवनीन्द्र गंगवार, श्री अवनीन्द्र गंगवार पुत्र श्री प्रताप सिंह गंगवार	रजि0 बैनामा
5	भवन सं0-45/N वार्ड सं0-02 मो0-रेलवे रोड, कायमगंज	श्री अरविन्द कुमार गंगवार पुत्र स्व0 कैलाश चन्द्र गंगवार	श्री देवांश गंगवार पुत्र स्व0 अरविन्द कुमार गंगवार, श्रीमती सोनी गंगवार पत्नी स्व0 अरविन्द कुमार गंगवार, श्रीमती अनुष्का सिंह पुत्री स्व0 अरविन्द कुमार गंगवार	विरासतन
6	भवन सं0-41 वार्ड सं0-18 मो0-छपट्टी, कायमगंज	श्री फजीलुद्दीन खाँ, शमसुद्दीन उर्फ शमसुद्दीन उर्फ नन्हें खां पुत्र श्री हकीमुद्दीन	श्रीमती नजमा बेगम, श्रीमती नगीना बेगम पुत्री श्री फजीलुद्दीन खाँ पत्नी श्री नियाजुल हसन खां, फौजिया बेगम, नाजरीन बेगम, नुसरत बेगम पुत्रीगण श्री फजीलुद्दीन खां	रजि0 वसीयत
7	भवन सं0-418 वार्ड सं0-11 मो0-सधवाड़ा, कायमगंज	श्री प्रदीप कुमार, शिवकुमार पुत्रगण श्री मुरारीलाल वर्मा	श्रीमती मुनीजा बेगम पत्नी श्री फरीद खाँ	रजि0 बैनामा
8	भवन सं0-111/120 वार्ड सं0-25 मो0-बजरिया रामलाल, कायमगंज	श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री सियाराम	श्री शैलेन्द्र कुमार पुत्र श्री ओमप्रकाश	रजि0 वसीयत
9	भवन/दुकान सं0-571 वार्ड सं0-08 मो0-पृथ्वीदरवाजा, कायमगंज	श्री मुकर्रम नवाज खां, श्री अली वारिस खाँ, श्रीमती सवा बेगम, श्रीमती नाजुक जहाँ बेगम, श्री शाहब खां, श्री नकीब खाँ, श्रीमती आफताव जहाँ, श्रीमती इफरत बेगम पुत्र/पुत्री श्री अजहर मोहम्मद खाँ, श्रीमती हुमा बेगम, श्रीमती सावख बेगम, श्रीमती निदा रहमान, श्रीमती आफताव जहाँ बेगम, श्री मो0 नवाज खाँ, श्री खुशनवाज, श्री इकबाल जहाँ पुत्र/पुत्री श्री अजहर मो0 खाँ, श्रीमती नाजमा बेगम, श्रीमती शरीफ बेगम पुत्री श्री अजहर मो0 खाँ	श्री मनोज कुमार पुत्र श्री लखमीचन्द्र, श्रीमती सोनल गंगवार पत्नी श्री मनोज कुमार, श्रीमती सरिता गंगवार पत्नी श्री अवनीन्द्र गंगवार, श्री अवनीन्द्र गंगवार पुत्र श्री प्रताप सिंह गंगवार	रजि0 बैनामा
10	भवन/दुकान सं0-588, 589, 589/01 वार्ड सं0-18 मो0-छपट्टी, कायमगंज	श्री सूरजभान पुत्र स्व0 महताब सिंह	श्री शैलेन्द्र सिंह पुत्र श्री सूरजभान सिंह, श्री रूपेन्द्र सिंह पुत्र श्री सूरजभान सिंह, श्री आकृष्ट गंगवार, श्री आर्यन गंगवार, श्री अभिषेक गंगवार पुत्रगण श्री जितेन्द्र सिंह	रजि0 वसीयत
11	भवन/दुकान सं0-547/556 वार्ड सं0-08 मो0-पृथ्वीदरवाजा कायमगंज	श्री रज्जू पुत्र श्री हब्बू	श्रीमती फरजाना बेगम पत्नी श्री सब्बन मंसूरी	रजि0 बैनामा
12	भवन सं0-145 वार्ड सं0-06, मो0-गंगादरवाजा, कायमगंज	श्रीमती शान्ती देवी पत्नी स्व0 सत्य प्रकाश	श्री संजय कुमार मिश्रा पुत्र स्व0 सत्यप्रकाश मिश्रा, श्रीमती संगीता मिश्रा पत्नी स्व0 संजीव मिश्रा, श्री अभिनव मिश्रा (नाबालिक) पुत्र स्व0 संजीव कुमार मिश्रा, माँ श्रीमती संगीता मिश्रा	विरासतन
13	प्लाट सं0-330 का जुज भाग वार्ड सं0-15, मो0-चिलौली पठान, कायमगंज	श्री शहबाज अली पुत्र श्री इरशाद अली खाँ, श्री आमिर अली पुत्र श्री तारिक अली खाँ	श्री प्रवीन कुमार पुत्र दयाराम	रजि0 बैनामा
14	भवन सं0-27 वार्ड सं0-06, मो0-गंगादरवाजा, कायमगंज	श्री सूरज प्रसाद पुत्र स्व0 गंगाचरन	श्रीमती आरती गुप्ता पत्नी श्री बलराम	रजि0 दानपत्र
15	भवन सं0-302 वार्ड सं0-21, मो0-गंगादरवाजा, कायमगंज	श्रीमती पंकज कुमारी पत्नी श्री राकेश चन्द्र व श्रीमती राजेश्वरी देवी पत्नी श्री बृजेश चन्द्र	श्रीमती राजेश्वरी देवी पत्नी श्री बृजेश चन्द्र	रजि0 बैनामा
16	भवन सं0-180 वार्ड सं0-07, मो0.नई बस्ती, कायमगंज	श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री सोहनलाल उर्फ श्री सोनेलाल	श्रीमती रेनू वर्मा पत्नी श्री विनोद कुमार, श्रीमती नीतू वर्मा, श्री प्रमोद कुमार वर्मा	रजि0 वसीयत + रजि0 दानपत्र
17	भवन सं0-21A/N वार्ड सं0-15, मो0-चिलौली पठान, कायमगंज	श्रीमती रश्मि रस्तोगी पत्नी श्री हरिओम (अध्यासी)	श्री दीपक कुमार वर्मा पुत्र श्री जगदीश चन्द्र	रजि0 बैनामा

(अंकित कुमार)
अवर अभियन्ता (सिविल)/प्रभारी कर
नगर पालिका परिषद् कायमगंज
फर्रुखाबाद

(डॉ0 लव कुमार मिश्र)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद् कायमगंज
फर्रुखाबाद

(डॉ0 शरद गंगवार)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद् कायमगंज
फर्रुखाबाद

पीईटी परीक्षा: डीएम-एसपी ने किया केंद्रों का निरीक्षण, परखी व्यवस्था

▸ 3404 परीक्षार्थी उपस्थित, 1468 रहे अनुपस्थित

समृद्धि न्यूज,महराजगंज।

जनपद में शुक्रवार को आयोजित पीईटी परीक्षा-2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए, जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल और पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों, कंट्रोल रूम, अभ्यर्थियों की जांच व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों और तैनात स्टैटिक मजिस्ट्रेट से परीक्षा संचालन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि अभ्यर्थियों के प्रवेश से लेकर ओएमआर शीट एवं अन्य परीक्षा संबंधी प्रपत्रों को आयोग तक भेजने की प्रक्रिया में निर्धारित दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन किया जाए। परीक्षा केंद्रों में केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश दिया जाए और परीक्षा की शुचिता किसी भी स्थिति में प्रभावित न होने पाए। डीएम ने बायोमेट्रिक प्रणाली से अभ्यर्थियों के सत्यापन की प्रक्रिया भी देखी। बारिश के कारण प्राकृतिक रोशनी कम होने के मद्देनजर उन्होंने सभी परीक्षा कक्षों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि परीक्षार्थियों को परीक्षा देने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

वहीं, पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखने तथा केंद्रों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने दी जाए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल उच्चाधिकारियों को दी जाए। दोनों अधिकारियों ने सबसे पहले लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। इसके बाद राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, आनंदराम और सेठ आनंदराम जयपुरिया इंटर कॉलेज पहुंचकर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुचारु रूप से संचालित होती मिली। प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीईटी परीक्षा की दोनों पालियों में कुल 3404 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 1468 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी फरेंदा, तहसीलदार फरेंदा, नायब तहसीलदार फरेंदा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

डीएम ने एफएलसी कार्य का किया निरीक्षण लिया जायजा

कुशीनगर। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों के मद्देनजर जिलाधिकारी संजय चौहान ने शुक्रवार को एफएलसी (फर्स्ट लेवल चेकिंग) कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच की प्रक्रिया का जायजा लिया तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं तकनीकी कार्मिकों से जांच कार्य की प्रगति एवं व्यवस्थाओं की जानकारी हासिल की। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि एफएलसी का कार्य भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं मानकों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता, सतर्कता और समयबद्धता के साथ संपन्न कराया जाए। उन्होंने मशीनों की जांच के दौरान निर्धारित प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन संबंधी सभी व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं सभी संबंधित अधिकारी एवं एफएलसी कार्य में लगे कार्मिक उपस्थित रहे।

चक्रवाती तूफान से बारिश ने बिगाड़ा किसानों का पूरा गणित

समृद्धि न्यूज, महराजगंज।

कल से चक्रवाती तूफान अर्णव के चलते जनपद में बारिश का दौर चल रहा है बारिश के साथ हवा के नाते तमाम धान की तैयार फसल गिर गई है वहीं तिलहन, आलू व दलहन की बुवाई की गयी पूरी फसल के नष्ट होने की स्थिति बन गई है। कुछ किसान तिलहनी व दलहनी फसल की बुवाई शुरू कर चुके थे और अधिकांश किसान धान की फसल की कटाई के ताने-बाने के साथ रवी फसलों की बुआई की तैयारी में जुटे थे। खाद बीज का इंतजाम कर रहे थे।ऐसे में बे मौसम हुई बारिश से खरीफ और रवी दोनों फसलों की गणित गड़बड़ा गई है। किसानों को धान की फसल के नुकसान की चिंता है वही रवी फसल की बुवाई की चिंता सताने लगी है। उल्लेखनीय है कि धान की पक चुकी अधिकांश फसल बारिश एव हवा के चलते पानी में गिर गई है। खेतों में पानी होने के कारण गिरी धान के फसल के जमने का खतरा बन गया है। दूसरी तरफ कुछ किसानो द्वारा सरसो,मसूर,आलू आदि की बुआई की गई थी जिनके नष्ट होने की प्रबलता बढ़ गई है। किसान खेतों में मौजूद फसल को बे मौसम बारिश से हो रहे नुकसान को लेकर चिंता में है वही अगली फसल की खेती कैसे होगी यह उनके सामने सवाल बन गया है। लगातार कभी हल्की तो कभी तेज हो रही बारिश के चलते अधिकांश क्षेत्रों के खेतो में पानी का जमाव हो गया है ऐसे में किसानो की सारी गणित गड़बड गई है। हलकान किसान मौसम के बिगड़े तेवर के बीच अपने भाग्य को कोसने के लिए विवश है।

जीत के बाद विधायक उमेश द्विवेदी का हुआ स्वागत

▸ समर्थकों ने माला पहनाकर किया अभिनंदन

समृद्धि न्यूज,बछरावां-रायबरेली।

शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी लगातार तीसरी बार जीत दर्ज कर हैट्रिक लगाने के बाद शुक्रवार को रायबरेली पहुंचे। इस दौरान प्रयागराज हाईवे स्थित बछरावां कस्बे के मुख्य चौराहे पर शिक्षकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया और जीत की बधाई दी।उमेश द्विवेदी के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में शिक्षक एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। समर्थकों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया। लगातार तीसरी बार जीत हासिल करने पर शिक्षकों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके प्रति अपना समर्थन और विश्वास भी जताया।स्वागत से अभिभूत शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने सभी शिक्षकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए उनके स्नेह और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।इस अवसर पर भगवान कुमार अवस्थी, अभिनव अवस्थी, हरिओम सोनी, अखिलेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

फरेन्दा पुलिस ने 30 लीटर कच्ची शराब के साथ तीन को किया गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज़ महराजगंज। अवैध कच्ची शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत फरेन्दा पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में हुई कार्रवाई में गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रामकिशुन निवासी बड़की कटईया, थाना कैम्पियरगंज (गोरखपुर), शंकरावती देवी और वीरेन्द्र निवासी मथुरानगर, टोला भारी बैसी, थाना फरेन्दा के रूप में हुई है। तीनों के पास से 10-10 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। पुलिस ने तीनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पांच बोरी यूरिया के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज, महराजगंज।

भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में खाद की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने की चुनौती के बीच तस्करी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन खाद की खेप पकड़े जाने के बावजूद इस अवैध कारोबार पर पूरी तरह लगाम नहीं लग पा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को नौतनवां पुलिस ने चण्डीथान डण्डा नदी के पास कार्रवाई करते हुए पांच बोरी भारतीय यूरिया खाद के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने मौके से खाद ढोने में इस्तेमाल की जा रही दो मोटरसाइकिलें भी बरामद की हैं।पुलिस के अनुसार, 30 अक्टूबर को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर नौतनवां पुलिस ने चण्डीथान डण्डा नदी के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दो संदिग्धों को रोककर तलाशी ली गई तो उनके कब्जे से भारतीय यूरिया खाद की पांच बोरियां बरामद हुईं। इनमें एक के पास तीन और दूसरे के पास दो बोरी खाद मिली। पुलिस ने दोनों मोटरसाइकिलों को भी कब्जे में ले लिया।गिरफ्तार आरोपितों की पहचान नौतनवां थाना क्षेत्र के मुड़िला गांव निवासी इन्द्रदेव यादव (46) और बृजेश यादव (31) के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कस्टम अधिनियम की धारा 113 के तहत विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।सीमावर्ती क्षेत्र में खाद की तस्करी रोकने के लिए लगातार कार्रवाई के दावों के बावजूद इस तरह की घटनाएं कई सवाल खड़े कर रही हैं। खासकर यह कि सीमावर्ती इलाकों में खाद की अवैध आवाजाही पर स्थायी रोक लगाने के लिए निगरानी और कार्रवाई को और प्रभावी बनाने की जरूरत है।कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जय प्रकाश सिंह, हेड कांस्टेबल सतीश कुमार, कांस्टेबल शरद यादव और सुनील सिंह शामिल रहे।

खबरें एक नजर में

वृहद रोजगार मेले में 225 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

महराजगंज। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय महराजगंज एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नौतनवां के संयुक्त तत्वावधान में विधानसभा क्षेत्र नौतनवां में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में संस्थान के प्रधानाचार्य एवं जिला सेवायोजन अधिकारी पंकज सिंह उपस्थित रहे। रोजगार मेले में रोहित हाइब्रिड सीड्स, महादेव हनुमान विजय प्लेसमेंट सर्विसेज, लर्नर्न प्राइवेट लिमिटेड, जीएसए फाउंडेशन, हिम रतन बायोटेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, युवा शक्ति फाउंडेशन, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस एवं एक्सिस फाइनेंस सहित 17 से अधिक कंपनियों ने 1,000 से अधिक रिक्तियों के सापेक्ष प्रतिभाग किया। मेले में कुल 455 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 225 अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों द्वारा चयन किया गया।

एक लाख की ठगी का खुलासा, तीन सदस्य गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज़ महराजगंज। निचलौल पुलिस, एसओजी, स्वाट और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने अंतरराज्यीय टप्पेबाजी गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 30 अक्टूबर को टिकुलहिया पुल के पास से तीनों आरोपितों को दबोचा। इनके कब्जे से 25,200 रुपये नकद, पंजाब नेशनल बैंक के चार चेक, एक मोबाइल फोन और फर्जी नंबर प्लेट लगी पल्सर मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार, 14 अक्टूबर को निचलौल क्षेत्र के पतौना निवासी दशरथ सिंह एसबीआई से एक लाख रुपये निकालकर घर जा रहे थे। इसी दौरान आरोपितों ने आवास का पैसा दिलाने का झांसा देकर उनसे एक लाख रुपये ठग लिए और बदले में दो लाख रुपये का कूटरचित चेक थमा दिया। मामले में निचलौल थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच में घुघली क्षेत्र में भी इसी तरह की घटना को अंजाम देने की बात सामने आई है।गिरफ्तार आरोपितों की पहचान कृष्णा श्रीवास्तव, संजय पटेल और मंगल यादव के रूप में हुई है। तीनों बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में कार्रवाई की है।

युवती की जान लेने वाला चालक गिरफ्तार, भेजा जेल

कुशीनगर। पडरौना में शराब के नशे में बस चलाकर युवती की जान लेने के मामले में पडरौना कोतवाली पुलिस ने आरोपी बस चालक को गिरफ्तार कर लिया है। हादसे में युवती की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य लोग घायल हुए थे। पुलिस ने आरोपी बस चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 27 अक्टूबर की शाम पडरौना कोतवाली थाना क्षेत्र में बस संख्या यूपी 57 बीटी 1375 का चालक अजीत विश्वकर्मा कथित तौर पर शराब के नशे में बस चला रहा था। इसी दौरान बस ने एक युवती को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में कई अन्य लोग भी घायल हो गए थे। मृतका के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने 29 अक्टूबर को आरोपी अजीत विश्वकर्मा पुत्र जुगुल कुमार विश्वकर्मा, निवासी झुंगवा, थाना कसया को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर अग्रिम विधिक कराकर जेल भेज दिया है।

हाईवे पर लूट-चोरी की घटनाएं करने वाले चार गिरफ्तार

प्रयागराज। सरायइनायत थाना पुलिस ने हाईवे और आसपास के इलाकों में लूट-चोरी की घटनाओं के आरोप में चार युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध .32 बोर पिस्टल, मोबाइल फोन, 17,870 रुपये नकद, दो बाइक और एक ग्लैंजा कार बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी खड़े वाहनों के शीशे तोड़कर उनमें रखे मोबाइल फोन और नकदी चोरी करते थे। चोरी के सामान को बेचकर मिलने वाली रकम आपस में बांट लेते थे। गिरफ्तार आरोपियों में शिवम पासी उर्फ गुंडे का लंबा आपराधिक इतिहास भी बताया गया है। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

सरदार बल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण आज

प्रयागराज। भाजपा द्वारा राहुल शर्मा के सभागार गऊघाट में भाजपा नवनियुक्त प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्रवाद के वैचारिक क्रांति का योद्धा हैं जो राष्ट्रवादी विचारधारा को लेकर का देश और समाज के लिए कार्य करता है। फिर चाहे उसे पद प्रतिष्ठा मिले या न मिले। उसके लिए पद एक जिम्मेदारी हो सकती है लेकिन वह अपने को सिर्फ कार्यकर्ता ही मानता है। और संगठन को मजबूत करने के लिए लगा रहता है क्योंकि भाजपा को वह दल नहीं बल्कि मां मानता है। इस अवसर नवनियुक्त प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पदुम जायसवाल, ज्ञानेश्वर शुक्ला ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर कर काम करेंगे और और 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलाएंगे और कांग्रेस और सपा को हराने का काम करेंगे। राजेश केसरवानी ने बताया कि 31 को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जन्म जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री माननीय स्वतंत्र देव सिंह एवं महापौर गणेश केसरवानी के नेतृत्व में दोपहर 1:30 बजे सरदार पटेल मार्ग पर सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा अनावरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

संयुक्त जिला चिकित्सालय में मनाया गया कन्या जन्मोत्सव, 11 नवजात बालिकाएं व माताएं सम्मानित

कुशीनगर। शासन की मंशा के अनुरूप संयुक्त जिला चिकित्सालय, रविन्द्रनगर धूस के सभागार में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केक काटकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भुवन ने की। कार्यक्रम के दौरान 11 नवजात बालिकाओं एवं उनकी माताओं को बेबी किट, मिष्ठान एवं टेडी बियर प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही माताओं को अंगवस्त्र भेंट किए गए। सम्मानित लाभार्थियों में गुड़िया पत्नी दिनेश, निक्की पत्नी ऋषिकेश शर्मा, नजमा पत्नी कमरुद्दीन अंसारी, सुनीता देवी पत्नी विशाल, निशा पत्नी भीम गौंड, अनीता पत्नी उपेन्द्र यादव, अर्चना पत्नी मिट्ठू, सुनैना पत्नी संजय, गुलशन पत्नी प्रमोद गौंड, शीला पत्नी दिनेश गुप्ता तथा आफरीन खातून पत्नी फिरोज अहमद शामिल रहीं। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर नलिन सिंह ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की विस्तृत जानकारी दी। वहीं हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन की जेंडर स्पेशलिस्ट वंदना कुशवाहा ने महिला एवं बाल सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके उपयोग के बारे में बताया। उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वन स्टॉप सेंटर 181, महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112 तथा एंबुलेंस सेवा 108 एवं 102 के संबंध में जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान अमन मिश्रा द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित पम्पलेट वितरित किए गए तथा पात्र लाभार्थियों से योजनाओं का लाभ उठाने एवं अन्य पात्र लोगों को भी जागरूक करने की अपील की गई। कार्यक्रम के समापन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भुवन ने बेटियों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उनके शिक्षा, संरक्षण एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए परिवार और समाज को आगे आने का संदेश दिया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. के.पी. गौंड, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिलीप, जिला प्रोबेशन अधिकारी अमित कुमार श्रीवास्तव एवं महिला कल्याण विभाग की जेंडर स्पेशलिस्ट प्रीति सिंह एवं वंदना कुशवाहा, स्टाफ नर्स राजेश्वरी सहित लाभार्थी एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

13,144 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा 6,344 रहे अनुपस्थित

रायबरेली। जनपद में प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 का आयोजन निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। परीक्षा के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं पर नजर रखने के लिए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, प्रथम पाली में कुल 9,744 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 6,622 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 3,122 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं, द्वितीय पाली में भी 9,744 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 6,522 ने परीक्षा दी और 3,222 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 19,488 पंजीकरण के सापेक्ष 13,144 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 6,344 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा प्रक्रिया को सुचारु, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

4.86 लाख किसानों के खाते में पहुंची 24वीं किस्त

समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत आज 30 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गुजरात के बनासकांठा से योजना की 24 वीं किस्त जारी की गई है। इस अवसर पर देश भर के 9.34 करोड़ से अधिक किसान परिवारों के बैंक खातों में 18,680 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि सीधे हस्तांतरित की गई। इसी क्रम में कुशीनगर जनपद के 4.86 लाख पात्र किसानों के बैंक खातों में दो हजार कुल 97.21 करोड़ रुपये की धनराशि अंतरित किया गया है।

कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक अतिन्द्र सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना तथा कृषि कार्यों के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता में सहायता प्रदान करना है। इस धनराशि से किसान बीज, खाद एवं अन्य कृषि निवेशों की आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद प्राप्त करते हैं। उन्होंने किसानों से अपील किया कि योजना का निरंतर लाभ प्राप्त करने के लिए अपनी ई-केवाईसी, आधार-बैंक खाते की लिंकिंग तथा फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लें।

(पीएम किसान सम्मान निधि)

किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से अपनी पात्रता एवं किस्त के भुगतान की स्थिति की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थ व्यवस्था, खाद्य सुरक्षा एवं आत्मनिर्भर कृषि को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम में डॉ. वी.एन. प्रसाद, जिला परिषद सदस्य, कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष डॉ. नवीन कुमार सिंह, आरआरएस अध्यक्ष डॉ. पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. विवेकानन्द सिंह, डॉ. गंगाराज आर., डॉ. रमेश के.वी. सिंह, सुश्री रिद्धि वर्मा, डॉ. अरुण प्रताप सिंह, जमालुद्दीन अंसारी, सहायक विकास अधिकारी कृषि जितेन्द्र शर्मा, मदन गोपाल गौतम, जेपी गुप्ता, मोतीलाल कुशवाहा, हरिहर सिंह, संपत पटेल, कृपा शंकर चौधरी, कौशलेन्दु सिंह सहित कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

जमीन विवाद में दुकान में आग लगाने का आरोप

▸ पीड़ित ने विपक्षियों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

▸ जांच के आधार पर की जाएगी आगे की विधिक कार्रवाई

समृद्धि न्यूज,रायबरेली।

बछरावां थाना क्षेत्र के बबुरिहा खेड़ा मजरे विशुनपुर में जमीन के पुराने विवाद को लेकर फल की दुकान में आग लगाए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने गांव के ही दो लोगों पर रंजिश के चलते दुकान में आग लगाने का आरोप लगाया है। इस घटना में दुकान में रखा सामान जलकर नष्ट हो गया, जिससे करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के मुताबिक, बबुरिहा खेड़ा मजरे विशुनपुर निवासी सज्जन सोनकर पुत्र देवी दीन का विपक्षियों से काफी समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। पीड़ित की ओर से दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया है कि बीती 8 जून को विपक्षियों ने दुकान और मकान को लेकर विवाद करते हुए गाली-गलौज की थी। इसके बाद गुरुवार शाम को भी विपक्षियों ने ईंट फेंककर हमला किया, जिसमें पीड़ित और उसका बेटा बाल-बाल बच गए। आरोप है कि इसके बाद विपक्षियों ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी थी।पीड़ित का आरोप है कि इसी पुरानी रंजिश के चलते गुरुवार-शुक्रवार की मध्य रात्रि करीब एक बजे उसकी फल की दुकान में आग लगा दी गई। दुकान में आग लगने की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक दुकान में रखा सामान जलकर नष्ट हो चुका था।घटना के बाद पीड़ित ने बछरावां थाने पहुंचकर विपक्षियों के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया और मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की।इस संबंध में थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि घटना की तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

बछरावां, रायबरेली। बछरावां थाना क्षेत्र के बछरावां-मौरावां हाईवे पर महारानी खेड़ा मजरे शेखपुर समोधा के निकट ट्रक की भीषण टक्कर से बाइक सवार 25 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि युवक बाइक समेत ट्रक के नीचे जा गिरा। ट्रक उसे रौंदता हुआ आगे बढ़ गया और बाइक करीब 200 मीटर तक ट्रक में फंसकर घिसटती चली गई।जानकारी के अनुसार, मेहरवान खेड़ा मजरे शेखपुर समोधा निवासी सूरज (25) पुत्र अमरलाल बाइक से बछरावां जा रहा था। इसी दौरान हाईवे पर एक ट्रक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही सूरज बाइक समेत ट्रक के नीचे आ गया और पहियों की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। बताया जाता है कि सूरज की शादी महज छह माह पहले ही हुई थी।

स्कूटी सवार छात्र को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर मौत, हादसे में एक छात्रा घायल

समृद्धि न्यूज़,प्रयागराज। शहर के कर्नलगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटी सवार इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र की मौत हो गई,जबकि उसके साथ मौजूद छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। घायल छात्रा को उपचार के लिए स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, कौशांबी जिले के चरवा कस्बे निवासी अनीश कुमार (20) इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पढ़ाई करता था और विश्वविद्यालय के एक हॉस्टल में रहता था। गुरुवार रात वह वाराणसी निवासी विश्वविद्यालय की छात्रा भाव्या के साथ स्कूटी से जा रहा था। इसी दौरान मनमोहन पार्क चौराहे के पास एक तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया,जहां उपचार के दौरान अनीश कुमार की मौत हो गई। वहीं, भाव्या की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस को अनीश के पास से परिचय पत्र और आधार कार्ड मिला, जिसके जरिए उसकी पहचान हुई। इसके बाद परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई। देर रात परिजन कौशांबी से अस्पताल पहुंचे। बेटे की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। उधर, हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर कार और उसके चालक की पहचान करने में जुटी है। कर्नलगंज थाने के कार्यवाहक थाना प्रभारी वीरेंद्र कुशवाहा ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ में कार की टक्कर से हादसा होने की जानकारी मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

बोलेरो अनियंत्रित होकर पलटी चालक की मौत, दो घायल

समृद्धि न्यूज,परशदेपुर रायबरेली।

डीह थाना क्षेत्र की परसदेपुर चौकी अंतर्गत परसदेपुर-अठेहा मार्ग पर निनावां गांव के पास बृहस्पतिवार देर रात तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसे में बोलेरो चालक प्रदीप कुमार शुक्ला (40) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथ वाहन में सवार दो सगे भाई नन्हू शुक्ला और प्रमोद शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गए।जानकारी के मुताबिक, अमेठी जनपद के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के धनापुर गांव निवासी प्रदीप कुमार शुक्ला अपने भाइयों के साथ बोलेरो से फतेहपुर जनपद गए थे। वहां से देर रात घर लौटते समय निनावां गांव के पास सड़क पर बने स्पीड ब्रेकर को देखकर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। इससे तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसे में बोलेरो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक प्रदीप कुमार शुक्ला की मौके पर ही मौत हो गई।हादसे की सूचना मिलते ही परसदेपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों गंभीर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) डीह पहुंचाया। वहीं, पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना की खबर मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

गहरे गड्ढों में तब्दील हुई सड़कें, हादसों को दे रहीं दावत

▸ मुराई बाग चौराहे के पास गड्ढे में फंसकर पलटा ई-रिक्शा

समृद्धि न्यूज, डलमऊ रायबरेली।

डलमऊ क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग की अनदेखी के चलते सड़कों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। जगह-जगह बने गहरे गड्ढे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। खासकर मुराई बाग मुख्य चौराहे के पास सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। इनकी चपेट में आकर दोपहिया वाहन चालक, ई-रिक्शा और साइकिल सवार अक्सर चोटिल हो रहे हैं।शुक्रवार को मुराई बाग चौराहे के पास एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। लगातार हो रही बारिश के चलते सड़क के गड्ढों में पानी भर गया था, जिससे उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो गया। इसी दौरान एक ई-रिक्शा अचानक गहरे गड्ढे में फंसकर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा में बैठी सवारियां सड़क पर गिर पड़ीं। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद ई-रिक्शा को गड्ढे से बाहर निकाला। गनीमत रही कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।स्थानीय निवासी अमित, सुधीर, अरविंद, कुलदीप, राजू, मुन्ना, श्रवण, सुशील, योगेश, दीपांशु और आशुतोष सहित अन्य लोगों ने बताया कि डलमऊ कस्बे की अधिकांश सड़कें बदहाल स्थिति में हैं। मुराई बाग मुख्य चौराहे के पास बने गड्ढों के कारण आए दिन लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहनों के आवागमन से सड़क के गड्ढे लगातार गहरे होते जा रहे हैं, जिससे हादसों का खतरा भी बढ़ रहा है।स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से सड़क की तत्काल मरम्मत कराने और गड्ढों को भरवाने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

14 रोजगार सेवकों को सात माह से नहीं मिला मानदेय, दिया शिकायती पत्र

▸ बीडीओ को शिकायती पत्र देकर बकाया मानदेय दिलाने की मांग की

समृद्धि न्यूज़,जलालाबाद।

विकासखंड जलालाबाद की विभिन्न ग्राम पंचायतों में तैनात 14 रोजगार सेवकों को सात माह का बकाया मानदेय नहीं मिला है। इससे नाराज रोजगार सेवकों ने शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर मानदेय दिलाए जाने की मांग की। रोजगार सेवकों ने पत्र में बताया कि वे अपनी- अपनी ग्राम पंचायतों में पूरी मेहनत और लगन से कार्य कर रहे हैं। इसके बावजूद वित्तीय वर्ष 2025-26 में सितंबर 2025 से मार्च 2026 तक का मानदेय 14 साथियों को नहीं दिया गया। जबकि इसी अवधि में केवल 12 रोजगार सेवकों को मानदेय का भुगतान किया गया है। रोजगार सेवकों का कहना है कि कई बार ब्लॉक स्तर पर मौखिक रूप से बकाया मानदेय की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक भुगतान नहीं हुआ। जिले पर जानकारी करने पर बताया गया कि सभी ब्लॉकों को बकाया मानदेय की धनराशि भेजी जा चुकी है। उन्होंने बीडीओ से जल्द बकाया मानदेय दिलाने की मांग की है। इस दौरान रोजगार सेवक मूलचंद, पूजा शर्मा, चंद्रशेखर, अंजू आदि लोग मौजूद है।

दो पालियों में 141 अभ्यर्थियों ने छोड़ी पीईटी की परीक्षा

समृद्धि न्यूज़,जलालाबाद।

▸ परीक्षा नकलविहीन कराने के लिए प्रशासन ने किया सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 शुक्रवार को कस्बे के वीडीटी इंटर कॉलेज में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दो पालियों में संपन्न हुई। परीक्षा को नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सुबह से ही परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की भीड़ जुटने लगी। दूर-दराज से पहुंचे अभ्यर्थियों ने प्रवेश द्वार पर चस्पा सीटिंग प्लान में अपना रोल नंबर देखा। इसके बाद अभ्यर्थियों की जांच कर उन्हें केंद्र के अंदर प्रवेश दिया गया। प्रथम पाली में पंजीकृत 240 अभ्यर्थियों में से 160 ने परीक्षा दी, जबकि 80 अनुपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में 240 अभ्यर्थियों में से 179 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 61 अनुपस्थित रहे। इस तरह दोनों पालियों में कुल 480 अभ्यर्थियों में से 339 ने परीक्षा दी, जबकि 141 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान केंद्र व्यवस्थापक सुरेंद्र प्रसाद ने परीक्षा कक्षों का भ्रमण कर कक्ष निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

▸ मां भगवती महाविद्यालय में हुआ आयोजन

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

सलेमपुर स्थित मां भगवती महाविद्यालय में आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्राओं ने मेहंदी के आकर्षक डिजाइन बनाकर सभी का ध्यान आकर्षित किया।

प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अंजु ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। एमएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा रागिनी द्वितीय स्थान पर रहीं। वहीं, बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा शिखा और बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा सुहानी दीक्षित ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक सचिन दुबे ने कहा कि ऐसी सांस्कृतिक एवं कलात्मक प्रतियोगिताएं छात्राओं की रचनात्मक क्षमता को निखारती हैं। उन्होंने कहा कि मेहंदी जैसी पारंपरिक कला के माध्यम से छात्राएं अपनी कल्पना और कौशल का सुंदर प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों को प्रोत्साहित करता रहेगा, ताकि छात्राएं सिर्फ पढ़ाई तक सीमित न रहें बल्कि अपनी प्रतिभा को भी आगे बढ़ा सकें। प्राचार्य डॉ. केके सिंह ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही अन्य प्रतिभागियों का भी उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भविष्य में ऐसी प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक छात्राएं हिस्सा लें। अंत में विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

सपा प्रत्याशी डॉ. आकाश अग्रवाल की जीत पर जिला प्रभारी दिनेश गुप्ता का जोरदार स्वागत

छिबरामऊ, कन्नौज। आगरा खंड शिक्षक एमएलसी चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. आकाश अग्रवाल की शानदार जीत पर तिर्वा विधानसभा क्षेत्र के सपा नेताओं ने चुनाव के जिला प्रभारी सौरिख निवासी दिनेश गुप्ता का जोरदार स्वागत किया। नेताओं ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। इस अवसर पर एमएलसी चुनाव प्रभारी रहे दिनेश गुप्ता ने कहा आगरा खंड स्नातक एमएलसी चुनाव में सपा प्रत्याशी डॉ. आकाश अग्रवाल ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। भाजपा ने इस जीत को हार में बदलने के लिए हर संभव प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पार्टी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और आम जनता के अथक परिश्रम तथा विश्वास के बल पर यह विजय संभव हुई है। यह जीत समाजवाद और शिक्षा के मुद्दे पर जनता के समर्थन का प्रमाण है। हम इस जनादेश का सम्मान करते हुए आगे भी जनता की सेवा में जुटे रहेंगे। उन्होंने सभी सहयोगी नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

उद्यमिता कार्यक्रम में कर्तव्य त्रिपाठी टॉप-5 में चयनित

▸ ग्रामीण क्षेत्रों में जनसुविधाएं पहुंचाने और डिजिटल जागरूकता के नवाचारों ने दिलाई पहचान

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर में आयोजित उद्यमिता कार्यक्रम में नगर के मोहल्ला बनवारी नगर निवासी गौरव अमर त्रिपाठी के पुत्र कर्तव्य त्रिपाठी उर्फ अर्पण ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए शीर्ष पांच प्रतिभागियों में स्थान हासिल किया। सात घंटे तक चले इस कार्यक्रम में चयनित प्रतिभागियों में कर्तव्य सबसे कम उम्र के प्रतिभागी रहे। उनकी इस उपलब्धि से जिले का गौरव बढ़ा है। एंटरप्रेन्योरशिप एसेंशियल्स- फ्रॉम आइडिया टू लॉन्च' विषय पर आयोजित कार्यक्रम का आयोजन वर्ल्ड टेक्नोकॉन की ओर से आईआईटी कानपुर के अंतराग्नि'26 के सहयोग से किया गया। इसमें लखनऊ, अलीगढ़, हापुड़, प्रयागराज और नोएडा सहित विभिन्न शहरों से आए 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में अलग-अलग आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने अपने विचार और नवाचार प्रस्तुत किए। कर्तव्य को ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीक के माध्यम से आमजन तक सुविधाएं पहुंचाने और डिजिटल जागरूकता बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के आधार पर शीर्ष पांच में जगह मिली। उनके विचारों में स्थानीय समस्याओं के व्यावहारिक समाधान विकसित करने और आधुनिक तकनीक को आम लोगों तक सुलभ बनाने पर विशेष जोर रहा। कार्यक्रम के समापन पर उन्हें प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

कर्तव्य ने कहा कि उनका लक्ष्य तकनीक और नवाचार के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का जीवन आसान बनाना है। वह अपने विचारों को धरातल पर उतारकर जनसुविधाओं को बेहतर बनाने और रोजगार के नए अवसर विकसित करने की दिशा में काम करना चाहते हैं। उनकी उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं को नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता में अनुवि सिंह अव्वल

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

प्रमुख शिक्षाविद् एवं समाजसेवी रहे एसएन प्रधान की स्मृति में एसएन प्रधान फाउंडेशन की ओर से अंग्रेजी भाषा में जिला स्तरीय रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। खुबरियापुर रोड स्थित सीसीए विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में जिले के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का विषय '16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया का प्रयोग प्रतिबंधित होना चाहिए' था। इस विषय पर विद्यार्थियों ने अपने विचार लिखकर प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की रचनाओं का मूल्यांकन शिक्षाविद् प्रेमानंद नायक, रोहन जॉन और परवेज आलम सहित अन्य शिक्षाविदों ने किया। मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। इसमें सेंट

जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कन्नौज की छात्रा अनुवि सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जागरण पब्लिक स्कूल, कन्नौज की छात्रा अंशी राजपूत दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि जेबीजी नेशनल हायर सेकेंडरी स्कूल, छिबरामऊ के छात्र मो. हसन कादरी ने तीसरा स्थान हासिल किया। फाउंडेशन के निदेशक प्रदीप प्रधान ने कहा कि सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में भाग लिया। कई विद्यार्थियों के विचारों ने निर्णायकों को प्रभावित किया। उन्होंने बताया कि चयनित छात्र-छात्राओं को चार नवंबर को आयोजित होने वाले छात्रवृत्ति सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

खबरें एक नजर में

तहसील के परिक्रमा मार्ग से हटवाया जाए अतिक्रमण

छिबरामऊ, कन्नौज। अखिल भारतीय जन आंदोलन फ्रंट (कांग्रेस) के प्रदेश महासचिव विनोद दुबे ने तहसील के परिक्रमा मार्ग से अतिक्रमण हटवा कर इसे जल्द बनवाने की मांग की है। उन्होंने कहा मुंसिफी व तहसील बाउंड्री के पीछे 25 फुट की सीसी रोड 2015 से मंजूर पड़ी है। उसका टेंडर भी हो चुका था लेकिन उसे अब तक नहीं बनाया गया। इस 25 फीट की सीसी रोड को मुंसिफी के पूर्वी गेट के पास न्यायिक अधिकारी आवास से जोड़ दिया जाए तो एक परिक्रमा मार्ग मुंसिफी व तहसील बाउंड्री के बाहर बन जाएगा जिससे अंदर लगने वाला जाम खत्म हो जाएगा और लोग बाहर से ही आ जा सकेंगे। न्यायिक अधिकारी आवास के सामने एक चाय की दुकान रखकर पुराना रास्ता बंद कर दिया गया है, वह भी खुल जाएगा। उन्होंने कहा मुंसिफी व तहसील परिसर के आसपास पिछले कई माह से डूडा की सड़कें व नालियां आधी अधूरी पड़ी हैं।

डीसीएम खड़ी करने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर में विशुनगढ़ रोड स्थित हनुमानगढ़ी के पास डीसीएम खड़ी करने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। इस दौरान एक पक्ष के पिता-पुत्र को जमीन पर गिराकर बेरहमी से पीटा गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मारपीट की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस सभी को कोतवाली ले आई। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ शांति भंग की आशंका के तहत कार्रवाई की है। घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा बनी रही।

गांव से 50 मीटर पहले रुका सड़क निर्माण, ग्रामीणों में आक्रोश

छिबरामऊ, कन्नौज। क्षेत्र के ग्राम कलेनापुर में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की नाप-जोख गांव के अंदर तक की गई थी, लेकिन निर्माण कार्य शुरू होने के बाद सड़क को गांव से करीब 50 मीटर पहले ही रोक दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार गांव तक पहुंचने वाला मुख्य मार्ग अब भी कच्चा है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। बारिश के दौरान रास्ते पर कीचड़ होने और गर्मी में धूल उड़ने से ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि सड़क निर्माण पूरा होने से गांव तक पक्का मार्ग उपलब्ध होगा, लेकिन अधूरे निर्माण से उनकी समस्या बरकरार है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों और प्रशासन से सड़क का निर्माण गांव तक पूरा कराने की मांग की है।

छठ पूजा पर बंद रहेंगे जनपद न्यायालय के कामकाज

कन्नौज। जनपद न्यायालय में दीपावली के अतिरिक्त अवकाश में बदलाव किया गया है। अब आठ नवंबर के स्थान पर 16 नवंबर को छठ पूजा के अवसर पर अवकाश रहेगा। जनपद न्यायाधीश नरेंद्र कुमार झा ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, उच्च न्यायालय इलाहाबाद के कैलेंडर वर्ष 2026 के निर्देशों के अनुपालन में यह बदलाव किया गया है। दीपावली आठ नवंबर को रविवार पड़ने के कारण इसके स्थान पर सोमवार 16 नवंबर को अतिरिक्त अवकाश घोषित किया गया है। इससे पहले महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रस्तावित अतिरिक्त अवकाश को 19 अक्टूबर को महानवमी के दिन समायोजित किया गया था। आदेश के अनुसार जनपद न्यायालय में वर्ष 2026 में कुल 265 कार्यदिवस निर्धारित रहेंगे।

दुर्घटना पीड़ित 85 किसान परिवारों को मिले 4.14 करोड़ रुपये

कन्नौज। दुर्घटना में जान गंवाने या दिव्यांग होने वाले किसानों के परिवारों को आर्थिक राहत देने के लिए मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत जिले के 85 लाभार्थियों को 4.14 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी गई है। धनराशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की गई है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि शासन से योजना के तहत जिले को 4.15 करोड़ रुपये आवंटित हुए थे। इसके सापेक्ष 85 स्वीकृत आवेदनों पर 4.14 करोड़ 50 हजार रुपये भेजे जा चुके हैं। तहसीलवार आंकड़ों में कन्नौज के 24, छिबरामऊ के 45 और तिर्वा के 16 लाभार्थी शामिल हैं। योजना के तहत कृषि कार्य से जुड़े किसान, खातेदार, सहखातेदार, परिवार के सदस्य और पात्र बटाईदार भी लाभ ले सकते हैं। विभिन्न दुर्घटनाओं में मृत्यु या दिव्यांगता होने पर अधिकतम पांच लाख रुपये तक सहायता का प्रावधान है।

कटिया से बिजली चोरी करते पकड़ी गई महिला, मुकदमा दर्ज

कन्नौज। विद्युत चोरी रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रवर्तन दल ने जलालपुर सरवन गांव में छापा मारकर करीब पांच किलोवाट बिजली चोरी पकड़ी। मामले में महिला उपभोक्ता के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्रवर्तन दल के उपनिरीक्षक शिवानंद सिंह के नेतृत्व में टीम ने 29 अक्टूबर को मियांनगंज क्षेत्र के जलालपुर सरवन में रेहान बेग पत्नी मेहदी हसन के परिसर की जांच की। इस दौरान मीटर की सर्विस केबल के अलावा बिजली के पोल से कटिया डालकर घरेलू बिजली का इस्तेमाल किया जा रहा था। जांच में करीब पांच किलोवाट विद्युत चोरी सामने आई। परिसर में एसी, इन्वर्टर, फ्रिज, वाशिंग मशीन, समर कूलर, प्रेस, मिक्सी, पंखे और एलईडी बल्ब समेत कई उपकरण चलते मिले। टीम ने साक्ष्य जुटाने के बाद थाना एंटी पावर थेफ्ट (एपीटी) कन्नौज में मुकदमा दर्ज कराया।

यस बॉस जेंट्स कलेक्शन का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि ने फीता काटकर किया उद्घाटन

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।

नगर के तिर्वा रोड पर रचित चौरसिया के नवीन प्रतिष्ठान यस बॉस जेंट्स कलेक्शन का उद्घाटन समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मयंक कुमार गुप्ता पहुंचे, जहां उन्होंने फीता काटकर प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य लोग, व्यापारी बंधु और युवा साथी मौजूद रहे। सभी ने रचित चौरसिया को नवीन प्रतिष्ठान के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। तिर्वा रोड पर खुले इस नए शोरूम में मेंस वियर के लेटेस्ट कलेक्शन उपलब्ध होंगे इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक कुमार गुप्ता ने कहा कि मेरे प्रिय छोटे भाई रचित चौरसिया को उनके नए प्रतिष्ठान यस बॉस जेंट्स कलेक्शन के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। रचित बहुत ही मेहनती और लगनशील युवा है। मुझे पूरा विश्वास है कि वह अपनी मेहनत और ईमानदारी से इस प्रतिष्ठान को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। मैं ईश्वर से उसके उज्ज्वल भविष्य और व्यवसाय में निरंतर प्रगति की कामना करता हूं। सभी क्षेत्रवासियों से अपील है कि एक बार सेवा का अवसर अवश्य दें।

शिविर में 57 दिव्यांगजनों ने कराया पंजीकरण

16 को मिले सहायक उपकरण

छिबरामऊ, कन्नौज। ब्लॉक सभागार में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से सहायक उपकरण वितरण के लिए पंजीकरण शिविर लगाया गया। इसमें 57 दिव्यांगजनों ने पंजीकरण कराया, जबकि 16 को कैलीपर सहित हाथ-पैर से संबंधित सहायक उपकरण दिए गए। शिविर में ट्राईसाइकिल, कान की मशीन और अन्य सहायक उपकरणों के लिए भी आवेदन लिए गए। विभागीय अधिकारियों और दिल्ली से आई टीम ने दिव्यांगजनों की जरूरतों की जानकारी लेकर आवेदन दर्ज किए। पंजीकरण कराने वाले लोगों की पात्रता जांचने के बाद नियमानुसार आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। पंजीकरण प्रक्रिया में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की वरिष्ठ सहायक सरिता पाठक और आनंद कुमार ने सहयोग किया। दिल्ली से आई टीम में दिनेश तोमर, आदित्य, शीशराम और राजेंद्र शामिल रहे। एडीओ समाज कल्याण शिशुपाल सिंह ने शिविर की व्यवस्थाएं संभालीं। अधिकारियों ने बताया कि सरकार दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। सहायक उपकरणों से उन्हें आवागमन और रोजमर्रा के कार्यों में सुविधा मिलेगी।

तालाब में वृद्ध का शव मिलने से गांव में पसरा मातम

गुरसहायगंज, कन्नौज। 196 विधानसभा छिबरामऊ थाना क्षेत्र के ग्राम खाड़ेदेवर में तालाब में 60 वर्षीय नरेश कुमार का शव मिलने से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सुबह जब ग्रामीणों ने तालाब में शव को देखा तो गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। फिलहाल शव मिलने के कारणों का पता नहीं चल सका है। इस दु:खद घटना पर जिला पंचायत सदस्य जुनैद सिद्दीकी ने उनकी आवाज पर पहुंचकर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। और मृतक के परिवार को शासन से आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग उठाई है। जिला पंचायत सदस्य जुनैद सिद्दीकी ने कहा कि ग्राम खाड़ेदेवर में तालाब में 60 वर्षीय नरेश कुमार का शव मिलने की खबर सुनकर मन अत्यंत दु:खी है। इस दु:ख की घड़ी में मैं शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं परिजनों को यह अपार दु:ख सहने की शक्ति दें।

स्व. सेठ राधेश्याम गुप्ता की पुण्यतिथि आज होगा नामकरण

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।

नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी स्वर्गीय सेठ राधेश्याम गुप्ता की पुण्यतिथि के अवसर पर शासन द्वारा नंगा पुरवा रसूलपुर जाने वाले मार्ग का नामकरण सेठ राधेश्याम गुप्ता मार्ग के रूप में किया जा रहा है। इसको लेकर नामकरण समारोह का आयोजन 31 अक्टूबर 2026 को सायं 5 बजे नौवार गृह, थाने के पीछे अफसरी मोहल्ला, गुरसहायगंज में किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छिबरामऊ विधायक अर्चना पाण्डेय मौजूद रहेंगी। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस संबंध में कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मयंक कुमार गुप्ता ने बताया कि यह हम सभी क्षेत्रवासियों के लिए बड़े हर्ष का विषय है कि हमारे पूज्य स्वर्गीय सेठ राधेश्याम गुप्ता के नाम पर मार्ग का नामकरण हो रहा है। शासन ने हमारी भावनाओं का सम्मान किया है, इसके लिए हम आभारी हैं। मयंक कुमार गुप्ता ने कहा कि स्वर्गीय सेठ राधेश्याम गुप्ता जी ने जीवन भर समाज सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए कार्य किया। उनके नाम पर मार्ग का नामकरण होने से उनकी स्मृति सदैव बनी रहेगी और आने वाली पीढ़ी को उनसे प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों से सादर अपील की है कि इस शुभ अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पधार कर समारोह की शोभा बढ़ाएं और स्वर्गीय सेठ जी को श्रद्धांजलि अर्पित करें।

167 बेटियों के विवाह के लिए मिली 33.40 लाख रुपये की सहायता

कन्नौज। पिछड़ी जाति शादी अनुदान योजना के तहत जिले की 167 बेटियों के विवाह के लिए 33.40 लाख रुपये की आर्थिक सहायता जारी की गई है। प्रत्येक लाभार्थी के बैंक खाते में 20 हजार रुपये भेजे गए हैं। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के अनुमोदन और जिला स्तरीय समिति की स्वीकृति के बाद 28 अक्टूबर को आवेदन मंजूर किए गए थे। 30 अक्टूबर को सभी लाभार्थियों के खातों में धनराशि हस्तांतरित कर दी गई। योजना के लिए परिवार की वार्षिक आय एक लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। बेटी की आयु विवाह के समय कम से कम 18 वर्ष होना अनिवार्य है।

तिर्वा में 31 अक्टूबर से सजेगा प्रांतीय विज्ञान मेले का मंच

▸ सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में दो दिवसीय आयोजन

▸ विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी वैज्ञानिक मॉडल और नवाचारों का करेंगे प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज, तिर्वा, कन्नौज।

तिर्वा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 31 अक्टूबर से दो दिवसीय प्रांतीय विज्ञान मेले का आयोजन किया जाएगा। विद्या भारती, कानपुर प्रांत के तत्वावधान में होने वाले इस आयोजन में विभिन्न विद्या मंदिरों के विद्यार्थी अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा और नवाचारों का प्रदर्शन करेंगे। मेले में विज्ञान, तकनीक और अनुसंधान से जुड़े मॉडल विद्यार्थियों के आकर्षण का केंद्र होंगे।

विज्ञान मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता और अनुसंधानपरक सोच विकसित करना है। इसमें प्रतिभागी विद्यार्थी अपने तैयार किए गए वैज्ञानिक मॉडल, प्रयोगों और अभिनव विचारों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। दो दिनों तक चलने वाला यह आयोजन विद्यार्थियों को अपनी कल्पनाशीलता को वैज्ञानिक स्वरूप देने और दूसरे प्रतिभागियों के नवाचारों से सीखने का अवसर प्रदान करेगा।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि एक नवंबर को सुबह 11 बजे समापन समारोह आयोजित होगा। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष एवं विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री सौरभ मालवीय मुख्य अतिथि होंगे। उन्होंने नागरिकों, शिक्षाविदों, अभिभावकों और विज्ञान प्रेमियों से मेले में पहुंचकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

वरिष्ठ सपा नेता दिनेश गुप्ता की मेहनत लाई रंग, शिक्षक आगरा खंड एमएलसी चुनाव में आकाश अग्रवाल की ऐतिहासिक जीत

समृद्धि न्यूज, कन्नौज।

▸ अखिलेश के कुशल नेतृत्व, दूरदर्शी सोच और युवाओं पर भरोसे की जीत है

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता दिनेश गुप्ता को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शिक्षक आगरा खंड एमएलसी चुनाव के लिए कन्नौज जनपद का प्रभारी नियुक्त किया था। दिनेश गुप्ता की लगन, मेहनत और कुशल रणनीति का ही परिणाम है कि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी आकाश अग्रवाल ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। जीत के बाद दिनेश गुप्ता ने इसे कार्यकर्ताओं की एकजुटता और राष्ट्रीय नेतृत्व के कुशल मार्गदर्शन की जीत बताया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की तारीफ करते हुए दिनेश गुप्ता ने कहा यह जीत हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के कुशल नेतृत्व, दूरदर्शी सोच और युवाओं पर भरोसे की जीत है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने जिस तरह हम जैसे छोटे कार्यकर्ताओं पर भरोसा जताकर बड़ी जिम्मेदारी दी, ये उनके नेतृत्व की सबसे बड़ी खूबी है। आज पूरा प्रदेश उनके विकासवादी विजन के साथ खड़ा है। नवनिर्वाचित एमएलसी आकाश अग्रवाल की तारीफ में उन्होंने कहा आकाश अग्रवाल जी एक पढ़े-लिखे, संघर्षशील और युवा सोच वाले प्रत्याशी हैं। स्नातक मतदाताओं ने उनकी शिक्षा और ईमानदारी पर भरोसा किया है। उनकी ये ऐतिहासिक जीत स्नातक मतदाताओं के भविष्य को सुरक्षित करेगी और विधान परिषद में युवाओं और शिक्षित वर्ग की आवाज को और बुलंद करेगी। दिनेश गुप्ता ने कहा, मैं कन्नौज जनपद के एक-एक समाजवादी कार्यकर्ता का दिल से आभार व्यक्त करता हूं। आप लोगों ने दिन-रात एक करके, घर-घर जाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों को पहुंचाया। ये जीत मेरी नहीं, ये आप सभी की मेहनत की जीत है। आप सभी ने साबित कर दिया है कि जब कार्यकर्ता एकजुट हो जाता है, तो कोई भी ताकत समाजवादियों को हरा नहीं सकती। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और स्नातक मतदाताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि पार्टी उनके इस भरोसे को कभी टूटने नहीं देगी।

पीईटी में 73.24 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, 4452 रहे अनुपस्थित



कन्नौज। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 के पहले दिन जिले के 24 केंद्रों पर दोनों पालियों में परीक्षा हुई। कुल 16,656 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 12,204 ने परीक्षा दी, जबकि 4,452 अनुपस्थित रहे। इस तरह 73.24 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और एसपी विनोद कुमार ने केंद्रों का संयुक्त निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखीं।

पहली पाली में 8,328 अभ्यर्थियों में से 5,944 उपस्थित हुए, जबकि 2,384 ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली में 6,118 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 2,210 अनुपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान डीएम ने प्रवेश प्रक्रिया और मोबाइल-बैग सुरक्षित रखने के लिए टोकन व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। वहीं एसपी ने केंद्रों के बाहर सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था सुचारु रखने पर जोर दिया। जिले में एक नवंबर को भी परीक्षा आयोजित होगी।

करवाचौथ आस्था और प्रेम का पर्व, दांपत्य जीवन में विश्वास और समर्पण का प्रतीक

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

करवा चौथ भारतीय संस्कृति में सुहागिन महिलाओं के अटूट प्रेम, आस्था और समर्पण का एक प्रमुख पर्व है। यह त्योहार हर साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु, अच्छे स्वास्थ्य और सुखद भविष्य के लिए सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक निर्जला व्रत रखती हैं। यह पर्व पति-पत्नी के रिश्ते में मिठास, विश्वास, सम्मान और प्रेम को और मजबूत बनाता है। इस दिन भगवान शिव, माता पार्वती,

पत्नी विनीता पाठक के साथ डॉ. राजीव पाठक व सुभ्रा पाठक के साथ डॉ. वैभव पाठक

श्रीगणेश और करवा माता की विशेष पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां पार्वती ने सबसे पहले भगवान शिव के लिए यह व्रत रखा था। इस व्रत में चंद्रमा की पूजा का खास स्थान है।

ज्योतिष में चंद्रमा को आयु, सुख और शांति का कारक माना जाता है। रात को चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद ही यह व्रत पूरा होता है। राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन के राष्ट्रीय सचिव एवं समाजसेवी डॉ0 राजीव कुमार पाठक ने अपनी पत्नी विनीता पाठक के साथ हर्षोल्लास के साथ करवाचौथ के चांद की पूजा के कार्यक्रम में भाग लिया। इस पावन अवसर पर उनके साथ उनके बड़े पुत्र डॉ0 वैभव पाठक भी अपनी पत्नी सुभ्रा पाठक के साथ सम्मिलित हुए। डॉ0 वैभव पाठक शहर के एक प्रतिष्ठित रेडियोलॉजिस्ट हैं, और जिले में रेडियोलॉजी के क्षेत्र में उनकी एक विशिष्ट पहचान व अलग स्थान है। इस पारिवारिक और सामाजिक आयोजन में सभी ने पारंपरिक उल्लास के साथ करवाचौथ का पर्व मनाया। वहीं जनपद की सभी सुहागिन महिलाओं ने व्रत रखकर अपने पति की लम्बी आयु की कामना की। इस पर्व को लेकर महिलाओं में उत्साह था।

किराने की दुकान में लगी आग, सामान जलकर खाक

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

मऊदरवाजा थाने के अंतर्गत आने वाले गांव गढ़िया ढीलावल में एक किराने की दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से भारी नुकसान का मामला सामने आया है। आग की इस घटना में दुकान में रखा करीब डेढ़ लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया है। पीड़ित दुकानदार ने इस आग को किसी द्वारा साजिश के तहत लगाए जाने की आशंका जताई है।

जानकारी के अनुसार गढ़िया ढीलावल निवासी ओमप्रकाश कश्यप की सड़क किनारे किराने की दुकान है। हमेशा की तरह वे बृहस्पतिवार रात करीब 11 बजे अपनी दुकान बंद करके कुछ ही दूरी पर अन्य दुकानों के बाहर रखे तख्त पर सोने चले गए थे। रात करीब साढ़े 12 बजे अचानक उनकी दुकान से आग की तेज लपटें उठती दिखाई दीं, जिसे देखकर उन्होंने तुरंत शोर मचाया। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया गया। हालांकि, तब तक आग की चपेट में आने से दुकान में रखा फ्रिजर, आटा, दालें, चीनी, चावल और अन्य जरूरी किराने का सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया।

घटना की जानकारी देती पीड़िता

पीड़ित दुकानदार ओमप्रकाश के मुताबिक, आग लगने का यह हादसा नहीं बल्कि किसी के द्वारा इसे जानबूझकर लगाए जाने का परिणाम है। घटना के बाद से पीड़ित परिवार में भारी मायूसी और आक्रोश है।

सीने में दर्द उठने से पीआरडी जवान की मौत

समृद्धि न्यूज,संकिसा।

थाना क्षेत्र के गांव खलवारा निवासी पीआरडी जवान प्रताप भान की मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के भाई सत्यवीर सिंह पुत्र रामगुलाम की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सत्यवीर सिंह ने मेरापुर थाने में प्रार्थना पत्र देकर पुलिस को अवगत कराया कि 29 अक्टूबर को शाम चार बजे मेरे भाई प्रताप भान कायमगंज चौराहे पर ट्रैफिक ड्यूटी कर रहे थे, तभी उनके सीने में तेज दर्द होने लगा तो वह उनको अपने गांव खलवारा आए। इसके बाद उन्हें उपचार हेतु फर्रुखाबाद स्थित एक

मृतक पीआरडी का फाइल फोटो

निजी नर्सिंग होम ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मेरापुर थानाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह ने बताया कि मृत्यु का कारण जानने हेतु शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

चोरी के मामले में 24 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

कार धुलाई केंद्र से सोने-चांदी के आभूषण और लैपटॉप बैग किया था चोरी

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

थाना राजेपुर पुलिस टीम ने चोरी की एक घटना का अनावरण करते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी गए सोने-चांदी के आभूषण, कीमती सामान और अन्य वस्तुएं शत-प्रतिशत बरामद कर ली हैं।

अपर पुलिस अधीक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि वादी वासुदेव सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी ग्राम अद्योली, थाना मऊदरवाजा ने थाना राजेपुर में प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया था कि 28 अक्टूबर को उन्होंने अपनी कार शांति ढाबा जमापुर के पास स्थित हनीफ धुलाई केंद्र पर धुलाई के लिए दी थी। धुलाई से पहले उन्होंने

घटना का खुलासा करते अपर पुलिस अधीक्षक

कार से अपना बैग बाहर निकालकर बाइक पर रख दिया था और लैपटॉप निकालकर गूगल मीट अटेंड करने लगे थे। धुलाई पूरी होने के बाद वह मीटिंग अटेंड करते हुए वहां से चले गए। कुछ देर बाद जब उन्हें बैग न मिलने का अहसास हुआ और वह वापस धुलाई केंद्र पहुंचे, तो धुलाई केंद्र संचालक हनीफने बैग तो दे दिया, लेकिन उसके अंदर रखे सोने का गले का हार, दो अंगूठी, एक जोड़ी पायल व अन्य सामान गायब था। इस तहरीर के आधार पर थाना राजेपुर में मुकदमा अपराध संख्या 201/26 धारा 303(2) बीएनएस के तहत पंजीकृत किया गया था। राजेपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नामजद अभियुक्त हनीफ पुत्र अली मोहम्मद निवासी ग्राम सोताबहादुरपुर, थाना कादरी गेट को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त हनीफ ने जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि जब कार धुलाई के बाद वहां से चली गई थी, तो कार मालिक का बैग वहीं छूट गया था। उसने चुपचाप बैग अंदर ले जाकर जब खोला, तो उसमें कीमती सामान और जेवरात देखकर उसकी नीयत खराब हो गई और उसने बैग सहित सामान चुरा लिया। बरामदगी 01 सोने का गले का हार, सोने की 02 अंगूठी, 01 जोड़ी चांदी की पायल, लेनोवो का 01 लैपटॉप चार्जर, 01 डायरी व पेन 01 चाबी एवं टाइटन की गोल्डेन जनाना घड़ी बरामद हुई।

बरहवीं के छात्र की तालाब में डूबने से हुई मौत

समृद्धि न्यूज,कमालगंज।

थाना क्षेत्र के ग्राम रशीदापुर में तालाब में डूबने से 12वीं कक्षा के 18 वर्षीय छात्र अंकित की मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार रशीदापुर निवासी प्रमोद के 18 वर्षीय पुत्र अंकित दोपहर करीब 12:30 बजे गांव से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित तालाब पर गए थे। कुछ देर बाद गांव के एक बच्चे ने ग्रामीणों को सूचना दी कि अंकित तालाब में डूब रहे हैं। सूचना मिलते ही ग्रामीण तुरंत तालाब पर पहुंचे और अंकित को बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें एंबुलेंस से कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर विकास पटेल ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मृतक का फाइल फोटो

अंकित एक निजी स्कूल में कक्षा 12 का छात्र था। हादसे की खबर मिलते ही मां अमरावती, बहनें करिश्मा और अन्नू तथा भाई केशव का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया है। इस घटना की जानकारी जहानगंज पुलिस को दे दी गई है।

खबरें एक नजर में

जनपद के किसानों के खातों में पहुंचे 939 करोड़ से अधिक रुपये

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बनासकांठा, गुजरात से पीएम किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त का हस्तांतरण किया गया। जनपद स्तर पर इसका सीधा प्रसारण विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक कपिल कुमार, उप कृषि निदेशक अरविन्द मोहन मिश्र सहित विभिन्न विकास खंडों से आए किसानों ने भारी संख्या में सहभागिता की। इसके अतिरिक्त विकास खंड स्तर, कृषि विज्ञान केंद्र, राजकीय कृषि बीज भंडार तथा ग्राम पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कृषकों को दिखाया गया। योजना के अंतर्गत किसानों को प्रति वर्ष तीन बार में 6000 रुपये प्रति कृषक परिवार दिए जा रहे हैं। अब तक कुल 24 किस्तों में जनपद के किसानों के खातों में सीधे रू0 939 करोड़ 82 लाख की धनराशि भेजी जा चुकी है।

संदिग्ध परिस्थितियों में नवजात की मौत

कंपिल, समृद्धि न्यूज। संदिग्ध परिस्थितियों में नवजात की मौत हो गई। स्वजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पिता ने मौत का कारण जानने के लिए शव का पीएम कराया। स्वजन अभी मौत का कारण नहीं बता सके। हालांकि एक वर्ष पूर्व भी नवजात की मौत हो चुकी है। क्षेत्र के गांव इकलहरा निवासी सुमित की पत्नी अनामिका ने 19 दिन पूर्व बेटे को जन्म दिया। जिसके बाद से दोनों जच्चा बच्चा स्वस्थ थे। गुरुवार सुबह लगभग साढ़े पांच बजे नवजात की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। नवजात की मौत पर स्वजन बिलखने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नवजात के मुंह व नाक से खून निकल रहा था। युवक ने नवजात की मौत का कारण जानने के लिए पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। स्वजनों के अनुसार एक बर्ष पूर्व भी नवजात पुत्र की मौत हो गई थी। जिससे आहत पिता ने नवजात की मौत का कारण जानने के लिए शव का पीएम कराया। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया मामले की जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

चोरी के मामले में आरोपी को चार वर्ष की सजा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश (न्यायालय सं-9), के पीठासीन अधिकारी मनोज कुमार तिवारी ने वर्ष 2023 के एक चोरी के मामले में अभियुक्त सुदीप को सश्रम कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। वादी पंचमलाल निवासी ग्राम टीका नगला पो0 बरौन थाना मऊदरवाजा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 2-3 जून 2023 की रात वह अपने घर के बरामदे में सो रहे थे, तभी कोई अज्ञात चोर उनके सिरहाने चारपाई पर रखा सैमसंग कीपैड मोबाइल व नई साइकिल चुरा कर ले गया। पुलिस ने विवेचना के दौरान अभियुक्त सुदीप पुत्र लालाराम, निवासी मोहल्ला हाता इस्लाम खां, भीकमपुराए थाना मऊदरवाजा का नाम प्रकाश में लाकर उसके विरुद्ध धारा 380, 411, 413 के तहत आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। न्यायाधीश ने धारा 380 के आरोप में 3 वर्ष का सश्रम कारावास और 1,500 रुपये का अर्थदंड से दंडित किया। धारा 411 के आरोप में 2 वर्ष का सश्रम कारावास और 1,000 रुपये का अर्थदंड से दंडित किया। धारा 413 के आरोप में 4 वर्ष का सश्रम कारावास और 1,500 रुपये का अर्थदंड से दंडित किया।

भव्य रथों पर सवार होकर निकले रामलला

राम बारात में शामिल स्वरुप

समृद्धि न्यूज,अमृतपुर। कस्बा अमृतपुर में आदर्श रामलीला परिषद की ओर से राम बारात का आयोजन किया गया। जिसमें कस्बे का माहौल पूरी तरह भक्तिमय और उल्लासपूर्ण नजर आया। भगवान श्रीराम की बारात में आकर्षक ढंग से सजाए गए रथों और मनमोहक धार्मिक झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। बारात में शामिल विभिन्न देवी-देवताओं के कुल 21 स्वरूप श्रद्धालुओं के विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। राम बारात में गणेश के स्वरूप में कृष्णा सिंह, राजा दशरथ के स्वरूप में आकाश पाठक, मां दुर्गा के स्वरूप में आराध्या सिंह, मां सरस्वती के स्वरूप में पलक पाठक तथा राधा-कृष्ण के स्वरूप में सुरभि और अक्षिता ने अपनी सुंदर प्रस्तुति से लोगों का ध्यान आकर्षित किया। सभी स्वरूपों को बेहद आकर्षक वेशभूषा और भव्य श्रृंगार से सजाया गया था। बारात के शुभारंभ से पहले मेला अध्यक्ष पंडित राम दुलारे ने भगवान श्रीराम सहित सभी स्वरूपों की विधिवत पूजा-अर्चना और आरती संपन्न कराई। सजे-धजे सुंदर रथों पर विराजमान देवी-देवताओं के स्वरूपों ने आयोजन की भव्यता को चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सचिन तिवारी, मेला प्रबंधक विवेक पाठक, शैलेश अवस्थी, सुनील अवस्थी उपस्थित रहे।

डीएम ने की पाइप पेयजल परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज-2 एवं फेज-3 के अंतर्गत जनपद में निर्माणाधीन, संचालित एवं अनुश्रवित की जा रही पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न पेयजल परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की विस्तार से समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्थाओं एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन पेयजल परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, उनका जनपद स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से स्थलीय निरीक्षण एवं गुणवत्ता सत्यापन कराया जाए।

सत्यापन के दौरान पाइपलाइन की गुणवत्ता, पेयजल आपूर्ति की स्थिति, ओवरहेड टैंक, पंप हाउस तथा अन्य निर्माण कार्यों की तकनीकी गुणवत्ता का विशेष रूप से परीक्षण किया जाए। डीएम ने कहा कि जल जीवन मिशन शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक परिवार को नल के माध्यम से शुद्ध एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है। योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं से संबंधित ग्रामों में नियमित एवं निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जहां कहीं भी तकनीकी समस्या अथवा पाइपलाइन लीकेज की शिकायत प्राप्त हो, उसका तत्काल निस्तारण कराया जाए। बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण एम0क्यू0 हाशमी ने विभागीय प्रगति की जानकारी देते हुए अवगत कराया कि जनपद में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कुल 378 परियोजनाएं लक्षित हैं, जिनके माध्यम से कुल 718 राजस्व ग्रामों को पाइप पेयजल आपूर्ति से संतृप्त किया जाना है। उक्त कार्य को पूर्ण कराने हेतु कार्यदायी संस्था मैसर्स जी0वी0पी0आर0 को फेज-2 तथा मैसर्स वी0टी0एल0 गजा को फेज-3 के अंतर्गत नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय तक कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कुल 150 परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। डीएम ने शेष परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि कार्यदायी संस्थाएं निर्धारित समयसीमा के भीतर निर्माण कार्यों को पूर्ण कराएं। कार्यों में अनावश्यक विलंब न किया जाए तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजनाओं की भौतिक प्रगति के साथ-साथ पेयजल आपूर्ति की वास्तविक स्थिति पर भी विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को योजना का वास्तविक लाभ मिल सके।

डीएम ने स्पष्ट किया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रत्येक लक्षित राजस्व ग्राम तक स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में जल निगम ग्रामीण के अधिकारी, संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

डीएम व एसपी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जनपद में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा आमजन को सुरक्षित एवं सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तार से समीक्षा की गई। डीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुई राष्ट्रीय राजमार्ग एवं लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आने वाली सभी सड़कों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कार्य सुनिश्चित कराया जाए। सड़कों पर बने गड्ढों एवं अन्य क्षतिग्रस्त हिस्सों को तत्काल ठीक कराया जाए, जिससे जनपदवासियों को आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मरम्मत कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा कार्यों की नियमित निगरानी भी की जाए।

डीएम ने आगामी शीत ऋतु एवं कोहरे की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद की प्रमुख सड़कों एवं दुर्घटना संभावित स्थलों पर मार्ग संकेतक साइन बोर्ड, दिशा सूचक बोर्ड, रिफ्लेक्टर, रोड मार्किंग एवं अन्य सड़क सुरक्षा संकेतकों को दुरुस्त कराया जाए। जिन स्थानों पर संकेतक क्षतिग्रस्त अथवा अस्पष्ट हैं, उन्हें तत्काल ठीक कराया जाए। उन्होंने कहा कि कोहरे एवं ओस के कारण सड़कों पर दृश्यता कम हो जाती है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में वाहन चालकों को मार्ग की स्थिति एवं दिशा की स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा संकेतकों की व्यवस्था समय से सुनिश्चित की जाए।

बैठक लेती डीएम व एसपी

डीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनियमित रूप से खड़ी होने वाली रोडवेज एवं निजी बसों के संबंध में भी कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बसों का ठहराव केवल निर्धारित बस स्टॉप एवं अधिकृत स्थलों पर ही कराया जाए। राष्ट्रीय राजमार्ग पर नियम विरुद्ध बसों को खड़ा करने तथा अनधिकृत स्थानों पर सवारियां उतारने एवं बैठाने की प्रवृत्ति पर प्रभावी रोक लगाई जाए। संबंधित अधिकारी इस व्यवस्था का नियमित निरीक्षण करें, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित न हो और जाम की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। कोहरे के मौसम में वाहन चालकों को निर्धारित गति से वाहन चलाने, पर्याप्त दूरी बनाए रखने तथा सड़क पर लगे यातायात संकेतों का पालन करने के लिए जागरूक किया जाए। एसपी ने भी सड़क सुरक्षा एवं सुचारु यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा सड़क पर अनावश्यक रूप से वाहन खड़े करने और यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वालों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जाए। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस एवं संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन सुभाष, परियोजना निदेशक एनएचएआई विश्वास कुमार, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज, सदस्य सड़क सुरक्षा समिति मुकेश गुप्ता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

डीएम-एसपी ने प्रारंभिक अर्हता परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा जनपद में आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संचालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल तथा क्रिश्चियन इंटर कॉलेज पहुंचकर परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों, अभ्यर्थियों की उपस्थिति, प्रवेश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधों एवं परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में कुल 384 पंजीकृत अभ्यर्थियों के सापेक्ष 262 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 122 अभ्यर्थी अनुपस्थित पाए गए। इसी प्रकार क्रिश्चियन इंटर कॉलेज में कुल 384 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 264 अभ्यर्थी उपस्थित एवं 120 अभ्यर्थी अनुपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा का संचालन उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। परीक्षा की शुचिता एवं गोपनीयता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक सावधानियां बरती जाएं तथा परीक्षा संबंधी नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था सुव्यवस्थित रखी जाए, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता, अनुचित साधनों के प्रयोग अथवा नकल की संभावना को रोकने के लिए सतर्क निगरानी रखी जाए। सभी केंद्र व्यवस्थापक एवं ड्यूटी पर तैनात कार्मिक अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी एवं सजगता के साथ करें। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित रखी जाए तथा परीक्षा केंद्रों के आसपास शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखी जाए। अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और यातायात व्यवस्था भी सुचारु बनी रहे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा को पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता न बरती जाए। इस अवसर पर संबंधित परीक्षा केंद्रों के सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, ड्यूटी पर तैनात अधिकारी एवं अन्य संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे।

सीसीटीवी कैमरे देखती डीएम व एसपी

शांतिपूर्ण रूप से परीक्षा दोनों पालियों में सम्पन्न

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

- प्रथम पाली में 70.08 प्रतिशत एवं द्वितीय पाली में 71.45 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा
- परीक्षा के लिए जनपद में कुल 22 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए थे

जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि जनपद में उत्तर प्रदेश प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा की प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली की परीक्षा 30 अक्टूबर को निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।

उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए जनपद में कुल 22 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए थे। इन केंद्रों पर प्रथम पाली में कुल 8,688 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 6,089 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 2,599 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार परीक्षा की प्रथम पाली में कुल 70.08 प्रतिशत अभ्यर्थियों की उपस्थिति रही। इसी प्रकार द्वितीय पाली में भी कुल 8,688 अभ्यर्थी पंजीकृत थे जिनमें से 6,108 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 2,480 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार परीक्षा की द्वितीय पाली में कुल 71.45 प्रतिशत अभ्यर्थियों की उपस्थिति रही।

जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि परीक्षा के सफल एवं सुचारु संचालन के लिए निर्धारित व्यवस्थाओं के अनुरूप कार्यवाही की गई। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की उपस्थिति तथा परीक्षा संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं पर ध्यान दिया गया। परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण की गई। उन्होंने बताया कि जनपद में परीक्षा का आयोजन निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप कराया गया तथा परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया गया। डीएम के निर्देशन में जिला विद्यालय निरीक्षक ने परीक्षा के सुचारु संचालन में सहयोग करने वाले सभी संबंधित अधिकारियों, केंद्र व्यवस्थापकों एवं कार्मिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

ब्लॉक राजेपुर का विशेष सचिव राजस्व अतुल वत्स ने किया निरीक्षण

विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

शासन की प्राथमिकताओं एवं आकांक्षात्मक ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के आकांक्षात्मक विकासखंड राजेपुर का विशेष सचिव राजस्व, उत्तर प्रदेश शासन अतुल वत्स ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विकासखंड में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, उप निदेशक कृषि, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक लेते विशेष सचिव मौजूद सीडीओ आदि

विशेष सचिव राजस्व अतुल वत्स ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से उनके विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, विकास कार्यों एवं निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से प्राप्त करने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। मरीजों को समय से उपचार, आवश्यक दवाइयां एवं जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाते हुए संस्थागत प्रसव, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को शासन की योजनाओं का लाभ समय से उपलब्ध कराया जाए। विशेष सचिव ने कहा कि आकांक्षात्मक ब्लॉक के समग्र विकास के लिए सभी संबंधित विभाग निर्धारित संकेतकों पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए राजेपुर विकासखंड को विकास के विभिन्न मानकों पर बेहतर स्थिति में लाने के लिए गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

कायमगंज में प्रगणकों व पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

तहसील कायमगंज स्थित एलवाई डिग्री कॉलेज में 27 अक्टूबर से जनगणना-2027 के अंतर्गत प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उपजिलाधिकारी/उप जिला जनगणना अधिकारी कायमगंज एवं जिला जनगणना प्रभारी अधिकारी द्वारा कार्मिकों की नियुक्ति पत्र, आईडी कार्ड एवं एचएलएल सामग्री वितरित की गई। प्रथम सत्र में कुल 450 प्रगणक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इनमें से कुछ कार्मिकों को नियुक्ति पत्र, आईडी कार्ड एवं एचएलएल सामग्री वितरित की जा चुकी है तथा शेष कार्मिकों को अगले दिन वितरित की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों को जनगणना-2027 की प्रक्रिया, निर्धारित समय-सारिणी एवं कार्यों के सुचारु संचालन के संबंध में जानकारी दी जा रही है। जनगणना कार्य की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण गंभीरतापूर्वक प्राप्त करने तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए गए। जनगणना-2027 की प्रमुख

प्रशिक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी आदि

तिथियाँ स्व-गणना 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक। जनसंख्या गणना 01 दिसंबर से 04 जनवरी 2027 तक। पुनरीक्षण चरण 05 जनवरी से 09 जनवरी 2027 तक। संदर्भ तिथि 05 जनवरी 2027 को रात्रि 12 बजे से जनगणना-2027 एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया है। इसके सफल क्रियान्वयन हेतु सभी संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों की सक्रिय सहभागिता, समयबद्ध कार्यवाही तथा सटीक आँकड़ों का संकलन अत्यंत महत्वपूर्ण है।

भाजपा महिला मोर्चा की जिला कमेटी घोषित

- अर्चना द्विवेदी बनी जिला महामंत्री

नवनियुक्त जिला महामंत्री का स्वागत करती प्रीती तिवारी

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रीती पवन तिवारी ने अपनी जिला कमेटी का विस्तार किया। जिसमें जिला महामंत्री की जिम्मेदारी किरन सिंह, अर्चना द्विवेदी को दी गई है। जिला उपाध्यक्ष सीता भदौरिया, मोनिका गुप्ता, रचना अवस्थी, सुनीता वर्मा, सुमन चौहान, संतोष राजपूत, यशोदा देवी को बनाया गया है। जिला मंत्री की जिम्मेदारी रेखा कश्यप, रेनू त्रिपाठी, मीना मिश्रा, अनीता गंगवार, गायत्री मिश्रा, विनीता पाल, अंजली शुक्ला, अनीता शर्मा को दी गई है। कायमगंज की लक्ष्मी राजपूत को जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया है। जिला मीडिया संयोजक नेहा मिश्रा, व सह मीडिया संयोजक श्रद्धा दुबे को बनाया गया है। कार्यालय मंत्री संगीता शाक्य बनी। आईटी संयोजक अंकीता दुबे को बनाया है। सदस्य की जिम्मेदारी मन्नो बाथम, सरोज राजपूत, नीलम सक्सेना, लक्ष्मीदेवी, सिमरन सिंधी, संगीता कठेरिया, पूनम वर्मा, बेबी सक्सेना, दिशा द्विवेदी, ममता गुप्ता को बनाया गया है। सभी नवीन पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा ने कमेटी को अनुमोदित कर महिला मोर्चा की पदाधिकारियों को बधाई दी है।

समस्याओं को लेकर भाकियू का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

धरने पर बैठे किसान नेता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़। क्षेत्रीय जनता और किसानों की विभिन्न समस्याओं को शासन–प्रशासन तक पहुँचाने और उनके समाधान की माँग को लेकर भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश द्वारा ब्लॉक राजेपुर के अंतर्गत क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया गया है। धरना जिलाध्यक्ष मनोज सिंह परमार के नेतृत्व में शुरू किया गया। किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर कई बार ज्ञापन दिया। ठोस समाधान होने पर धरना शुरु किया गया। उन्होंने कहा कि जब तक मांगें पूर्ण नहीं होगी तब तक धरना जारी रखेंगे। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव राजेश उफबबलू दीक्षित, आशीष उर्फबबलू यादव, जिलाध्यक्ष मनोज सिंह परमार, कुलदीप सिंह चौहान, प्रभात शाक्य, नेत्रपाल सिंह, सुनील गिहार, मुन्ना, लकी खान, रक्षपाल सिंह सोमवंशी, संजय कटेरिया, अनूप मिश्रा, राधा रमन, अरुण त्रिपाठी, अनिल कुमार सिंह, अमित सिंह, विनय सिंह, मानू सिंह, राज बहादुर सिंह, रामकेश, सिराजुद्दीन, नेपाली उपस्थित रहे।

डीएम-एसपी ने प्रारंभिक अर्हता परीक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।

जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक द्वारा उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा पीईटी-2026 की लिखित परीक्षा को सकुशल, सुचितापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत जनपद के परीक्षा केंद्र पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कालेज का निरीक्षण कर जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सी.सी.टी.वी. कैमरों की कार्यशीलता, बैठने की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहन निरीक्षण

कर करते हुए ड्यूटी में लगाए गए अधिकारियों, केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु अधिकारियों/कर्मचारीगण को शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2026 जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों पर शांति एवं सुचितापूर्ण ढंग से संचालित हो रही है।

खबरें एक नजर में

विहिप बजरंग दल के पदाधिकारियों ने किया रक्तदान

रक्तदान करते संस्था के सदस्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा हुतात्मा दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन डॉ0 राम मनोहर लोहिया पुरुष चिकित्सालय ब्लड बैंक में हुआ। उद्घाटन सीएमओ अवनेंद्र कुमार ने किया। जिसमें 25 यूनिट रक्तदान किया गया एवं 25 यूनिट के लिए रजिस्ट्रेशन किये गये। भविष्य में कभी भी जरूरत पड़ने पर रजिस्ट्रेशन वाले कार्यकर्ताओं से संपर्क कर रिक्त प्राप्त किया जा सकता है, इस शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री ऋषभ, विभाग संयोजिका दुर्गा वाहिनी विधि सिंह, जिला अध्यक्ष मुकेश बॉथम, जिला सह मंत्री प्रवीण, अनुज, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र, जिला कोषाध्यक्ष रूवम्गल, जिला सह संयोजक रोहन मिश्रा, योगेंद्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी विनोद, जिला विशेष संपर्क प्रमुख राहुल, जिला गौरक्षा प्रमुख श्रवण दुबे, जिला बालोपासना प्रमुख विशाल, जिला मिलन केंद्र प्रमुख साहिल, फतेहगढ़ प्रखंड अध्यक्ष रिषभ, सह संयोजक नगर निहाल, प्रशांत, सिद्धांत उपस्थित रहे।

क्रिकेट महाकुंभ एफसीपीएल सीजन-16 का 12 नवंबर से होगा आगाज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देशानुसार फर्रुखाबाद जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में फर्रुखाबाद क्रिकेट लीग सीजन-16 का आयोजन किया जा रहा है। महाकुंभ आगामी 12 नवंबर से शहर के ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में खेला जाएगा। एसोसिएशन के सचिव मोहन लाल अग्रवाल ने जानकारी दी है कि प्रतियोगिता में तीन आयु वर्ग अंडर-13, अंडर-15 और अंडर-18 वर्ग के बालकों को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि 5 नवंबर निर्धारित की गई है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य यूपीसी के फॉर्म भरने से पहले खिलाड़ियों की क्षमता का सही आकलन करना है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। इस प्रतियोगिता में चुनी गई टीमों को अन्य जिलों में आयोजित होने वाली बड़ी प्रतियोगिताओं में खेलने का सुनहरा मौका मिलेगा।

समर्थ भारत के प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

उन्नाव। समर्थ भारत (भाऊराव देवरस सेवा न्यास) के तत्वावधान में आज दिनांक 30 अक्टूबर 2026 को पंडित राम शंकर त्रिपाठी सरस्वती विद्या मंदिर, सिविल लाइंस, उन्नाव में प्रशिक्षण केंद्र का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिटी मजिस्ट्रेट मनोज उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमशंकर ने की विद्यालय के प्रबंधक विभाग मिश्रएवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक सुरेश कुमार तथा मुख्य वक्ता के रूप में विभाग प्रचारक अमरजीत जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का गरिमामयी संचालन विद्यालय के निदेशक स्वामीनाथ द्विवेदी ने किया। तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार शुक्ल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया इस अवसर पर वक्ताओं ने समर्थ भारत की गतिविधियों, सामाजिक सहभागिता तथा प्रशिक्षण के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए प्रशिक्षण, जागरूकता और सामूहिक सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावशाली संचालन विद्यालय के निदेशक स्वामीनाथ द्विवेदी ने किया। उन्होंने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाते हुए सभी अतिथियों का परिचय एवं स्वागत कराया तथा विभिन्न वक्ताओं को अपने विचार रखने के लिए आमंत्रित किया।

तहसील बार एसो. के निर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

तहसील सदर बार एसोशिएशन के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। बार काउंसिल ऑफउत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष मुख्य अतिथि अनुराग पाण्डेय ने नवनिर्वाचित कार्यकारणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शुक्रवार को तहसील सदर परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंहुचे बार काउंसिल ऑफउत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष अनुराग पाण्डेय ने तहसील सदर बार एसोशिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामेंद्र कटियार एवं सचिव ओम प्रकाश दुबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव यादव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष होशियार सिंह राजपूत, संयुक्त सचिव हेमराज सिंह राजपूत,

शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद अधिवक्ता

कोषाध्यक्ष राजेश वर्मा, आडिटर संतोष राजपूत, पुस्तकालय मंत्री उमेश सारस्वत, सदस्य रुकमंगल सिंह चौहान, अरविंद दिवाकर, मनोज यादव, सुधीर सक्सेना, राघव शुक्ला, अभिनव गुप्ता, सर्वेश पाल पदाधिकारियों एवं सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। बार काउंसिल ऑफउत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष मुख्य अतिथि अनुराग पाण्डेय ने कहा कि फर्रुखाबाद से उनका विशेष स्नेह रहा है। अधिवक्ता समाज के हितों के लिए वह हमेशा संघर्षरत हैं। अधिवक्ता भाई आपस में एकता और मजबूती के साथ कार्य करें उनका सम्मान ही हमारा सम्मान है। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित कार्यकारणी ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुराग पाण्डेय को माल्यार्पण कर बुके भेंट किया। वहीं नवनिर्वाचित कार्यकारणी का फूल मालाओं से स्वागत कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर एल्डर्स कमेटी अध्यक्ष देव प्रकाश अवस्थी, अनीश सिंह, राहुल दीक्षित, संजीव शाक्य को प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में तहसील अमृतपुर सचिव गजेंद्र सिंह एडवोकेट, कायमगंज एवं जिला बार एसोशिएशन फतेहगढ़ से अरुण मिश्रा, अरुण दुबे, समाजसेवी संजय गर्ग, जुगल किशोर मिश्रा, गणेश दुबे, आशीर्ष उर्फ भईयन मिश्रा, कोमल पाण्डेय एवं विपिन यादव, अतुल मिश्रा, अनूप कटियार, रविनेश यादव, स्वदेश दुबे, धीरज अग्निहोत्री, ऋषि अवस्थी, आशीष मिश्रा, प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति रहीं। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश मंत्री व समाजसेवी संजय गर्ग ने अपने साथियों के साथ तहसील सदर पहुंचकर बार काउंसिल के प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग पाण्डेय का शाल ओड़ाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

द वेलवेट टेबल रेस्टोरेंट एंड कैफे का भव्य शुभारंभ

फतेहपुर। शहर के बिंदकी बस स्टॉप के पास खलील नगर में द वेलवेट टेबल का शुभारंभ किया गया। इस दौरान विधिवत हवन पूजन के साथ आचार्य के उपस्थिति में द वेलवेट टेबल रेस्टोरेंट एंड कैफे का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर संचालक पलक सिंह व अविनाश प्रताप सिंह चंदेल ने बताया कि उनके माता पिता ने फीता कर आशीर्वाद दिया है और अब इस रेस्टोरेंट में जहां लजीज व्यंजनों का लुत्फ़उठाया जा सकता है वही काफी का टेस्ट ऐसा होगा जो शायद फ़तेहपुर जनपद के किसी रेस्टोरेंट और कैफे सेंटर में उसका स्वाद नहीं मिल सकेगा। इस दौरान उन्होंने कहा की उनकी कोशिश होगी की फ़तेहपुर के आम नागरिकों के लिए रेस्टोरेंट में स्वादिष्ट व्यंजनों की जहां व्यवस्था की गई है वहीं गोद भराई,बरीक्षा कार्यक्रम भी लोग पूरी सुविधा के साथ वहां पर कर सकेंगे। इस अवसर पर राघवेंद्र प्रताप सिंह, पिंटू चंदेल, रविंद्र पाल सिंह, अभय सिंह, अभिषेक सोमवंशी, शाश्वत सिंह, नागेंद्र सिंह, अशोक सिंह, किरण सिंह, शशि ठाकुर, इंदु सिंह, छोटू सिंह, शशांक, मनीष प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

आबकारी अधिकारी ने 38 लीटर शराब किया बरामद

समृद्धि न्यूज,उन्नाव।

जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र ने बताया कि आबकारी आयुक्त महोदय उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक संयुक्त आबकारी आयुक्त महोदय लखनऊ जोन, उप आबकारी आयुक्त लखनऊ प्रभार द्वारा अवैध शराब की बिक्री व तस्करी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान में दिये गए निर्देशों के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र के नेतृत्व में को निशांत सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 4 पुरवा व स्थानीय पुलिस स्टाफके साथ थाना पुरवा अंतर्गत ग्राम मंगतखेड़ा तथा थाना मौरावां अंतर्गत ग्राम देवमई व

संगौली में छापेमारी के दौरान कुल 38 लीटर कच्ची शराब बरामद कर एक अभियुक्ता को गिरफ्तार कर थाना मौरावां में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही की गई।

फैजान रिजवी बने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष

- नौ साल के संगठनात्मक सफर के बाद मिली बड़ी जिम्मेदारी
- पार्टी नेतृत्व जताया आभार बोले, पूरी समर्पण के साथ दायित्व का करेंगे निर्वहन : फैजान

समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।

भारतीय जनता पार्टी ने जिले के फैजान रिजवी को। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तर प्रदेश का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की स्वीकृति से घोषित नई प्रदेश टीम में उन्हें यह अहम जिम्मेदारी दी गई है। इससे पहले फैजान रिजवी मोर्चा में प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी और मीडिया प्रभारी के रूप में लगातार सक्रिय रहे हैं। संगठन में लगभग नौ वर्षों के अनुभव के बाद उन्हें पदोन्नत कर प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। फैजान का राजनीतिक सफर छात्र जीवन से शुरू हुआ। 2013 में वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद फ़तेहपुर की जिला कार्य समिति में रहे। 2014 में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच में जिला संयोजक बने और इसी दौरान भाजपा से जुड़े।

2018 से वह अल्पसंख्यक मोर्चा में प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी के तौर पर सक्रिय हैं। नियुक्ति के बाद फैजान ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ दायित्व का निर्वहन करेंगे।

उनकी प्राथमिकता अल्पसंख्यक समाज के बीच संगठनात्मक संवाद मजबूत करना, पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना और युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ना होगी।

चुनावों में निभाई जिम्मेदारी फैजान ने 2019 लोकसभा चुनाव में कौशांबी-फ़तेहपुर, 2022 विधानसभा चुनाव में ललितपुर, 2024 लोकसभा चुनाव में कानपुर लोकसभा में प्रवासी कार्यकर्ता और सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव में संगठन की जिम्मेदारी निभाई। 2022 विधानसभा और 2023 नगर पालिका चुनाव में भी प्रचार-प्रसार में सक्रिय रहे। लाल चौक पर वंदे मातरम् गायन फैजान की सार्वजनिक गतिविधियों में राष्ट्रभक्ति से जुड़े कार्यक्रम भी रहे हैं।

उपलब्ध तस्वीर के अनुसार उन्होंने श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक पर वंदे मातरम् का गायन किया था। कोरोना काल में उन्होंने जरूरतमंदों तक भोजन, पानी, मास्क-सैनिटाइजर पहुंचाने और मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में सहायता की। 2025 में वक्फ संशोधन जनजागरूकता अभियान में भी उन्होंने भागीदारी की।

अहिल्या उद्धार, नगर दर्शन व फुलवारी लीला का किया मंचन

समृद्धि न्यूज, बांगरमऊ उन्नाव।

कस्बा गंजमुरादाबाद में चल रहे श्री रामलीला महोत्सव के तीसरे दिन आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कलाकारों ने अहिल्या उद्धार, नगर दर्शन और फुलवारी लीला का सजीव मंचन कर दर्शकों को भाव- विभोर कर दिया। कथा के अनुसार भगवान श्रीराम और लक्ष्मण अपने आराध्य गुरु महर्षि विश्वामित्र के साथ जनकपुर की ओर प्रस्थान कर रहे थे। मार्ग में एक शांत, निर्जन और वीरान आश्रम को देखकर श्रीराम के मन में जिज्ञासा उत्पन्न हुई। जिसमें गुरु विश्वामित्र ने बताया कि यह महर्षि गौतम का आश्रम है, जहां देवराज इंद्र के छल से कुपित होकर महर्षि ने देवी अहिल्या को पाषाण बन जाने का शाप दिया था। साथ ही करुणा वश यह वरदान भी दिया था कि त्रेता में दशरथ नंदन श्रीराम के पावन चरणों की रज पाकर ही उनका उद्धार होगा।जैसे ही मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की चरण-रज उस पाषाण शिला पर पड़ी, क्षण भर में शाप मुक्त होकर अहिल्या अपने दिव्य स्वरूप में प्रकट हो गईं। नेत्रों में अश्रु और हृदय में श्रद्धा लिए अहिल्या ने प्रभु श्रीराम की स्तुति कर सादर प्रणाम किया। इसके पश्चात महर्षि गौतम से उनका भावपूर्ण पुनर्मिलन हुआ।

ट्रक ने दो को कुचला एक की मौत, दूसरा घायल

समृद्धि न्यूज, बांगरमऊ उन्नाव।

अंतिम संस्कार से लौटना दो भाइयों के लिए आखिरी सफर बन गया।क्षेत्र के लखनऊ मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार दो सगे भाइयों को कुचल दिया। हादसे में छोटे भाई की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल होकर कानपुर के हैलट अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है। स्कूटी ट्रक में फंस कर लगभग तीन किलोमीटर तक ट्रक चालक भाग गया स ग्रामीणों व पुलिस ने पीछा कर ट्रक पकड़ लिया स लेकिन ट्रक चालक फरार हो गया। थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के ग्राम रूरी सादिकपुर निवासी 45 वर्षीय रामकिशन पुत्र बेचेलाल अपने बड़े भाई प्रमोद के साथ गांव के ही एक व्यक्ति की मौत के बाद अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए स्कूटी से क्षेत्र के नानामऊ गंगा घाट गए हुए थे। अंतिम संस्कार के बाद दोनों भाई स्कूटी से अपने घर लौट रहे थे। बांगरमऊ लखनऊ मार्ग पर स्थित ग्राम मुस्तफाबाद में पीछे से आ रहे तेज रफ्तार लकड़ी लदे ट्रक ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी ट्रक के पहियों के नीचे आ गई और ट्रक में फंस गई ट्रक चालक लगभग तीन किलोमीटर तक ट्रक लेकर भागता रहा । ग्रामीणों व पुलिस द्वारा पीछा करते देख ट्रक चालक ट्रक खड़ा कर कूद कर भाग गया । हादसे में रामकिशन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि प्रमोद गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल प्रमोद 50 वर्ष को सरकारी एम्बुलेंस से यहाँ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद प्रमोद की हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उसे कानपुर हैलेट रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चन्द्र पाण्डेय ने बताया कि घटना से संबंधित ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। चालक मौके से फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है। तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

विधायक के सुपुत्र ने फीता काटकर किया शुभारंभ

उन्नाव। कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के श्रीमुख से 30 अक्टूबर से 5 नवंबर 2026 तक एनएच-31, गौरी बीघापुर, उन्नाव में आयोजित हो रही श्री शिव महापुराण कथा में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा नि:शुल्क बस सेवा की व्यवस्था की गई है। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री अरुण सिंह जी के आयोजन में हो रही इस दिव्य एवं भव्य कथा में क्षेत्र के अधिक से अधिक श्रद्धालु सुगमतापूर्वक पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की अमृतमयी कथा का श्रवण कर सकें, इसी उद्देश्य से विधायक ने यह सेवाभावी पहल की है।इसी क्रम में गांधी नगर तिराहा, उन्नाव पर स्थापित नि:शुल्क बस सेवा कैंप का सदर विधायक पंकज गुप्ता के सुपुत्र प्रखर गुप्ता ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए जलपान की समुचित व्यवस्था भी की गई।

जिलाधिकारी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

उन्नाव। जिलाधिकारी घनश्याम मीना द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जय प्रकाश सिंह की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा को सकुशल और शांतिपूर्ण शुचिता पूर्ण ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत पूर्वान्ह 10 बजे से 12 बजे तक प्रथम पाली में आयोजित परीक्षा, के परीक्षा केंद्र राजकीय बालिका इंटर कालेज मोतीनगर, माउंट लिट्रा जी स्कूल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने इस अवसर सेक्टर मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा को सकुशल शांतिपूर्ण पारदर्शी और शुचिता पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए । कहा किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो गहन चेकिंग किया जाए । जिलाधिकारी ने सीसी टीवी फुटेज स्ट्रांग रूम स्कैनिंग की व्यवस्थाओं को देखा और ड्यूटी पर लगे अधिकारियों को सक्रिय रूप से कार्य किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सम्बन्धित विद्यालय के सेक्टर मजिस्ट्रेट स्टेटिक मजिस्ट्रेट केंद्र व्यवस्थापक सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

परिवारिक कलह के चलते युवक ने की आत्महत्या

कुड़वार सुल्तानपुर। घर के अंदर पंखे के हुक में साड़ी के सहारे युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के खरगिनपुर गांव से जुड़ा है। जहां गुरुवार देर शाम गांव निवासी विनोद गौतम(25)पुत्र अक्कू उर्फ नन्हे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।जानकारी के अनुसार सुबह पति पत्नी में कुछ विवाद हुआ था जिसके बाद पत्नी मायके चली गई थी।सूचना पर उपनिरीक्षक बच्चा राम ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।मृतक के अभी कोई बच्चे नहीं थे।प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

मेला देखने गई किशोरी लापता, नामजद मुकदमा दर्ज

भदैयां सुलतानपुर। कोतवाली देहात के नदी किनारे बसे एक गांव से मेला देखने निकली 17 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। देर रात तक बेटी के घर नहीं लौटने पर परिजनों में खलबली मच गई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला तो मां ने गांव के ही एक युवक पर बेटी को अगवा करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली देहात क्षेत्र के इस गांव की रहने वाली महिला के मुताबिक, 27 अक्टूबर की शाम करीब छह बजे उसकी बेटी गांव के कुछ बच्चों के साथ मेला देखने सुलतानपुर गई थी। परिवार को उम्मीद थी कि वह कुछ देर में लौट आएगी, लेकिन रात बीतने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। पहले परिजनों ने अपने स्तर से तलाश की और परिचितों से जानकारी जुटाई। इसी दौरान मां को पता चला कि गांव का ही रविंद्र उर्फ अन्ना पुत्र देवमित्र उसकी बेटी को अपने साथ ले गया है। इसके बाद पीडित की परिजन महिला ने कोतवाली देहात पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। मां ने बेटी की सकुशल बरामदगी और आरोपित युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मेला देखने निकली किशोरी के अचानक लापता होने से परिवार परेशान है। अब परिजनों को पुलिस की कार्रवाई और बेटी की सकुशल वापसी का इंतजार है। कोतवाल धर्मवीर सिंह ने दूरभाष पर बताया कि तहरीर मिली जाँच पडताल की जा रही है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से सफाईकर्मी घायल

चांदा सुल्तानपुर। तमरसेपुर गांव के पास लखनऊ वाराणसी फोरलेन हाईवे पर टोल प्लाजा के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार सफाई कर्मी घायल हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल की पहचान तमरसेपुर निवासी 42 वर्षीय दीपक शर्मा पुत्र राजनाथ शर्मा के रूप में हुई है। वह विकासखंड प्रतापपुर कमैचा के मदारडीह गांव में सफाई कर्मी के पद पर तैनात हैं। बताया जाता है कि वह चांदा से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

केवीके कालाकांकर में पीएम किसान उत्सव का सजीव प्रसारण

कुंडा-प्रतापगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के बनासकांठा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान देश के किसानों को बड़ी सौगात दी। प्रधानमंत्री ने डीबीटी के माध्यम से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी की। इसके तहत देश के 9.34 करोड़ से अधिक पात्र किसानों के बैंक खातों में 18,690 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे हस्तांतरित की गई। इस कार्यक्रम का कृषि विज्ञान केंद्र कालाकांकर में श्प्रधानमंत्री किसान उत्सव दिवसश् का आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर लगभग 152 स्थानीय किसानों ने उपस्थित होकर लाइव प्रसारण देखा और योजना से जुड़ी जानकारियां प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के प्रभारी श्री प्रदीप कुमार और बीटीएम जगदंबिका प्रसाद तिवारी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि जिन पात्र किसानों की किस्तें किसी वजह से रुकी हुई हैं। जल्द अपनी ई-केवाईसी, फार्मर रजिस्ट्री और पीएम-किसान पोर्टल पर विवरण अपडेट करा लें। ताकि उन्हें आगामी किस्तों का लाभ मिल सके।

ट्रांसफर के बाद भी कुर्सी नहीं छोड़ रहे जेई

कुंडा-प्रतापगढ़। पीडब्ल्यूडी का जूनियर इंजीनियर दुर्गा प्रसाद पाल बाबागंज ब्लाक से ट्रांसफर होने के बावजूद भी अपनी कुर्सी पर अंगद की तरह पर जमाएं हुए हैं। धमोहन गांव निवासी ओम प्रकाश त्रिपाठी ने अधिशासी अभियंता से मांग की है कि स्थानांतरित जेई को तत्काल बाबागंज से पद मुक्त कराएं।

मौसम की मार से कुम्हारों के व्यवसाय पर संकट के बादल

कुंडा-प्रतापगढ़। दीपावली के पवित्र पर्व के अब चंद दिन ही बच्चे हैं। माटी कला के प्रशिक्षित कुम्हारों के व्यवसाय पर संकट के बदले मणरा रहे हैं। इस वर्ष कैसे मिट्टी के दिए पर्व पर जलेंगे। स्वजातीय पेशेवरों ने मिट्टी के कच्चे दिए तो तैयार कर लिए हैं, लेकिन अब उन्हें पकाने की गंभीर चुनौती है। बीते चार दिनों से आसमान में बादल छाए हुए हैं, शुक्रवार की बरसात ने तो कोढ़ में खाज वाली कहावत चरितार्थ कर दी। अब तो मौसम साफभी हो जाए तो भी वातावरण में नमी होने के कारण गीले दिए को सूखनें के लिए समय चाहिए। जब तक दिए सूखेंगे नहीं तब तक उन्हें भट्ठी में पकाया नहीं जा सकता है। समय से दिए के सूखने कि अब संभावनाएं कम लग रही है। अब तो ऐसा लगता है कि दीपक से दिवाली नहीं जगमगाएगी। कुम्हारों का व्यवसाय चौपट होने से आर्थिक नुकसान भी होगा। मानिकपुर नगर क्षेत्र के कुम्हारों के मोहल्ला इनायतगंज निवासी उमाशंकर प्रजापति, शिवमंगल प्रजापति, महेश कुमार प्रजापति, राम लखन प्रजापति, कृपा शंकर प्रजापति, दयाशंकर प्रजापति, विजय शंकर प्रजापति सुनील प्रजापति समेत अन्य स्वाजातियों ने बताया कि हम लोगों ने बड़ी मात्रा में मिट्टी के कच्चे दिए तैयार कर लिए हैं, लेकिन सूखने व पकाने की समस्या के कारण हम लोगों का व्यवसाय चौपट हो रहा है। दियों के उपलब्ध होने के कारण माता लक्ष्मी व भगवान गणेश के पूजन अर्चन के लिए लोगों को अन्य विकल्पों की तलाश करनी पड़ेगी। अगर आज से तेज धूप निकल आती है, तो शायद कुछ क्षतिपूर्ति हो जाए। जैसी लक्ष्मी जी वी गणेश जी की कृपा होगी, वैसे ही दिवाली होगी।

जिला कारागार में महिला बंदियों ने मनाया करवाचौथ

प्रतापगढ़। जिला कारागार में भारतीय संस्कृति और पर्वों की मिठास जेल की चारदीवारी के भीतर भी पूरी भव्यता के साथ देखने को मिली। गत 29 अक्टूबर को करवा चौथ के पावन अवसर पर जिला कारागार के प्रांगण में महिला बंदियों ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह पर्व बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस विशेष अवसर पर कुल 14 महिला बंदियों ने पूरे विधि-विधान से उपवास रखा और कारागार में ही निरुद्ध अपने पतियों की लंबी उम्र के लिए पूजा-अर्चना की। इस दौरान जेल परिसर में पारंपरिक मंगलकारी गीत भी गूंजे, जिससे पूरा वातावरण धार्मिक और सांस्कृतिक रंग में रंग गया। बंदियों के चेहरे पर श्रद्धा और उल्लास का एक अलग ही माहौल देखने को मिला, जिससे उन्हें अपने परिवार की कमी का अहसास कम हुआ।इस अनूठे और भावनात्मक आयोजन के दौरान जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी, जेलर वीरेन्द्र कुमार वर्मा, डिप्टी जेलर लालाराम वर्मा, कमलेश कुमार, शारदा देवी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे, जिन्होंने इस आयोजन को व्यवस्थित और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में सहयोग दिया।

जिलाधिकारी ने सेन्ट एन्थोनी इण्टर कॉलेज में जनगणना-2027 के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।

जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने सेन्ट एन्थोनी इण्टर कॉलेज में आयोजित जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण शिविर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को दिए जा रहे प्रशिक्षण की गुणवत्ता, व्यवस्थाओं और प्रशिक्षणार्थियों को मिल रही जानकारियों का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी प्रगणकों और पर्यवेक्षकों से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता, सजगता और तत्परता से प्राप्त करें ताकि फील्ड में कार्य के दौरान कोई कठिनाई न आए। उन्होंने स्वगणना और घर-घर जाकर जनसंख्या गणना करने की प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली और निर्देश दिए कि जनगणना निदेशालय के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन हो।जिलाधिकारी ने प्रशिक्षणार्थियों की शंकाओं का समाधान भी किया और आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए इस पूरी प्रक्रिया को शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने पर जोर दिया।

डीएम ने एफएलसी कार्य एवं ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण

प्रतापगढ़। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के क्रम में आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों को गति देते हुए पूरेकेशवराय स्थित ईवीएम गोदाम के एफएलसी हॉल में चल रही फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) की प्रक्रिया राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने इस एफएलसी कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ईवीएम की जांच प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता बरती जाए तथा निर्वाचन आयोग के प्रोटोकॉल का शत-प्रतिशत अनुपालन हो। इसके साथ ही, डीएम ने पूरेकेशवराय स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का अक्टूबर माह का नियमित निरीक्षण भी किया और सुरक्षा व्यवस्था व रख-रखाव का जायजा लिया।प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, आगामी 31 अक्टूबर और 01 नवंबर 2026 को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम का मॉक पोल कराया जाएगा, जिसकी सूचना पहले ही दलों को प्रेषित की जा चुकी है।

आशा बहुओं व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दी गई स्व-जनगणना ऐप की ट्रेनिंग

रानीगंज-प्रतापगढ़। तहसील के अंतर्गत शिवगढ़ ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र की आशा बहुओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को श्स्व-जनगणना ऐपश् डाउनलोड करने और उसके प्रभावी इस्तेमाल की विस्तृत ट्रेनिंग दी गई। खंड विकास अधिकारी शिवगढ़, संजय नारायण झा ने बताया कि आगामी 16 दिसंबर से बीएलओ घर-घर जाकर जनगणना का कार्य शुरू करेंगे। इस प्रक्रिया के तहत सभी आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पहले खुद अपना स्व-जनगणना डेटा दर्ज करना होगा। साथ ही, उन्हें यह भी निर्देश दिए गए कि वे गांवों में लोगों को इस ऐप के प्रति जागरूक करें, ताकि आम नागरिक भी ऐप डाउनलोड कर अपने परिवार की जानकारी खुद दर्ज कर सकें।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर श्यामली सिंह, एकता सिंह, एएनएम श्वेता शर्मा, दीपिका सक्सेना, संगिनी आरती मिश्रा, अर्चना मिश्रा और प्रमुख रूप से आशा कार्यकर्ता दुर्गा पांडेय, अर्चना त्रिपाठी, गुलतारा, लालती पटेल व बबीता पटेल सहित बड़ी संख्या में ब्लॉक की आशा बहुएं और आंगनवाड़ी कर्मचारी उपस्थित रहीं।

मारपीट में घायल अधिवक्ता की इलाज के दौरान रायबरेली अस्पताल में मौत

- प्रयागराज, लखनऊ व रायबरेली अस्पताल में चला था इलाज
- शव के घर पहुंचने पर परिजनों में मचा कोहराम

समृद्धि न्यूज़, कुंडा-प्रतापगढ़।

रास्ते और नाली के विवाद को लेकर पारिवारिक मारपीट में गंभीर रूप से घायल अधिवक्ता आशिक अली का इलाज के दौरान अस्पताल में शुक्रवार को मौत हो गई। देर शाम शव के घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के बरई लोहरा बाग दर्जियान गांव निवासी मोहम्मद आशिक अली 48 वर्ष पुत्र मोहम्मद अली एडवोकेट कुंडा तहसील में लीगल प्रैक्टिशनर थे। वह चार भाइयों में सबसे छोटे व अविवाहित थे। अपने बड़े भाई मुख्तार अहमद के साथ रहते थे। उनके पारिवारिक सदस्य मोहम्मद कलीम व मो शमीम से घर के पास नाली व रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। बीते 27 अक्टूबर को विवादित जमीन को लेकर दोनों पक्षों में वाद-विवाद हो गया। विपक्षी कलीम ने अपने अन्य सहयोगियों को बुला लिया। मारपीट में दोनों पक्ष चोटिल हो गए। मारपीट के दौरान अधिवक्ता आशिक अली जमीन पर गिर गए, तो हमलावरों ने लकड़ी की लाठी व लोहे की राड से सिर व आंख को फोड़ डाला। अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण घटनास्थल पर ही आशिक अली मरणासन्न अवस्था में हो गए। इलाज के लिए तत्काल प्रयागराज ले जाया गया। जहां से जवाब होने पर दूसरे दिन लखनऊ के मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। वहां से भी जवाब होने पर तीसरे दिन रायबरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान चौथे दिन आशिक अली की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार देर शाम शव के घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। बेटे 28 अक्टूबर को जानकारी पर अधिवक्ताओं का आक्रोश भड़क उठा। तहसील में तालाबंदी करते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आरोपी के घर बुलडोजर चलाने की मांग की। जिससे पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। तत्काल वादी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफमारपीट के संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपी मोहम्मद कलीम, मोहम्मद शमी व मोहम्मद कैफको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मौत की जानकारी पर मारपीट को हत्या की धारा में बढ़ोत्तरी करते हुए शुक्रवार को चौथे आरोपी शमशाद अहमद उर्फ रानू पुत्र मोहम्मद नसीम को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पांचवां आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। मृतक के शव को शनिवार को बरई के कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। देखना है आक्रोशित अधिवक्ता हत्यारोपियों के घर पर बुलडोजर से घर गिरवाने का क्या निर्णय लेते हैं।

जीवन को सार्थक बनाती है निष्काम भक्तिः स्वामी राघवाचार्य महराज

- रानीगंज क्षेत्र के बीठलपुर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महापुराण का समापन

समृद्धि न्यूज़, रानीगंज-प्रतापगढ़।

क्षेत्र के बीठलपुर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महापुराण का सातवें दिन विधि-विधान के साथ समापन हुआ। इस सात दिवसीय धार्मिक आयोजन के अंतिम दिन कथा व्यास जगद्गुरु स्वामी श्री राघवाचार्य जी महाराज ने सुदामा चरित्र और भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का अत्यंत मनमोहक वर्णन किया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। अपने प्रवचन में महाराज श्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता निस्वार्थ प्रेम, समर्पण और सच्ची भक्ति का एक अनुपम उदाहरण है। उन्होंने रेखांकित किया कि सुदामा की गरीबी उनके प्रेम और आत्मसम्मान के आड़े नहीं आई। भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा द्वारा दिए गए मुट्ठीभर चावल को स्वीकार कर संपूर्ण संसार को यह गहरा संदेश दिया कि ईश्वर कभी भी धन-दौलत नहीं, बल्कि भक्त का निर्मल और सच्चा भाव देखते हैं। महाराज ने आगे कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल सुनने का माध्यम भर नहीं है, बल्कि यह सदाचार, सेवा, प्रेम और परोपकार का सच्चा रास्ता दिखाने वाला पावन ग्रंथ है। उनके अनुसार, भगवान पर अटूट विश्वास और निष्काम भक्ति से ही मनुष्य का जीवन सार्थक बनता है। कथा के दौरान पूरा पंडाल 'श्रीकृष्ण भगवान की जय' के जयकारों और सुमधुर भजनों से गूंजता रहा। इस सात दिवसीय आयोजन से बीठलुप और आसपास के पूरे इलाके का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। इस भव्य आयोजन के मुख्य यजमान पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो. शिवालिकांत ओझा और डॉ. माधुरी ओझा रहे। कथा में क्षेत्र के तमाम श्रद्धालुओं और गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कथा संयोजक एवं पूर्व प्रमुख पूर्णाशू श्यामू ओझा ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान डॉ. निशाकांत ओझा, सत्यांश ओझा, डॉ. दिव्यांश ओझा, कलाकांत ओझा, देवेश प्रताप सिंह, अशोक मिश्र और महेंद्र पांडेय सहित कई अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

दो थानों में डीजे पर दर्ज हुई एफआईआर जबकि अन्य में नहीं हुई कोई कार्रवाई

- विसर्जन शोभा यात्रा में डीजे कम्पटीशन से जुड़ा मामला

सुल्तानपुर। जिले में सम्पन्न हुए दुर्गा पूजा महोत्सव में डीजे बजाने पर नगर कोतवाली व कुड़वार थाने में तो कई डीजे संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई। लेकिन जिले के बल्दीराय,बंधुआ कला,लंभुआ व दोस्तपुर में डीजे कम्पटीशन कर शोर मचाने वालों के खिलाफ अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बता दे शारदीय नवरात्र से शुरू हुए दुर्गा पूजा महोत्सव में जिले के कुछ हिस्सों में दशहरा को, कुछ जगह द्वादशी को तथा पूर्णिमा को विसर्जन शोभा यात्रा निकली थी।तेज ध्वनि,बेस व वाइब्रेशन के साथ सबसे पहले दशहरा को लंभुआ में डीजे का कम्पटीशन हुआ लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।उसके बाद द्वादशी से दोस्तपुर में शुरू हुए विसर्जन शोभा यात्रा में जमकर आदेशों का उल्लंघन डीजे संचालकों ने किया लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही की गई।पूर्णिमा को बंधुआ कला थाना क्षेत्र के अलीगंज कस्बे में दिन में निकली शोभा यात्रा में जमकर डीजे कम्पटीशन हुआ लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।बल्दीराय थाना क्षेत्र में पूर्णिमा के दिन निकली विसर्जन शोभा यात्रा में डीजे संचालकों द्वारा कंपटीशन किया गया लेकिन पुलिस विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। केवल नगर कोतवाली में उपनिरीक्षक अविनाश चंद्र व कुड़वार में उपनिरीक्षक अम्बरीश पाठक द्वारा तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।जबकि 28 दिसंबर को विसर्जन शोभा यात्रा के दिन कुड़वार कस्बे में डीआईजी सोमेन वर्मा, एसपी विनीत जायसवाल सहित अन्य अधिकारियों ने भ्रमण किया था।

कल दिल्ली में लोकतंत्र बचाने के लिए जुटेंगे 10 लाख लोगः राजेश तिवारी

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राजेश तिवारी ने एक नवंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाले आंदोलन में शामिल होने के लिए लोगों से अपील की है। उन्होंने दावा किया कि लोकतंत्र बचाने की लड़ाई में दिल्ली में 10 लाख लोग जुटेंगे और सुल्तानपुर से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता आंदोलन में भाग लेंगे। राजेश तिवारी ने आरोप लगाया कि मोदी और शाह के इशारे पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एसआईआर के नाम पर लाखों लोगों को मताधिकार से वंचित किया है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी वोट चोरी के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहे हैं। उनके आह्वान पर देशभर में लोग एकजुट हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आंदोलन को दबाने का प्रयास कर रही है, लेकिन इसमें सफल नहीं होगी। तिवारी ने एक नवंबर को दिल्ली में होने वाले आंदोलन को लोकतंत्र बचाने की निर्णायक लड़ाई बताते हुए इसे जनआंदोलन बनाने की अपील की।

विधिक सेवा एवं जागरूकता शिविर में योजनाओं की दी गई जानकारी

चांदा। विकासखंड प्रतापपुर कमैचा के ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से प्री विधिक सेवा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार ने की। शिविर में निर्धन, दिव्यांग, महिलाओं, बालिकाओं, असहायों तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही पात्र व्यक्तियों को चिह्नित कर योजनाओं का लाभ दिलाने और विधिक सेवाओं के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया। इस मौके पर प्रभारी एडीओ पंचायत हरिकेश कनौजिया, सचिव रमेश चंद्र यादव, बीर बहादुर, लेखाकार दीपक यादव, शैलेंद्र सिंह, राकेश यादव, लाल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पटाखा दुकानों का निरीक्षण कर लाइसेंस व सुरक्षा मानकों की जांच

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।

दीपावली त्योहार को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने पटाखा दुकानों की जांच शुरू कर दी है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर राघवेंद्र सिंह और एसडीएम सदर गरिमा सोनकिया ने कोतवाली नगर एवं बंधुआकलां थाना क्षेत्र में संचालित पटाखा दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने दुकानों के लाइसेंस और संबंधित अभिलेखों की जांच की। दुकानदारों को निर्धारित नियमों एवं सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने पटाखों के भंडारण और बिक्री के दौरान विशेष सावधानी बरतने के साथ ही अग्निशमन सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम रखने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान जनसुरक्षा से किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

पीपी कमैचा में संजय कुमार सिंह अध्यक्ष व डॉ. विनय प्रजापति मंत्री निर्विरोध निर्वाचित

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई पीपी कमैचा का त्रैवार्षिक अधिवेशन एवं शिक्षक सम्मेलन आयोजित हुआ। इस दौरान ब्लॉक इकाई का निर्वाचन संपन्न कराया गया। कुल 409 मतदाताओं वाली इकाई में अध्यक्ष पद पर संजय कुमार सिंह और मंत्री पद पर डॉ. विनय प्रजापति ने नामांकन दाखिल किया। दोनों पदों पर एक-एक नामांकन प्राप्त होने तथा जांच में वैध पाए जाने के बाद निर्वाचक कमेटी ने दोनों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। निर्वाचन में जिला संगठन मंत्री विपिन कुमार यादव पर्यवेक्षक, जिला उपाध्यक्ष राजीव कुमार यादव मतदान अधिकारी और जिला मीडिया प्रभारी डॉ. चन्द्रपाल राजभर की भूमिका रही। जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए शिक्षक हितों के लिए संगठन को मजबूत बनाने की अपेक्षा जताई। जिला मंत्री राम आशीष मौर्य ने भी शुभकामनाएं दीं। सम्मेलन में बड़ी संख्या में शिक्षक एवं संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे।

एक नवंबर को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लगाएगा जागरूकता शिविर

सुलतानपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से एक नवंबर को पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार में एक दिवसीय जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। रविवार को सुबह 10 बजे से शुरू होने वाले शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना और उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने में सहायता करना है। शिविर में प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, दिव्यांगजन अधिकार योजना, मिशन शक्ति, किसान सम्मान निधि, छात्रवृत्ति योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं सुरक्षा बीमा योजना की जानकारी दी जाएगी।

बारिश पर भारी पड़ी आस्था, कलश यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा बल्दीराय, पीले वस्त्रों में सजीं महिलाओं ने निकाली यात्रा

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।

आसमान से बरसती मूसलाधार बारिश भी श्रद्धालुओं की आस्था नहीं डिगा सकी।इसौली विधानसभा क्षेत्र में निकली भव्य कलश यात्रा में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। सिर पर कलश धारण किए पीले वस्त्रों में सजीं माताओं-बहनों के जय श्रीराम के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।बल्दीराय तहसील क्षेत्र के सिंहनी गांव स्थित अमृत गार्डेन में पूज्य राजन जी महाराज की श्री सीताराम कथा के शुभारंभ से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई।

यात्रा गनापुर से पारा बाजार होते हुए इसौली गांव स्थित गोमती नदी के निजामुद्दीन पावन तट पहुंची। वहां से पारा बाजार, गनापुर, बल्दीराय और बहुरावां होते हुए श्रद्धालु कथा स्थल अमृत गार्डेन, सिंघनी पहुंचे। मूसलाधार बारिश के बीच भी श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बना। महिलाएं सिर पर कलश रखकर यात्रा में शामिल रहीं। प्रभु श्रीराम के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।बहुरावां बाजार के निकट संझौवा मोड़ स्थित अमृत गार्डेन सिंहनी में आज से सात नवंबर तक श्री सीताराम कथा का आयोजन होगा। आयोजन की प्रमुख जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह और बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का आभार जताया।